
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 246 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 15 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## यूट्यूब पर योग प्रसारण का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले आयुष मंत्रालय ने एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है। मंत्रालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर आयोजित लाइव योग सत्र में 4,35,831 सत्यापित दर्शकों ने भाग लिया, जो 2024 के 2,46,252 दर्शकों के पिछले रिकॉर्ड से काफी अधिक है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने इसे योग की वैश्विक स्वीकार्यता और स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया।

## हिमाचल में शुरू हुई ड्रोन आधारित डाक सेवा

भारतीय डाक विभाग ने हिमाचल प्रदेश के मंडी-रेहरधार मार्ग पर ड्रोन आधारित डाक और पार्सल सेवा शुरू की है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अब दुर्गम क्षेत्रों में घंटों का सफर मात्र सात मिनट में पूरा होगा। उन्होंने इसे ग्रामीण क्षेत्रों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं, सिंधिया ने असम में एएन-32 विमान दुर्घटना में शहीद हुए पांच वायु योद्धाओं को श्रद्धांजलि भी दी।

## पीओके में प्रदर्शन से पाकिस्तान की बढ़ी मुश्किलें

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जारी प्रदर्शनों से पाकिस्तान सरकार दबाव में है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने प्रदर्शनकारियों से आंदोलन समाप्त करने की अपील करते हुए कहा कि इससे पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित हो रही है। पीओके के कई क्षेत्रों में बाजार बंद हैं, इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं और जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## ब्रिटेन ने रूसी तेल टैंकर को रोका

ब्रिटेन ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस पर दबाव बढ़ाते हुए इंग्लिश चैनल से गुजर रहे रूसी 'शैडो फ्लीट' के एक तेल टैंकर को रोक दिया। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि यूक्रेन युद्ध को समर्थन देने वालों को कहीं भी छिपने नहीं दिया जाएगा। छह घंटे चले संयुक्त अभियान में रॉयल मरीन और सुरक्षा एजेंसियों ने कार्रवाई कर जहाज को इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर रोक दिया।

# नीस में राष्ट्रपति मैक्रों से मिले पीएम मोदी, 'भारत इनोवेट्स 2026' में नवाचार और निवेश पर हुई सार्थक चर्चा

**समाज जागरण**

नीस (फ्रांस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के शहर नीस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से भेंट कर प्रसन्नता व्यक्त की। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारत और फ्रांस के बीच नवाचार, प्रौद्योगिकी तथा निवेश के क्षेत्र में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर राष्ट्रपति मैक्रों के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि दोनों देशों द्वारा मनाए जा रहे 'नवाचार वर्ष' (ईयर ऑफ इनोवेशन) के दौरान उनसे मिलना अत्यंत सुखद रहा। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए राष्ट्रपति मैक्रों का आभार भी व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'भारत इनोवेट्स 2026' में हुई चचाएँ अत्यंत समृद्ध, ज्ञानवर्धक और उपयोगी रहीं। उन्होंने निवेशकों, उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) क्षेत्र के प्रतिनिधियों तथा उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों के साथ भारत में नवाचार, प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और उभरते क्षेत्रों में उपलब्ध व्यापक संभावनाओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया।

उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा प्रतिभा, व्यापक कार्यक्षमता, स्थायित्व तथा निरंतर सुधारों से संचालित हो रही है। यही कारण है कि भारत आज निवेश और नवाचार के लिए विश्व का एक विश्वसनीय एवं आकर्षक केंद्र बनकर उभरा है।



### 120 भारतीय नवप्रवर्तकों और 500 से अधिक निवेशकों की सहभागिता

भारत सरकार तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की पहल 'भारत इनोवेट्स 2026' में देश के 120 नवप्रवर्तकों, 15 उच्च शिक्षण संस्थानों तथा 500 से अधिक निवेशकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख कॉर्पोरेट समूहों, उद्यम पूंजी फर्मों, वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों तथा उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। विशेषज्ञों का मानना है कि इस आयोजन से वैश्विक नवाचार तंत्र के साथ भारत का जुड़ाव और अधिक गहरा होगा तथा प्रौद्योगिकी आधारित विकास एवं उद्यमिता के क्षेत्र में भारत की स्थिति और सुदृढ़ होगी।

### जी-7 शिखर सम्मेलन में भी होंगे शामिल

फ्रांस प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। नीस के पश्चात वे स्लोवाकिया की यात्रा पर जाएंगे, जहाँ दो दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। इसके उपरांत वे पेरिस पहुँचकर जी-7 देशों एवं सहयोगी राष्ट्रों के नेताओं से भेंट करेंगे।

### ट्रंप से भी होगी भेंट

फ्रांस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी भेंट प्रस्तावित है। दोनों नेताओं के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते सहित विभिन्न द्विपक्षीय विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। हालांकि, व्हाइट हाउस के अधिकारियों के अनुसार इस बैठक में व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना नहीं है। (इनपुट : आईएएनएस)

# पाकिस्तान नापाक हरकतें बंद करे, अन्यथा दाना-पानी के लिए भी मोहताज हो जाएगा : राजनाथ सिंह

**आगरा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण, रक्षा मंत्री ने आतंकवाद और राष्ट्रीय स्वाभिमान पर दिया कड़ा संदेश**



**समाज जागरण**

आगरा। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए कहा कि वे केवल एक शासक नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान और स्वतंत्रता की चेतना के प्रतीक थे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने आत्मसम्मान और राष्ट्रहित के लिए राजसी वैभव का त्याग कर कठिन जीवन स्वीकार किया, किंतु कभी भी विदेशी सत्ता के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी देशवासियों को स्वतंत्रता, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने अनेक कष्ट सहे, लेकिन मुगलों के समक्ष कभी घुटने नहीं टेके। हल्दीघाटी का युद्ध उनके अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि इतिहास के अनेक शासक समय के साथ भुला दिए गए, किंतु महाराणा प्रताप आज भी देशवासियों के हृदय में जीवित हैं।

### पाकिस्तान को दी कड़ी चेतावनी

अपने संबोधन में पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि पाकिस्तान अपनी नापाक गतिविधियों और आतंकवाद को समर्थन देने की नीति से बाज नहीं आता, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

उन्होंने कहा, "हमने सिंधु जल समझौते को निरस्त कर उसका पानी रोक दिया है। यदि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो आने वाले समय में उसे दाना-पानी के लिए भी मोहताज होना पड़ सकता है।"

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने में सक्षम है और देश की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बढ़ा भारत का वैश्विक सम्मान

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा और प्रभाव में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आज विश्व भारत की बात को गंभीरता से सुनता है और भारत वैश्विक स्तर पर एक सशक्त एवं सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है।

### आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति

राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व देश में लगातार आतंकवादी घटनाएं होती थीं, लेकिन वर्तमान सरकार ने आतंकवाद के विरुद्ध कठोर नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की पूरी स्वतंत्रता दी गई है। यदि आवश्यकता पड़े तो सीमा पार जाकर भी आतंकवादियों का सफाया किया जाएगा।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' का किया उल्लेख

रक्षा मंत्री ने हाल ही में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या के बाद सरकार ने त्वरित और कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

(इनपुट : आईएएनएस)

# बरेली-हल्द्वानी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को मिली हरी झंडी, कुमाऊं का सफर होगा आसान

**100 किलोमीटर लंबा चार लेन एक्सप्रेसवे बदलेगा छह शहरों की तस्वीर, पर्यटन और व्यापार को मिलेगा नया आयाम**

**समाज जागरण**

बरेली। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच आवागमन, पर्यटन और व्यापार को नई गति देने के उद्देश्य से बरेली-हल्द्वानी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लगभग 100 किलोमीटर लंबा चार लेन एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा, जिससे दोनों राज्यों के बीच संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा।

प्रस्तावित एक्सप्रेसवे बरेली से शुरू होकर फरीदपुर, आंवला, बहेड़ी, किच्छा और लालकुआं होते हुए हल्द्वानी तक पहुंचेगा। इसके निर्माण से यात्रियों को वर्तमान मार्गों पर लगने वाले जाम और यातायात बाधाओं से राहत मिलेगी। साथ ही बरेली से हल्द्वानी तक की यात्रा का समय तीन घंटे से अधिक कम होने की संभावना है।

### पर्यटन और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

यह एक्सप्रेसवे उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र तक पहुंच को अधिक सुगम बनाएगा, जिससे नैनीताल, हल्द्वानी और आसपास के पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।



### छह शहरों के विकास को मिलेगा नया आधार

परियोजना के तहत जिन छह प्रमुख शहरों और कस्बों को जोड़ा जाएगा, उनमें बरेली, फरीदपुर, आंवला, बहेड़ी, किच्छा और लालकुआं शामिल हैं। एक्सप्रेसवे के निर्माण से इन क्षेत्रों में निवेश, रोजगार और आधारभूत ढांचे के विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

### ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध होंगे मजबूत

वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. राजेश कुमार शर्मा के अनुसार बरेली और कुमाऊं क्षेत्र के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध सदियों पुराने हैं। यह एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण माध्यम साबित होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि परियोजना के पूर्ण होने के बाद उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच संपर्क, व्यापारिक गतिविधियों तथा पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिलेगी।






# मेरठ में थाना परिसर स्थित जामा मस्जिद को लेकर विवाद, प्रशासन ने जारी किया नोटिस

**सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का दावा, मस्जिद प्रबंधन ने बताया 200 वर्ष पुराना धार्मिक स्थल**

**समाज जागरण**

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में स्थित खरखौदा थाना परिसर के भीतर बनी जामा मस्जिद को लेकर विवाद गहरा गया है। राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने मस्जिद प्रबंधन को नोटिस जारी करते हुए सात दिनों के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने अथवा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन का दावा है कि संबंधित मस्जिद थाना परिसर के लिए आवंटित सरकारी भूमि पर स्थित है। राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद पुलिस ने मस्जिद के मुतवल्ली और इमाम को नोटिस जारी कर कहा है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई, तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद बढ़ी हलचल

जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग द्वारा की गई जांच में मस्जिद का निर्माण थाना परिसर की भूमि के भीतर पाए जाने का उल्लेख किया गया है। इसके बाद स्थानीय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

### मस्जिद प्रबंधन ने किया दावा

वहीं, जामा मस्जिद के मुतवल्ली अय्यूब सैफी ने प्रशासनिक कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए दावा किया है कि यह मस्जिद लगभग 200 वर्ष पुरानी है। उनका कहना है कि मस्जिद का अस्तित्व थाना निर्माण से भी पहले का है और यह ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है। उन्होंने कहा कि मस्जिद प्रबंधन अपने दावे के समर्थन में संबंधित दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगा तथा कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से अपना पक्ष रखेगा।


### न्यायालय की शरण लेने की तैयारी

मस्जिद प्रबंधन ने संकेत दिए हैं कि वह प्रशासनिक नोटिस के विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा। उनका कहना है कि मामले का समाधान विधिक प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए।

फिलहाल प्रशासन और मस्जिद प्रबंधन दोनों अपने-अपने दावों पर कायम हैं। ऐसे में अब सभी की निगाहें न्यायिक प्रक्रिया और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# 15 जून का मौसम : 17 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 15 जून को देश के 17 राज्यों में तेज आंधी, वज्रपात और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राजस्थान में 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने की संभावना है, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में गरज-चमक के साथ वर्षा और बिजली गिरने का खतरा बना हुआ है।



वहीं, असम, मेघालय और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भारी से अति भारी वर्षा को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने और ताजा मौसम अपडेट पर नजर रखने की अपील की है।




# भारत के लिए अमेरिका हमेशा अहितकारी मित्र। आर्थिक लाभ की अमेरिकी विदेश नीति।

भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका तथा रूस से अपने संबंध विस्तारित करने का प्रयास किया पर रूस ने सदैव एक सच्चे मित्र की भूमिका निभाई पर कई सोपनो में अमेरिका केवल अपनी आर्थिक नीतियों को मजबूत करने के लिए भारत से संबंध बनाते रहा है एवं भारत से ज्यादा पड़ोसी पाकिस्तान देश को वरीयता प्रदान करता रहा है एवं उसे आर्थिक तथा सामरिक मदद भी करता रहा। अमेरिका का सदैव यह प्रयास रहा कि भारत में अंदरूनी




तथा बाहरी अस्थिरता बनी रहे और यही कारण है कि वह पाकिस्तान को सदैव भारत के खिलाफ भड़काता उकसाता रहा है। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज तक मित्रता में अमेरिका का आर्थिक पढ़ना हमेशा भारी रहा है यह अलग बात है कि भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और अपनी स्वायत्त छवि को विदेशों में कायम रखा और एक स्वतंत्र गुटनिरपेक्ष नीति पर आगे चला रहा। विश्व राजनीति में अमेरिका एक ऐसी महाशक्ति के रूप में स्थापित रहा है जिसकी विदेश नीति का मूल आधार आदर्शवाद से अधिक राष्ट्रीय हित और आर्थिक लाभ रहा है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञों का मानना है कि कोई भी राष्ट्र स्थायी मित्र या शत्रु नहीं रखता, बल्कि उसके स्थायी हित होते हैं। अमेरिका ने भी अपने राष्ट्रीय हितों, आर्थिक प्रभुत्व और सामरिक वर्चस्व को सर्वोपरि रखते हुए विश्व के देशों के साथ संबंध स्थापित किए हैं। यही कारण है कि अनेक बार वह मित्र दिखाई देता है, तो कई बार उसके निर्णय मित्र देशों के लिए भी असहज और चिंताजनक साबित होते हैं।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका ने स्वयं को वैश्विक आर्थिक और सैन्य शक्ति के रूप में स्थापित किया। उसने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं, व्यापारिक समझौतों और सुरक्षा गठबंधनों के माध्यम से अपने प्रभाव का विस्तार किया। अमेरिका की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य विश्व बाजारों तक पहुंच बनाए रखना, ऊर्जा संसाधनों की सुरक्षा करना और अपने आर्थिक हितों की रक्षा करना रहा है।

इराक, अफगानिस्तान, लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी हस्तक्षेपों का अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि लोकतंत्र, मानवाधिकार और सुरक्षा जैसे मुद्दों के साथ-साथ आर्थिक और सामरिक हित भी उसकी नीतियों के केंद्र में रहे हैं। इसलिए आलोचक अमेरिका को "हित-आधारित मित्र" या "ट्रबलसम फ्रेंड" की संज्ञा देते हैं।

भारत के संदर्भ में अमेरिकी दृष्टिकोण

भारत की स्वतंत्रता के बाद अमेरिका और भारत के संबंध सदैव सरल नहीं रहे। शीतयुद्ध काल में भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति अपनाई, जबकि अमेरिका पाकिस्तान को अपने सामरिक सहयोगी के रूप में देखता था। पाकिस्तान को सैन्य सहायता, आधुनिक हथियारों और आर्थिक सहयोग ने दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन को प्रभावित किया।




1965 और 1971 के युद्धों के दौरान भी अमेरिकी नीतियों को लेकर भारत में अनेक प्रश्न उठे। विशेष रूप से 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय अमेरिकी प्रशासन का झुकाव पाकिस्तान की ओर दिखाई दिया। इससे भारतीय जनमानस में यह धारणा मजबूत हुई कि अमेरिका दक्षिण एशिया में भारत की अपेक्षा पाकिस्तान को सामरिक दृष्टि से अधिक महत्व देता है। हालांकि यह भी सत्य है कि समय के साथ परिस्थितियां बदलीं। 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में नई निकटता आई। सूचना प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, शिक्षा और परमाणु सहयोग जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों ने उल्लेखनीय साझेदारी विकसित की। 2008 का असैनिक परमाणु समझौता इस संबंध का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। विश्वास और सावधानी के बीच भारत

भारत और अमेरिका आज रणनीतिक साझेदार हैं, किंतु यह साझेदारी पूर्ण विश्वास पर नहीं बल्कि पारस्परिक हितों पर आधारित है। अमेरिका जहां चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत को महत्वपूर्ण साझेदार मानता है, वहीं भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखना चाहता है। रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान के प्रश्न और वैश्विक व्यापारिक नीतियों पर कई बार दोनों देशों के दृष्टिकोण अलग दिखाई देते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत को अमेरिका के साथ सहयोग तो बढ़ाना चाहिए, लेकिन अपनी विदेश नीति का निर्धारण राष्ट्रीय हितों और आत्मनिर्भर सामरिक क्षमता के आधार पर करना चाहिए।

वैसे भी विदेश नीति परिपेक्ष में किसी भी देश के साथ अमेरिका अमेरिका को भी केवल मित्र या शत्रु की संकीर्ण परिभाषा में नहीं बांधा जा सकता। वह एक ऐसी महाशक्ति है जो अपने राष्ट्रीय, आर्थिक और सामरिक हितों के अनुसार निर्णय लेती है। भारत के लिए भी आवश्यक है कि वह भावनाओं के बजाय यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाए। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में विश्वास से अधिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हित और सामरिक संतुलन होते हैं।

भारत को अमेरिका सहित सभी प्रमुख शक्तियों के साथ संतुलित संबंध रखते हुए अपनी स्वतंत्र विदेश नीति, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामरिक शक्ति को सुदृढ़ करना होगा। यही वह मार्ग है जो भारत को वैश्विक मंच पर सम्मानजनक, सुरक्षित और प्रभावशाली स्थिति प्रदान कर सकता है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,लेखक, चिंतक, स्तंभकार,रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# ममता दीदी और उनकी मुश्किलें

**महेन्द्र तिवारी**



पश्चिम बंगाल की राजनीति में साल 2026 एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उलटफेर के गवाह के रूप में दर्ज हो चुका है। लगातार 15 वर्षों तक राज्य की सत्ता पर एकछत्र राज करने वाली तृणमूल कांग्रेस और उसकी सर्वोच्च नेता ममता बनर्जी आज अपने संपूर्ण राजनैतिक सफर के सबसे अंधकारमय और कठिन दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में संपन्न हुए 2026 के विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार ने न केवल इस क्षेत्रीय दल को सत्ता के गलियारों से बेदखल कर दिया है, बल्कि ममता बनर्जी के अपराजेय होने के उस मिथक को भी हमेशा के लिए तोड़ दिया है जो पिछले डेढ़ दशक से बंगाल की धरती पर कायम था। वर्ष 2011 में वामपंथ के 34 साल पुराने अभेद्य किले को ढहाकर सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने वाली ममता बनर्जी के लिए यह पराजय केवल एक चुनावी शिकस्त नहीं है। यह उनके द्वारा खड़े किए गए राजनैतिक साम्राज्य के बिखरने की एक शुरूआत जैसी प्रतीत हो रही है। सत्ता हाथ से फिसल जाने के बाद जो संकट अमूमन हर उस प्रांतीय दल के सामने आता है जिसकी कमान एक ही चेहरे के हाथ में हो, वह आज तृणमूल कांग्रेस के सामने बेहद आक्रामक और विनाशकारी रूप में आकर खड़ा हो गया है।

चुनावी नतीजों के आने के तुरंत बाद पार्टी के भीतर असंतोष का जो ज्वालामुखी पिछले कई महीनों से सुलग रहा था, वह अब पूरी तरह से फट चुका है। राजनैतिक हलकों और पार्टी के आंतरिक सूत्रों से आ रही प्रामाणिक खबरें यह साफ संकेत देती हैं कि वर्तमान समय में लगभग 50 विधायक और कई वरिष्ठ सांसद पूरी तरह से बगावती रुख अख्तियार कर चुके हैं। तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा और आत्मघाती आंतरिक संकट माना जा रहा है। सत्ता के जाते ही विधायकों और सांसदों का यह विशाल धड़ा पार्टी आलाकमान के हर फैसले पर खुलेआम उंगलियां उठा रहा है। कई ऐसे वरिष्ठ नेता जो कल तक मुख्यमंत्री के सबसे भरोसेमंद सिपहसालार और संकटमोचक हुआ करते थे, वे अब ममता बनर्जी का साथ छोड़कर अपनी नई राजनैतिक राह तलाश रहे हैं। सुदीप बंदोपाध्याय जैसे अत्यंत कद्दावर और पुराने नेताओं के बगावती सुरों ने इस संकट को और अधिक गहरा तथा संवेदनशील बना दिया है, क्योंकि वे एक लंबे अरसे से देश की संसद में पार्टी के संसदीय दल के नेता के रूप में तृणमूल कांग्रेस का सबसे प्रमुख चेहरा रहे हैं। पार्टी के इस तीव्र बिखराव ने ममता बनर्जी की राजनैतिक प्राथमिकताओं को पूरी तरह से बदल दिया है, क्योंकि एक विपक्षी नेता के रूप में जनता के बीच अपनी खोई हुई जमीन दोबारा तलाशने से पहले उन्हें अपने बिखरते हुए घर को संभालने की अत्यंत दुरूह चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

इस बड़े विद्रोह और असंतोष के पीछे केवल सत्ता चले जाने की हताशा ही एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि पार्टी के भीतर समानांतर रूप से लंबे समय से चल रहा अंदरूनी सत्ता संघर्ष भी इसका मुख्य आधार है। यह गहरा वैचारिक और व्यावहारिक संघर्ष असल में पार्टी की पुरानी और नई पीढ़ी के बीच का है। एक तरफ ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाली नई और युवा पीढ़ी है जो पार्टी के पूरे तंत्र को आधुनिक, तकनीकी और पूरी तरह से व्यावसायिक तरीके से संचालित करना चाहती है। वहीं दूसरी तरफ वे पुराने, पारंपरिक और अनुभवी नेता हैं जिन्होंने जमीनी स्तर पर संघर्ष करके इस पार्टी को खड़ा किया था। अभिषेक बनर्जी के निर्णय लेने के तौर तरीकों, टिकटों के बंटवारे में किए गए प्रयोगों और संगठनात्मक फेरबदल के फैसलों से ये पुराने नेता खुद को लंबे समय से उपेक्षित और हाशिए पर महसूस कर रहे थे। चुनावों में मिली करारी हार ने इस सुलगती हुई आग में घी का काम किया है और अब इस गुटबाजी ने एक उग्र रूप ले लिया है। बागी गुट के नेता अब खुले तौर पर अभिषेक बनर्जी की राजनैतिक रणनीतियों और उनकी कार्यशैली को इस ऐतिहासिक हार का मुख्य जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि बागी नेता अब अभिषेक बनर्जी को संसदीय दल के नेतृत्व से हटाने और पार्टी के पुराने ढर्रे को वापस लाने की जिद पर अड़ गए हैं। दो पीढ़ियों का यह तीखा टकराव पार्टी को संगठनात्मक रूप से दो टुकड़ों में विभाजित करने की कगार पर ले आया है।

ममता बनर्जी की चौतरफा घिरती मुश्किलों की फेहरिस्त केवल आंतरिक बगावत और सत्ता के नुकसान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पिछले कुछ वर्षों में सिलसिलेवार ढंग से सामने आए भ्रष्टाचार के बड़े मामलों ने भी संगठन की नैतिक रीढ़ को पूरी तरह से तोड़ दिया है। शिक्षक भर्ती घोटाला, मवेशी तस्करी और सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली में हुई अरबों रुपये की गड़बड़ियों के संगीन आरोपों ने जमीनी स्तर पर आम जनता के बीच पार्टी की साख को बहुत गहरी चोट पहुंचाई थी। इन आपराधिक मामलों में प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी शक्तिशाली केंद्रीय जांच एजेंसियों की निरंतर सक्रियता, ताबड़तोड़ छापेमारी और पार्टी के शीर्ष मंत्रियों सहित कई कद्दावर नेताओं की जेल यात्रा ने संगठन के मनोबल को भीतर से खोखला कर दिया था। चुनावी समर के दौरान विपक्षी दलों ने इन घोटालों और भ्रष्टाचार के मुद्दों को जनता के बीच बहुत प्रभावी और आक्रामक तरीके से पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप तृणमूल कांग्रेस का वह पारंपरिक गरीब और मध्यमवर्गीय मतदाता भी उससे दूर चला गया जो कभी उसकी सबसे बड़ी ताकत हुआ करता था। सत्ता की ढाल मौजूद रहते हुए इन जांच एजेंसियों के दबाव और कानूनी कार्रवाइयों को झेलना फिर भी मुमकिन था, परंतु अब विपक्ष के कमजोर आसन पर बैठने के बाद पार्टी के नेताओं के भीतर कानूनी शिकंजे का डर कई गुना बढ़ गया है, जिससे बचने के लिए वे सुरक्षित ठिकानों और नए राजनैतिक विकल्पों की शरण ले रहे हैं।

इन सब प्रशासनिक और संगठनात्मक कमजोरियों के अलावा, राज्य की कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और गहरे सामाजिक असंतोष ने भी ममता बनर्जी की वापसी की राह को बेहद पथरीला और दुर्गम बना दिया है। वर्ष 2024 में कोलकाता के आर जी कर चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के भीतर हुई अत्यंत दुखद और पूरे देश को झकझोर देने वाली घटना ने बंगाल की जनता के धैर्य की सीमा को तोड़ दिया था। इस अमानवीय घटना के बाद भड़के अभूतपूर्व जन आक्रोश, हफ्तों तक चले नागरिक समाज के आंदोलनों और विशेषकर महिला चिकित्सकों व युवाओं के लगातार विरोध प्रदर्शनों ने तत्कालीन सरकार की प्रशासनिक संवेदनशीलता और पुलिसिया तंत्र की निष्पक्षता पर बहुत गंभीर सवालिया निशान खड़े किए थे। पश्चिम बंगाल के राजनैतिक इतिहास में आधी आबादी यानी महिलाएं हमेशा से ममता बनर्जी की सबसे अटूट ढाल और मूक मतदाता रही हैं, लेकिन इस विशिष्ट घटना और उसके बाद के घटनाक्रमों ने महिला मतदाताओं के एक बहुत बड़े और जागरूक वर्ग को तृणमूल कांग्रेस से पूरी तरह से विमुख कर दिया। सत्ता विरोधी लहर के साथ-साथ इस गहरे और सुलगते हुए सामाजिक गुस्से ने 2026 के विधानसभा चुनावों में एक अत्यंत निर्णायक भूमिका निभाई और पार्टी को पराजय के गर्त में धकेल दिया।

अंततः, तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी के सामने आज एक ऐसा अभूतपूर्व संकट खड़ा है जहां उन्हें अपनी राजनैतिक यात्रा को फिर से शून्य से शुरू करना पड़ रहा है। बिना सरकारी सत्ता और संसाधनों के इतने बड़े संगठन को आर्थिक तथा मानसिक रूप से जीवित रखना, केंद्रीय जांच एजेंसियों के मुकदमों का कानूनी सामना करना और इसके साथ ही अपने 50 बागी विधायकों और सांसदों को बिखरने से रोकना ममता बनर्जी के चार दशक लंबे राजनैतिक जीवन की सबसे कठिन और अग्निपरीक्षा जैसी चुनौती है। पश्चिम बंगाल की राजनीति अब एक पूरी तरह से नए युग में प्रवेश कर चुकी है जहां भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट बहुमत के साथ राज्य की सत्ता पर काबिज होकर अपनी नीतियां लागू कर रही है। ऐसे विपरीत और अशांत माहौल में ममता बनर्जी के लिए अपनी पार्टी के अस्तित्व को बचाए रखना, संगठनात्मक बिखराव की इस तेज आंधी को रोकना और अपने बचे हुए कार्यकताओं में दोबारा जोश भरना एक ऐसा असाध्य कार्य बन गया है जिसकी मुश्किलें निकट भविष्य में कम होने का नाम नहीं ले रहीं।

## (तृणमूल कांग्रेस)

# क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में एक और नाम



' तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 1 जनवरी 1998 को तत्कालीन केन्द्रीय रेल मन्त्री ममता बनर्जी ने की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कांग्रेस शाखा से विद्रोह कर इस दल की स्थापना की थी। 2009 के लोकसभा चुनावों में बंगाल से 19 सीटें जीतकर यह देश की छठी सबसे बड़ी पार्टी बनी जबकि 2019 में 22 सीटें जीतकर देश की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। 2024 में भी तृणमूल कांग्रेस ने 29 सीटें जीतीं। परन्तु मात्र 28 वर्षों की राजनैतिक यात्रा तय कर पिछले दिनों विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह ढहती दिखाई दी। इसके लगभग 20 लोकसभा सांसदों , 3 राज्यसभा सांसदों व 58 विधायकों ने पार्टी छोड़ विद्रोह कर गये हैं। यह तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में सबसे गंभीर राजनैतिक संकट है । अब खबरें यहाँ तक आ रही हैं कि जिस कांग्रेस पार्टी द्वारा पाली पोसी गयी तेज तर्रार नेता ममता बनर्जी ने उसी कांग्रेस से विद्रोह करते हुये उसे राज्य में तबाह कर अपना अलग राजनैतिक दल कायम किया था,संभवतः वही ममता अब पुनः अपने बचे खुचे दल व साथियों सहित कांग्रेस की शरण में जाने का सम्मानजनक रास्ता तलाश कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के पतन में जहाँ अनेक राजनैतिक कारण,चुनावी प्रक्रिया आदि की बातें की जा रही हैं वहीं इसके पीछे का सबसे प्रमुख कारण ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी बताई जा रही है। तो क्या अब तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद की भेंट चढ़े देश के अनेक क्षेत्रीय दलों की सूची में शामिल हो गया है ?

तृणमूल कांग्रेस की ही तरह भारतीय राजनीति में अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दल परिवारवाद (वंशवाद) या विरासत की दावेदारी के चलते समाप्त हो गये, टूट गये या उनमें मतभेद सामने आये। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र की शिवसेना में उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे के बीच में 2005-2006 गहरी राजनीतिक दरार पड़ी। जिसका मुख्य कारण शिवसेना के भीतर सत्ता संघर्ष और उत्तराधिकारी की लड़ाई था । उद्धव, बाल ठाकरे के बेटे हैं जबकि राज ठाकरे,बाल ठाकरे के भाई के बेटे यानी सगे भतीजे।चूंकि राज,बाल ठाकरे के सबसे करीबी सहयोगी थे इसलिये उन्हीं को बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अंतिम दिनों में बाल ठाकरे ने अपने बेटे उद्धव को आगे बढ़ाया और राज को उद्धव का उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जाना नहीं भाया और शिवसेना में पहला बड़ा विघटन हो गया और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना मनसे के नाम से नया दल वजूद में आया जिसने शिवसेना को भारी नुकसान पहुँचाया।

इसी तरह इंडियन नेशनल लोक दल जिसके संस्थापक चौधरी देवी लाल थे,की विरासत उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला ने संभाली आगे चलकर उनके दोनों पुत्रों अजय चौटाला व अभय सिंह चौटाला के बीच विरासत संभालने को लेकर हुये मतभेद में पार्टी दो हिस्सों बंटकर कमजोर गयी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव द्वारा गठित समाजवादी पार्टी में पहले तो 2016 -17 के बीच मुलायम सिंह यादव (पिता) और अखिलेश यादव (पुत्र) के बीच मुख्य मंत्री के पद व टिकट बंटवारे को लेकर गहरे मतभेद उभरे। बाद में अखिलेश के चचेरे भाई शिवपाल यादव ने "राष्ट्रीय समाजवादी पार्टी" नामक एक नई पार्टी बना डाली। एक समय में तो सपा में तीन गुट बन गए थे। गोया सपा को भी परिवारवाद की आंच झेलनी पड़ी। उधर पंजाब में प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर बादल के शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी का अवसान' शुरू हो गया। इसी तरह आर जे डी संस्थापक लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव के मोह में कई वरिष्ठ सहयोगी खो बैठे। तेजस्वी यादव के भाई तेज प्रताप यादव के बीच तथा और आगे चलकर सभी बहनों के बीच विरासत का घमासान देखने को मिला। निश्चित रूप से इन सब से पार्टी कमजोर हुई और लोगों में इस पारिवारिक सिर फुटव्वल का गलत सन्देश गया।

इसी तरह एन टी रामाराव द्वारा स्थापित तेलगू देशम पार्टी पर कभी उनकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी पर्वती ने अपना अधिकार जमाना चाहा तो कभी दामाद चंद्रबाबू नायडू ने दल पर अधिकार जमाने की सफल कवायद की। महाराष्ट्र में ही शरद पवार के परिवार में उनकी बेटी व भतीजे के बीच पार्टी विरासत को लेकर चले घमासान और पार्टी विघटन से सभी वाकिफ हैं। मायावती भी पार्टी को वन मैन शो की तरह चला रही हैं और परिवारवाद की भावनाओं का शिकार होकर अपने भाई आनंद कुमार के बेटे यानी अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर रही हैं। उत्तराधिकार के विवाद की चपेट में आर एल डी व ए,डी एम के व ए आई डी एम के भी आ चुकी है। गोया देश के अधिकांश राजनैतिक दल परिवारवाद या विरासत के कारण उठे मतभेदों के चलते अवसान की ओर जा चुके हैं। परन्तु यह सब जानने के बावजूद बड़े से बड़े यहाँ तक कि दूसरे दलों पर परिवारवाद का ठप्पा लगाने वाले नेता भी परिवारवाद से मुक्त नहीं पाते। जैसे अभी नितीश कुमार को ही देख लीजिये। बिहार की सत्ता छोड़ते छोड़ते अपने ऐसे बेटे को स्वास्थ मंत्री बनवा गये जिसके अपने स्वास्थ को लेकर बिहार की जनता चिंतित है। परन्तु पुत्र मोह से बढ़कर आखिर क्या है ? इसी तरह भाजपा के दर्जनों नेता जिन्होंने जीवन हर कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी होने का आरोप लगाया वे अपने बेटों पोतों या भाई भतीजों को अपनी राजनैतिक विरासत सौंप चुके हैं।

रहा सवाल नेहरू गाँधी परिवार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधने का तो यह महज एक प्रोपेगंडा मात्र है। कांग्रेस की नेहरू गाँधी परिवार को नहीं बल्कि कांग्रेस को नेहरू गाँधी परिवार की जरुरत है। देश के लोग जानते हैं कि इस परिवार ने आजादी के संघर्ष से लेकर आज तक देश के लिये कितनी कुर्बानियां दी हैं और देश के विकास में क्या योगदान रहा है। लोकतंत्र की वर्तमान दयनीय होती स्थिति में भी क्षेत्रीय दलों की खामोशी के बावजूद कांग्रेस पार्टी जिसतरह संघर्षरत है उसमें भी नेहरू गाँधी परिवार के सदस्यों की ही अहम भूमिका है। दूसरी ओर परिवारवाद के चलते या विरासत की जंग में अनेक क्षेत्रीय दलों का पतन होता जा रहा है। क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में अब तृणमूल कांग्रेस का नाम भी शामिल हो गया है। संपर्क : 9896219228


# अनजान शहर में...!

अनजान 'शहर' की गलियों में,
मैं खुद को ढूँढता फिर रहा हूँ।
हरेक चेहरा लगता अपना-सा,
फिर भी 'तन्हा-तन्हा' रहता हूँ।

यहाँ पर हवाओं का 'रंग' नया,
सपनों की भाषा भी हैं अलग।
शोर-भीड़ बहुत है राहों में पर,
दिल को मिलता नहीं 'मलंग'।

ये ऊँची इमारतें, चमकती रातें,
शोर यहाँ हर पल गाते रहता है।
गाँव की मिट्टी की सौंधी खुशबू,
मन को अक्सर बुलाते रहती है।

हम 'कदम' बढ़ाये जाते हैं फिर,
एक नई सुबह की 'आस' लिए।
अनजान शहर भी 'अपना' लगे,
यह अपनेपन-सा एहसास लिए।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नव भारत साक्षरता अभियान: योगी सरकार ने 11.68 लाख लोगों को बनाया साक्षर, शिक्षा से बदल रही लाखों जिंदगियां

संदीप गर्ग/समाज जागरण

लखनऊ, 14 जून। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाया जा रहा नव भारत साक्षरता अभियान शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का मजबूत आधार बनता जा रहा है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022-23 से 2025-26 के बीच 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों को साक्षर बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया, जिसके तहत 11.68 लाख से अधिक लोगों को साक्षर बनाया गया है।

प्रदेश सरकार के अनुसार आयोजित सात साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाओं में 13,81,530 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 11,68,292 प्रतिभागी सफलतापूर्वक साक्षर घोषित हुए। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन में आत्मविश्वास, जागरूकता और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय भी जोड़ रही है।

### शिक्षा बनी आत्मनिर्भरता की कुंजी

निरक्षरता केवल पढ़ने-लिखने की कमी नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के अवसरों तक पहुंच में भी बाधा बनती है। ऐसे में नव भारत साक्षरता अभियान लोगों को अक्षर ज्ञान के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता, सामाजिक जागरूकता और नागरिक कर्तव्यों की जानकारी भी दे रहा है।

### गांव-गांव तक पहुंच रहा अभियान

अभियान के तहत पहले असाक्षर व्यक्तियों की पहचान की जाती है। इसके बाद प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स और वालंटियर्स द्वारा गांवों, कस्बों और शहरी क्षेत्रों में साक्षरता कक्षाओं का संचालन किया जाता है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई जा सके।




### महिला सशक्तीकरण को मिला नया बल

नव भारत साक्षरता अभियान में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। साक्षर बनने के बाद महिलाएं बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और आर्थिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इससे परिवार और समाज दोनों स्तरों पर सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### डिजिटल तकनीक का भी सहारा

कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए डिजिटल सामग्री, ऑनलाइन शिक्षण और नियमित मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। इससे सीखने की प्रक्रिया आसान हुई है और प्रतिभागियों की प्रगति का बेहतर आकलन संभव हो पाया है।

### 2026-27 में और तेज होगा अभियान

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 में अभियान को और व्यापक बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। सभी जनपदों को 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें साक्षर बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए वालंटियर्स और मास्टर ट्रेनर्स के नेटवर्क को और मजबूत किया जाएगा।

### शिक्षा से विकसित उत्तर प्रदेश की ओर

योगी सरकार का मानना है कि विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब समाज का हर व्यक्ति शिक्षा से जुड़ा होगा। नव भारत साक्षरता अभियान इसी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 11.68 लाख से अधिक लोगों को साक्षर बनाकर उत्तर प्रदेश ने यह साबित किया है कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रभावी योजना और सामाजिक सहभागिता के बल पर निरक्षरता जैसी बड़ी चुनौती पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है।

# नोएडा में 7.25 लाख रुपये की अवैध कफ सिरप बरामद, फार्च्यूनर समेत दो तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 14 जून। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की थाना सेक्टर-20 पुलिस और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध कफ सिरप तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस ने नशे के रूप में इस्तेमाल की जा रही करीब 7.25 लाख रुपये मूल्य की 3600 शीशी अवैध ONEREX कफ सिरप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त एक फार्च्यूनर कार भी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, 13 जून को थाना सेक्टर-20 पुलिस और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान फिल्म सिटी से रजनीगंधा की ओर जाने वाले मार्ग पर, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के लूप के पास संदिग्ध फार्च्यूनर वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में रखे 15 बोरों से 3600 शीशी ONERE 100 एमएल कफ सिरप बरामद हुई।

पुलिस ने मौके से पीयूष वर्मा (25 वर्ष) और कपिल विश्वकर्मा (20 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि बरामद कफ सिरप में कोडीन फॉस्फेट की मात्रा मौजूद है, जिसका अधिक सेवन नशे के रूप में किया जाता है।




### मध्य प्रदेश से जुड़ा तस्करी नेटवर्क

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी मध्य प्रदेश के रीवा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस को तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य आरोपियों विष्णु कुशवाहा, शानू सिंह और हीरा लाल के बारे में भी जानकारी मिली है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

**बरामदगी**

15 बोरों में कुल 3600 शीशी अवैध ONEREX कफ सिरप (100 एमएल) एक फार्च्यूनर कार (नंबर HR70D8898) एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

इस मामले में थाना सेक्टर-20 में मु0अ0सं0 221/2026 के तहत धारा 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दहेज हत्या मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, ईकोटेक-3 पुलिस की कार्रवाई

समाज जागरण संवाददाता ग्रेटर नोएडा, 14 जून। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्राम जलपुरा स्थित बिजलीघर तिराहे के पास से दबोच लिया।




पुलिस के अनुसार, थाना ईकोटेक-3 में दर्ज मु0अ0सं0 188/2026 के तहत धारा 85/80(2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज निषेध अधिनियम में वांछित चल रहे आरोपी प्रमोद पुत्र जयचंद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मृतका का चचिया ससुर बताया गया है। गिरफ्तार आरोपी प्रमोद (37 वर्ष) ग्राम जलपुरा, थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र का निवासी है। पुलिस उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### पहले भी दर्ज हैं गंभीर मुकदमे

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2024 में मारपीट, धमकी और रास्ता रोकने का मुकदमा दर्ज हुआ था। वहीं वर्ष 2018 में हत्या और साजिश रचने जैसी गंभीर धाराओं में भी मामला दर्ज हो चुका है।

### दहेज उत्पीड़न और हत्या के आरोपों की जांच जारी

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दहेज हत्या से जुड़े इस मामले की जांच जारी है। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा लोकमंच की नई स्वास्थ्य पहल: मात्र 30 रुपये में नेत्र जांच एवं 100 रुपये में दंत उपचार की सुविधा

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा, 14 जून। बढ़ती स्वास्थ्य सेवाओं की लागत के बीच नोएडा के आम नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है। सेक्टर-12 स्थित नोएडा लोकमंच के निःशुल्क दवा बैंक एवं चिकित्सा केंद्र में अब मात्र 30 रुपये में नेत्र जांच और केवल 100 रुपये में दांत भरवाने अथवा निकलवाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

इस सेवा का शुभारंभ गौतमबुद्धनगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा तथा भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने किया।

कार्यक्रम में ऋषि प्रताप सिंह (अध्यक्ष, सक्षम चेंजमेकर एवं इन्फोसिस फाउंडेशन सहयोगी), महेश सक्सेना (महासचिव, नोएडा लोकमंच), प्रभात कुमार (पूर्व राज्यपाल, झारखंड एवं अध्यक्ष, नोएडा लोकमंच), डॉ. योगेंद्र नारायण (पूर्व रक्षा सचिव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नोएडा लोकमंच), जे.पी. शर्मा (पूर्व स्वास्थ्य सचिव एवं चेयरमैन, स्वास्थ्य प्रकल्प), डॉ. प्रभात कुमार, पंकज राठी, डॉ. मोहिता शर्मा, डॉ. केशव नथानी, हेमंत गोयल, डॉ. एच.के. नाथ, जमील अहमद, मुकुल बाजपेयी, पी.एस. जैन, इंद्रा चौधरी, लीका सक्सेना, विभा बंसल, डॉ. सी.बी. झा, राम शरण गौर, राजेश श्रीवास्तव, वी.के. जैन, अधिवक्ता विनीत गर्ग एवं मोहम्मद परवेज सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन देश के प्रसिद्ध हास्य कवि एवं साहित्यकार विनोद पांडेय ने किया।



**मुख्य बिंदु**

*मात्र 30 रुपये में नेत्र जांच*
*केवल 100 रुपये में दांत भरवाने या निकलवाने की सुविधा*
*सेक्टर-12 स्थित निःशुल्क दवा बैंक एवं चिकित्सा केंद्र में शुरूआत*
*कॉर्निया प्रोजेक्ट का शुभारंभ*
*गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को मिलेगा लाभ*
*भविष्य में चैरिटेबल अस्पताल स्थापित करने की योजना*

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# हमले के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, सेक्टर-126 पुलिस की कार्रवाई

समाज जागरण संवाददाता नोएडा, 14 जून। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने मारपीट और हमले के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से कार्रवाई करते हुए आरोपी को सेक्टर-131 क्षेत्र से दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार, 5 जून 2026 को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-126 में शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी बात को लेकर राकेश त्यागी, उसके बेटों और अन्य साथियों ने एकजुट होकर उस पर हमला कर दिया। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-126 में मु0अ0सं0 87/2026 के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 13 जून को लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से वांछित आरोपी अंशुल पुत्र राजबिहारी को ग्राम गढ़ी शाहपुर के सामने पुश्ता रोड, सेक्टर-131 नोएडा से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से जनपद पीलीभीत के थाना करेली क्षेत्र के ग्राम कस्तूआ का निवासी है और वर्तमान में बरौला स्थित नत्थू कॉलोनी में रह रहा था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मुकदमे में नामजद अन्य वांछित आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# गौतमबुद्धनगर में आबकारी विभाग का छापामार अभियान, शराब दुकानों और बारों का आकस्मिक निरीक्षण

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडाः जनपद गौतमबुद्धनगर में शराब की बिक्री और आबकारी नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आबकारी विभाग ने व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर और पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर के पर्यवेक्षण में जनपद के आबकारी निरीक्षकों ने 13 जून 2026 को प्रवर्तन अभियान के तहत विभिन्न देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप तथा बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दुकानों और बारों से संबद्ध कैंटीनों की भी गहन जांच की गई। अधिकारियों ने सभी प्रतिष्ठानों पर आबकारी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ कराए, जिससे बिक्री प्रक्रिया और गुणवत्ता की जांच की जा सके।




### सीसीटीवी और पीओएस मशीन पर विशेष जोर

आबकारी विभाग की टीम ने सभी मदिरा दुकानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। दुकानदारों और अनुज्ञापियों को निर्देश दिए गए कि सीसीटीवी कैमरे रियल टाइम मोड में लगातार संचालित रहें।

इसके अलावा सभी लाइसेंसधारकों को निर्देशित किया गया कि शराब (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीनों के माध्यम से ही की जाए, ताकि बिक्री में पारदर्शिता बनी रहे और राजस्व संबंधी अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

### नियमों के पालन पर रहेगा विभाग का फोकस

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे आकस्मिक निरीक्षण जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित अनुज्ञापियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ईकोटेक-3 पुलिस ने गांजा तस्कर को दबोचा, 1.5 किलो अवैध गांजा बरामद

समाज जागरण संवाददाता ग्रेटर नोएडा, 14 जून। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, रविवार को लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने चौगानपुर चौराहा के पास सीएनजी पंप से पहले ग्रीन बेल्ट सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1.5 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ।




गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंचदेव सिंह पुत्र छतरसिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बागपत जिले के रमाला थाना क्षेत्र का निवासी है और वर्तमान में दिल्ली के लोनी बॉर्डर स्थित अमन कॉलोनी में रह रहा था।

पुलिस पूछताछ में आरोपी से गांजा तस्करी से जुड़े नेटवर्क और अन्य संपर्कों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में थाना ईकोटेक-3 पर मु0अ0सं0 241/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस कारोबार में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सेक्टर-11 उपकेंद्र पर बदले गए पुराने 11 केवी पैनल, ट्रिपिंग और बिजली बाधित होने की समस्या से मिलेगी राहत




समाज जागरण संवाददाता संदीप गर्ग नोएडा के सेक्टर-11 स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बनाने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य पूरा किया गया। रविवार को उपकेंद्र पर पूर्व से स्थापित पांच क्षतिग्रस्त एवं पुराने 11 केवी पैनलों को बदलकर नए पैनल लगाए गए।

विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस कार्य के पूरा होने से आंधी, बारिश और खराब मौसम के दौरान होने वाली विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्या में काफी कमी आएगी। साथ ही बार-बार होने वाली ट्रिपिंग से भी उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

यह कार्य आरडीएसएस (रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) योजना के अंतर्गत कराया गया। कार्य का संचालन सहायक अभियंता अनुराग सक्सेना एवं विकास मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। वहीं अवर अभियंता मोनू कुमार और महेश कुमार, उपकेंद्र स्टाफ तथा मैसर्स यूनिवर्सल की टीम ने सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार कार्य कर इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

### वैकल्पिक व्यवस्था से जारी रही बिजली आपूर्ति

पैनल बदलने के दौरान सेक्टर-11 क्षेत्र के निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विद्युत आपूर्ति वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से सुचारु रूप से जारी रखी गई। पूरे कार्यकाल के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई गई।

### औद्योगिक इकाइयों को भी होगा लाभ

अधिकारियों ने बताया कि नए पैनल स्थापित होने से सेक्टर-11 स्थित औद्योगिक इकाइयों को भी बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से राहत मिलेगी। इससे उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे उत्पादन कार्य प्रभावित नहीं होगा। विद्युत विभाग का कहना है कि भविष्य में भी उपभोक्ताओं को बेहतर और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के ऐसे कार्य जारी रहेंगे।

# JCC सीजन-8 का भव्य आगाज, खिलाड़ियों की नीलामी में दिखा जबरदस्त रोमांच

नोएडा। जूनियर क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकी जूनियर क्रिकेट सीजन-8 का भव्य शुभारंभ रविवार को नोएडा के होटल पार्क एसेंट में हुआ। हाई-वोल्टेज प्लेयर ऑक्शन के दौरान खिलाड़ियों, फ्रेंचाइजी मालिकों और क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

अंडर-15 जूनियर क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए आयोजित इस नीलामी में 80 प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों पर बोली लगी। कुल 10 फ्रेंचाइजी टीमों ने उभरते क्रिकेट सितारों को अपनी टीमों में शामिल किया। पूरे कार्यक्रम में खिलाड़ियों की बोली और टीम चयन को लेकर रोमांच चरम पर रहा।




आयोजन का नेतृत्व पूर्व बीसीसीआई क्रिकेटर एवं जेसीसी फाउंडर चेयरमैन राज यादव ने किया। उन्होंने कहा कि खउउ का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को पेशेवर क्रिकेट का मंच प्रदान करना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी एवं समाजसेवी उद्योगपति पीयूष द्विवेदी रहे। दोनों अतिथियों ने खउउ सीजन-8 की ट्रॉफी एवं सभी टीमों की नई जर्सी का अनावरण किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी किया गया।

### पूर्व क्रिकेटरों की रहेगी अहम भूमिका

JCC सीजन-8 की खास बात यह है कि इस बार कई फ्रेंचाइजी टीमों के मालिक और कोच पूर्व क्रिकेटर होंगे, जिससे युवा खिलाड़ियों को अनुभवी मार्गदर्शन मिलेगा।

टूनार्मेंट में वीवीआईपी लिटिल चैंप्स, बॉडीकेयर रॉयल्स, नोएडा टाइगर्स सहित कुल 10 टीमें भाग लेंगी। सभी टीमें खिताब जीतने के लिए मैदान में उतरेंगी। कार्यक्रम में पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर लतिका कुमारी की मौजूदगी भी आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है।

खेल, मीडिया और कॉर्पोरेट जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। पूरे समारोह में युवा क्रिकेटरों के चेहरे पर उत्साह और सपनों को साकार करने की चमक साफ दिखाई दी। JCC सीजन-8 को लेकर खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। जल्द ही मैदान पर युवा क्रिकेट का महाकुंभ शुरू होगा, जहां भविष्य के कई सितारे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का स्वच्छता अभियान और फल वितरण

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को नोएडा में भाजपा कार्यकताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान फल वितरण के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

महाराणा प्रताप मंडल में मंडल अध्यक्ष दीनबंधु कुमार के नेतृत्व में निठारी गांव स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सफाई अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर शामिल हुए।

इस अवसर पर नवाब सिंह नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है।

उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा विकसित भारत के संकल्प को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

वहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में मंडल अध्यक्ष रामकिशन यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद त्यागी, जिला महामंत्री अमित त्यागी और करतार चौहान ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। भाजपा के सभी मंडलों में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अनिल पांडे, कार्यक्रम संयोजक एवं मंडल उपाध्यक्ष संजय बैंसला, सुनील, धीरेन्द्र, रवि दत्त शर्मा, अमरकांत शर्मा, संदीप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम हादकपुर में प्राकृतिक आकृति बनी आकर्षण का केंद्र, श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट /ग्राम हादकपुर में जमीन पर उभरी एक प्राकृतिक आकृति लोगों के बीच चर्चा और आकर्षण का विषय बनी हुई है। ग्रामीण इस आकृति को भगवान शिव के वाहन नंदी के स्वरूप से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि इसके समीप मौजूद दूसरी उभरी संरचना को कई लोग प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में मान रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को कुछ लोगों ने जंगल क्षेत्र में बनी इन आकृतियों को देखा, जिसके बाद इसकी जानकारी आसपास के गांवों में फैल गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग स्थल पर पहुंचने लगे। आकृतियों का आकार धार्मिक प्रतीकों से मिलता-जुलता दिखाई देने के कारण लोगों की आस्था उससे जुड़ती जा रही है।

मौके पर पहुंचने वाले श्रद्धालु फूल-माला, नारियल, प्रसाद और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। कई श्रद्धालु इसे भगवान शिव की विशेष कृपा और दिव्य संकेत मान रहे हैं। वहीं कुछ लोग इसे प्रकृति की अनूठी रचना बताकर देखने पहुंच रहे हैं। दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही से क्षेत्र में मेले जैसा वातावरण बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ रही है। आसपास के गांवों से भी लोग इस स्थल को देखने और पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे हैं। महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की राजकीय इंटर कॉलेज प्रारम्भिक परीक्षा-2025 जनपद सम्भल में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न

**समाज जागरण**

संभल/बहजोई।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित राजकीय इंटर कॉलेज प्रारम्भिक परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा आज जनपद सम्भल के 06 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई।

जनपद के कुल 06 परीक्षा केन्द्रों पर 2,656 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 911 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,745 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केन्द्रवार विवरण निम्नवत है– एम.जी.एम. कॉलेज, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 158 उपस्थित तथा 322 अनुपस्थित रहे। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, चमन सराय, सम्भल में कुल 384 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 122 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 262 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जवाहरलाल मेमोरियल कॉलेज, सिरसी में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 171 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 309 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हिन्द इंटर कॉलेज, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 160 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 320 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय, हयातनगर, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 172 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 308 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जे.डी.यू. इंटर कॉलेज, सराय तरीन, सम्भल में कुल 352 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 128 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 224 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा अवधि के दौरान समस्त केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी गई तथा आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया गया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर लक्ष्मी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर, सदर विधायक मनीष असीजा ने किया शुभारंभ, 44 लोगों ने किया रक्तदान।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**





फिरोजाबाद। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लक्ष्मी हॉस्पिटल में नौजवान समाज सेवा समिति एवं लक्ष्मी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ सदर विधायक मनीष असीजा ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस पर फिरोजाबाद में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लक्ष्मी हॉस्पिटल में भी यह सराहनीय पहल की गई है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। दुनिया में ऐसे कई लोग होते हैं जिनका कोई सहारा नहीं होता, लेकिन एक यूनिट रक्त उनके जीवन को बचाने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं और वर्षों से इस अभियान से जुड़े समाजसेवियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता वहीं लक्ष्मी हॉस्पिटल के डायरेक्टर रोहित सिकरवार ने बताया कि 14 जून को पूरे विश्व में रक्तदाता दिवस मनाया जाता है इसी अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक रक्तदान कर रहे हैं उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए

शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज को मानवता एवं सेवा का संदेश दिया।आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी ने किया विभिन्न नर्सरियों का औचक निरीक्षण; पौधों के बेहतर रख-रखाव और स्वच्छता के दिए कड़े निर्देश।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। जनपद में हरियाली को बढ़ावा देने और पौधरोपण अभियान को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रविवार को जिलाअधिकारी द्वारा क्षेत्र की प्रमुख नर्सरियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पौधों की गुणवत्ता, स्वच्छता और नर्सरियों के रख-रखाव की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।

भूड़ापुल स्थित नर्सरी का भ्रमणः जिलाधिकारी ने भूड़ापुल स्थित नर्सरी का विस्तृत भ्रमण किया। वहाँ उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधों, जैसे- गुटेल, आम, जामुन, अनार आदि का बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधों के बेहतर रख-रखाव, नियमित सिंचाई और नर्सरी परिसर में सुव्यवस्थित व्यवस्था व स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बाला जी नर्सरी का औचक निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने विशेष रूप से वमीकंपोस्ट यूनिट, साफ-सफाई और नर्सरी में किए जा रहे उत्कृष्ट रख-रखाव के कार्यों को देखा। उन्होंने सागौन की कटिंग सहित आम, अमरूद, अनार एवं अन्य पौधों की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पौधों की देखरेख और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें ताकि जनपद में पौधरोपण के लक्ष्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से हासिल किया जा सके।

# एस आई आर के बाद वोटर लिस्ट को घर-घर जाकर लिस्ट अवलोकन जागरुक अभियान चलाया

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर शेरकोट। कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर कांग्रेस के जिला महा सचिव व धामपुर विधान सभा प्रभारी फुरकान महमूद अंसारी के नेतृत्व मे चुनाव आयोग द्वारा जारी की गयी एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट को घर-घर जाकर लिस्ट अवलोकन जागरुक अभियान चलाया।

**प्राप्त जानकारी के अनुसार**

प्रदेश भर मे हुए एस आई आर के बाद चुनाव आयोग द्वारा जारी नई वोटर लिस्टो के लिए लोगों मे जागरूक करने को लेकर नगर के मोहल्ला काजी सराय,खुराड़ा सहित आदि मोहल्लो मे घर-घर पहुँच कर वोटर लिस्ट अवलोकन के लिए जागरुकता अभियान चलाते हुए जिन लोगों के वोट गलत तरीके काटे गए हैं अथवा नाम में गड़बड़ी है उसे बूथवार दुरुस्त कराने के लिए जागरुक किया। फुरकान महमूद अंसारी ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे यदि किसी व्यक्ति का वोट कटा हो या नाम गलत हो उन सब का डाटा इकट्ठा किया जा रहा है जिससे लोगों के वोट बन सके या नाम सही कराये जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान सभी विधान सभा मे चलाया जा रहा है।

इस के साथ-साथ नये वोटरो के लिए फार्म 6 भी भरवाकर इकट्ठा किये जा रहे है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना ना करने पड़े। वही फुरकान महमूद अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने एसआईआर के नाम पर बहुत लोगों के वोट कटवाने का काम किया है,लेकिन कांग्रेस पार्टी भाजपा के इन मनसुबे को कामयाब नहीं होने देगी। कांग्रेस कार्यकताओं ने जगह-2 नुकड़ सभा कर लोगों से अपने अपने वोट चैक करने व 18 वर्ष पूर्ण होने वाले बच्चों के वोट भी बनवाने का आह्वान किया।

इस मोके पर फुरकान महमूद अंसारी के साथ हाफिज सद्दन,मास्टर महफूज,नौशाद उर्फ मुन्ना,मैराज सिद्दीकी, फ ईम अहमद,निजामुद्दीन पूर्व सभासद,दिलशाद अहमद,सलीम जावेद आदि मौजूद रहे।

# भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष की दिवंगत मां को समर्पित श्रद्धांजलि सभा

**समाज जागरण**



संभल।भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष कुमार शर्मा की शतवर्षीय माताजी के दिवंगत होने पर उनके निवास दुर्गा कॉलोनी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्थाओं ने दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रभु से सामूहिक प्रार्थना की। भारतीय इतिहास संकलन समिति, हिंदू जागृति मंच, गायत्री परिवार, श्री कल्कि सेना, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, केमिस्ट एसोसिएशन, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, ब्राह्मण शक्ति संघ, विश्व हिंदू परिषद, नगर हिंदू सभा, जिला बार एसोसिएशन, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर पालिका परिषद, भारत विकास परिषद, मेंथा एसोसिएशन, भगत जी इंटरनेशनल स्कूल, दिव्य गंगा मिशन, सर्व ब्राह्मण सभा, सवर्ण एकता मंच, राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम, संस्कार भारती, श्री महाकाल सेवा परिवार, महिला ब्राह्मण सभा, नारी उत्थान समिति, आर्य प्रतिनिधि सभा, पंजाबी संगठन उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ, टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश, ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन, श्री राधा कृष्ण सेवा मंडल, राष्ट्रीय पुरोहित परिषद, श्री विनायक ज्योतिष केंद्र, भारतीय जनता युवा मोर्चा, स्पर्शी पत्रिका प्रकाशन समिति, जिला सीनियर बार एसोसिएशन, गायत्री सेवा आश्रम, सर्व ब्राह्मण राष्ट्रीय महासभा, मानव अधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल संघ, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शोक सभा में उपस्थित होकर दिवंगत श्रीमती कमला देवी शर्मा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की। 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवस्था में परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की तथा शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की सामूहिक प्रार्थना की गई। अंत में सामूहिक रूप से शांति पाठ का गायन किया गया। अध्यक्षता भारतीय इतिहास संकलन समिति के प्रांत अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार रुस्तगी ने की तथा संचालन जिला कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर ने किया।

# शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु डॉ. हिमांशु शर्मा सम्मानित।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद । रविवार को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय योगदान के लिए फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. हिमांशु शर्मा को "भारत रत्न काशी महामना पुरस्कार" से वाराणसी में सम्मानित किया गया। यह सम्मान वाराणसी स्थित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया।

यह सम्मान राष्ट्र, संस्कृति एवं समाज हित में किए जा रहे विशिष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। बीएचयू संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि डॉ. हिमांशु शर्मा लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण योगदान देने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, जिसे भारत की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक माना जाता है, उसी ऐतिहासिक परिसर में यह सम्मान प्राप्त करना डॉ. हिमांशु शर्मा के लिए गौरव का विषय रहा। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों, समाजसेवियों, साहित्यकारों एवं सांस्कृतिक क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में शिक्षा और समाज सेवा को एक साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व बहुत कम देखने को मिलते हैं। डॉ. हिमांशु शर्मा ने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया है कि समर्पण, परिश्रम और सेवा भावना के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने डॉ. हिमांशु शर्मा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. हिमांशु शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही। उपस्थित जनों ने डॉ. हिमांशु शर्मा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# रक्तदान सबसे बड़ा दान : डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन ने लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**समाज जागरण**

संभल। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर,पुरुषोत्तम माह में रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन द्वारा डॉ. सचिन सक्सेना मेमोरियल ब्लड बैंक, सम्भल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ प्रशांत वार्ष्णेय ने किया, और बताया शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध




कराना है. इस शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं क्लब सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रोटेरियन गौरव वार्ष्णेय, रोटेरियन अमित गुप्ता, रोटेरियन अमन वार्ष्णेय, रोटेरियन पंकज ठाकुर ,रोटेरियन पराग आर्य ,रोटेरियन शिवांश अग्रवाल, इंजीनियर मुजक्किर राठौर ने रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि "रक्तदान सबसे बड़ा दान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है।" उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है तथा इससे किसी प्रकार की शारीरिक हानि नहीं होती। एक यूनिट रक्त कई मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भूमिका समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर क्लब सदस्य सुमित वार्ष्णेय के अब तक 45 बार रक्तदान करने की सराहना की गई। इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय उदाहरण बताया गया।

कार्यक्रम में , डॉ. उर्वशी वार्ष्णेय, डॉ ऋतु सक्सेना,क्विटी गंभीर,अवधेश वार्ष्णेय,सुमित अग्रवाल,प्रिय रत्न आर्य, , टिंकू टंडन, आलोक गुप्ता, प्रभात रस्तोगी, प्रियांशु वार्ष्णेय, , मनीष अग्रवाल, विशाल मोंगिया, , , आदि सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन ने भविष्य में भी रक्तदान एवं जन-जागरूकता अभियान निरंतर चलाने का संकल्प व्यक्त किया।

# आस्था ने साइंस घर में चन्द्रयान के क्रियाशील मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण।

**समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें चौदहवें दिवस पर कक्षा 12 की छात्रा कु आस्था ने अपने चन्द्रयान




के क्रियाशील मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि यह मॉडल चंद्रयान-3 मिशन पर आधारित है, जो भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान के इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर विश्व में नया इतिहास रचा। इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला विश्व का चौथा देश तथा दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में पहुँचने वाला पहला देश बना। इस मॉडल के माध्यम से चंद्रयान-3 के प्रमुख भागों, जैसे लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान की कार्यप्रणाली को प्रदर्शित किया गया है। यह मॉडल दशार्ता है कि किस प्रकार वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम, आधुनिक तकनीक और दृढ़ संकल्प के बल पर भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में यह गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की। यह मॉडल विद्यार्थियों में विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा भी प्रदान करेगा।

अश्वनी कुमार जैन ने आस्था के चन्द्रयान के क्रियाशील मॉडल के कलात्मक एवं रचनात्मक मॉडल के प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बहनों का शोषण नहीं होने देंगे - दिलीप

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। श्री नारायण दिव्यांग सेवा समिति कैंप कार्यालय पर रानी नगर में एक बैठक हुई जिसमें में दिव्यांग जनों की समस्या सुनी गई जैसे कि दिव्यांग महिला ससुराल द्वारा परेशान किया जाना उनका घर से निकालना उनको परेशान करना ससुराल में ना रखना काफी दिव्यांगजन महिला परेशान होती हैं उनकी कोई सुनवाई नहीं करता है समिति ने यह जिम्मेदारी आज ली है महिला मोर्चा की महानगर सचिव सपना शर्मा ने कहा हम अपनी दिव्यांग बहनों को शोषण नहीं होने देंगे हम कानूनी कार्रवाई से उनका हक दिलवाएंगे पांच दिव्यांग जनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं थे उन्होंने कहा हमें मैं कोई योजना का लाभ नहीं मिला है नहीं हमारे पास दिव्यांग प्रमाण पत्र है ना ही पेंशन नहीं मिली प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार ने इन सभी दिव्यांगों में समस्या सुनी और कहा आप सभी को योजना का लाभ दिलवाया जायेगा दिव्यांग महिलाओं से भी कहा जो आपका हक है आपको समिति द्वारा हक दिलवायेगी अब दिव्यांग का शोषण नहीं होने देंगे अध्यक्ष ने कहा हमारी समिति द्वारा जिन दिव्यांग भाई बहनों को रोजगार से जुड़ना चाहते हैं वह दिव्यांगजन समिति की कार्यालय पर संपर्क करें जैसे की सिलाई ट्रेनिंग इलेक्ट्रॉनिक लघु उद्योग ट्रेनिंग में आना चाहते हैं वह अपना नाम रजिस्ट्रेशन जरूर कर ले प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार महासचिव विनोद कुमार राठौर प्रवीण सविता महिला महानगर अध्यक्ष अंजना व्यास सपना शर्मा मीरा जोशी नीरू कश्यप पूनम प्रजापति जयमाला वैष्णवी शीतल बृजेश बॉबी दुर्गेश शहजाद मोहम्मद बारिश अभिषेक और सभी उपस्थित रहे।



# बदला हुआ गोरखपुर बनेगा देश के लिए विकास मॉडल: सीएम योगी

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में किया 926 करोड़ की 226 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास**

**- मुख्यमंत्री ने सुपोषण मिशन के द्वितीय चरण का भी किया शुभारंभ, प्रदेश के 2 करोड़ बच्चों को मिलेगा सीधा लाभ**

**- सीएम बोले- गोरखपुर ने विगत 9 वर्षों में बीमारी, बदहाल बुनियादी ढांचे, जलभराव, अपराध और पहचान के संकट से निकलकर विकास, सुशासन और आधुनिक सुविधाओं के नए युग में प्रवेश किया**

**- चारों दिशाओं में कहीं भी जाएं आपको गौरव और सम्मान मिलेगा, 25 करोड़ उत्तर प्रदेशवासी आज इस नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहे हैं: मुख्यमंत्री**

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 14 जून। गोरखपुर को विकास का बेहतरीन मॉडल बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में शहर ने बीमारी, बदहाल बुनियादी ढांचे, जलभराव, अपराध और पहचान के संकट से निकलकर विकास, सुशासन और आधुनिक सुविधाओं के नए युग में प्रवेश किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन और बुनियादी ढांचे से जुड़ी नई परियोजनाओं के जरिए गोरखपुर आने वाले समय में देश के लिए एक आदर्श शहरी विकास मॉडल बनकर उभरेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में 926 करोड़ रुपये की लागत से 226 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बदला हुआ गोरखपुर, बदलते उत्तर प्रदेश और विकसित भारत की नई पहचान का प्रतीक है।

**जब मां स्वस्थ होगी, तभी बच्चा स्वस्थ होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर महानगर की लगभग एक हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है। यह दिन प्रदेश के लिए अत्यंत गौरवशाली और ऐतिहासिक भी है, क्योंकि हम प्रदेश के सुपोषण मिशन के द्वितीय चरण का शुभारंभ भी कर रहे हैं। इस योजना का लाभ आने वाले समय में प्रदेश के लगभग 2 करोड़ बच्चों को मिलेगा। अगर बचपन सुरक्षित है, तो भविष्य भी सुरक्षित है। इस बचपन को मजबूत बनाने के लिए सबसे पहले गर्भवती महिलाओं में कुपोषण की समस्या का समाधान करना आवश्यक है। जब मां स्वस्थ होगी, तभी बच्चा स्वस्थ होगा। जो भी बच्चा पैदा होता है, उसके जीवन के प्रारंभिक हजार दिन बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। यदि इन हजार दिनों में बच्चे की उचित देखभाल की जाए, तो न केवल उस परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के लिए एक सशक्त नींव तैयार होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चा केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि समाज का और अंततः पूरे राष्ट्र का भविष्य होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हमने वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर-कमलों से प्रयागराज में 'टेक होम राशन' (टीएचआर) प्रणाली शुरू की थी। इसके तहत 4000 से अधिक महिला स्वयंसेवी समूहों द्वारा प्रदेश के विभिन्न विकास खंडों में प्लांट स्थापित किए गए, जहां धात्री महिलाओं और कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक रेसिपी तैयार करके अनुपूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। जहां टीएचआर प्लांट से सीधे वितरण संभव नहीं है, वहां नेफेड के माध्यम से सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं।

**लगभग 2 करोड़ बच्चों को अनुपूरक पौष्टिक आहार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि जब बच्चा तीन वर्ष का हो जाए, तो उसे आंगनवाड़ी केंद्रों में छह वर्ष की आयु तक अच्छा पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही वहां खेल-खेल में सीखने, अक्षर ज्ञान प्राप्त करने और समग्र विकास के लिए बाल वाटिका तथा प्री-प्राइमरी शिक्षा के कार्यक्रम को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद में प्रवेश की आयु 6 वर्ष है और तीन से छह वर्ष तक का समय बच्चों के सीखने और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण व मूल्यवान है। इसी को ध्यान में रखकर बाल वाटिका और प्री-प्राइमरी शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश भर में 70 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों में प्री-प्राइमरी और बाल वाटिका के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों में लगभग 2 करोड़ बच्चे अनुपूरक पौष्टिक आहार प्राप्त कर रहे हैं। वहां अक्षर ज्ञान, खेल-आधारित शिक्षा की बेहतरीन व्यवस्था भी उपलब्ध है।

**अब कोई गोरखपुर से परहेज नहीं करता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बदले हुए गोरखपुर को देखा है। आज से मात्र 9 वर्ष पहले गोरखपुर कैसा था? बीमारी, बिजली नहीं, सड़कों पर गड्ढे, जलभराव, मच्छर, गंदगी, बाढ़, बेरोजगारी, व्यापारियों की सुरक्षा नहीं, बेटियों के लिए उत्तम शिक्षा की व्यवस्था नहीं, किसानों के लिए कोई सुविधाएं नहीं, परंपरागत उद्यमों के संरक्षण के लिए कोई कार्यक्रम नहीं और गरीबों के कल्याण के लिए कोई योजनाएं भी नहीं। 2017 से पहले गोरखपुर में बिजली मुश्किल से 5-6 घंटे ही मिल पाती थी और उसके लिए भी सड़कों पर आंदोलन करना पड़ता था। इंसेफेलाइटिस की बीमारी किस कदर कहर ढा रही थी, सैकड़ों बच्चों की मौत हो रही थी, यह किसी से छुपा नहीं है। पूरा महानगर गंदगी के आगोश में डूबा रहता था। एक तरफ बंद पड़ा फर्टिलाइजर कारखाना हमें चिढ़ाता था, दूसरी तरफ बीमार बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर की पहचान बन चुका था। लखनऊ जाने में 6-8 घंटे लगते थे, वाराणसी जाने में 5-6 घंटे। रामगढ़ताल गंदगी का गढ़ बना हुआ था। गोरखपुर का नाम सुनते ही लोग डर जाते थे। ऐसा लगता था मानो यह आतंक का पर्याय बन गया हो। बेटियां शाम को घर से बाहर निकलने में भी डरती थीं। लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। कैसे किसी शहर का कायाकल्प होता है, कैसे विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाता है और कैसे एक प्रदेश व एक देश गौरव के साथ सिर ऊंचा करके चलता है, अब यह स्पष्ट दिख रहा है। आज भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है, उत्तर प्रदेश का सम्मान बढ़ा है और गोरखपुर का भी सम्मान बढ़ा है। अब कोई गोरखपुर से परहेज नहीं करता, दूरी नहीं बनाता।

# विशाल रक्तदान शिविर मे 31 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

## "रक्तदान सर्वोत्तम दान" - ए.के. मित्तल, युवाओं से 3 माह में रक्तदान का आह्वान किया नीरज शर्मा ने

**समाज जागरण**

अमीनगर सराय। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को अमीनगर सराय स्थित बाबा लालमन दास दिगंबर जैन अतिथि भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 31 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम भारतीय रेडक्रॉस समिति बागपत शाखा, लायंस क्लब अग्रवाल मंडी डि० 321 सी-1 और न्यूट्रिमा ब्लड सेंटर मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता लायन संजय गोयल और रेडक्रॉस के सभापति लायन पंकज गुप्ता ने




की। विधिवत उद्घाटन भाजपा बागपत जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2024-25 PMJF लायन ए.के. मित्तल रहे। मुख्य संयोजक लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि शिविर में 31 रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथियों ने सभी रक्तवीरों का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया। लायन ए.के. मित्तल ने कहा कि रक्तदान सर्वोत्तम दान है। एक यूनिट रक्त से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है। जिला ध्यक्ष नीरज शर्मा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इससे न सिर्फ जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि दाता का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। रक्त संग्रहण का कार्य न्यूट्रिमा ब्लड सेंटर मेरठ के मैनेजर मुकेश पाल के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने किया। टीम में डॉ. श्वेता गर्ग, डॉ. संदीप कुमार गर्ग, डॉ. अंशुमान शर्मा, डॉ. अक्षय राणा, अतुल शर्मा, शादिया और राहुल नेगी शामिल रहे। सभी ने सुचारू रूप से रक्तदान प्रक्रिया संपन्न कराई। शिविर को सफल बनाने में संयोजक लायन संजय गर्ग, समाजसेवी

ईश्वर अग्रवाल, लायन राकेश बंसल, लायन शिवकुमार मित्तल, लायन नितिन मित्तल, लायन दीपक गोयल, लायन डॉ. मयंक गोयल, दिव्यांश गोयल और भाजपा जिला उपाध्यक्ष लायन श्यामसुंदर गर्ग का विशेष सहयोग रहा। समापन पर सभी सहयोगियों और रक्तवीरों का आभार व्यक्त किया गया।

# मोदी सरकार के 12 साल: मंत्री जसवंत सैनी बोले- वादे नहीं, काम देखती है जनता

## कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता; धारा 370, राम मंदिर और मुफ्त राशन को बताया बड़ी उपलब्धि

**समाज जागरण**

बागपत। मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता हुई। प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने सरकार को विश्वास, विकास और सुशासन का स्वर्णिम अध्याय बताया। संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि 2014 में देश ने मोदी पर भरोसा किया। 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने चुनकर साफ कर दिया कि देश वादे नहीं, काम देखता है। मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा में धारा 370 हटाने और राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक फैसले हुए। तीन तलाक कानून और सीएए से वंचित वर्गों को न्याय मिला। गरीब कल्याण में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 4 करोड़ से ज्यादा पीएम आवास और 12 करोड़ शौचालय बने। महिला सशक्तिकरण के लिए 10 करोड़ से अधिक उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए गए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास हुआ। किसानों को किसान सम्मान निधि से सालाना 6000 रुपये मिल रहे हैं। स्वास्थ्य में 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत का लाभ मिला। दुनिया का



सबसे बड़ा वैक्सीनेशन अभियान सफल रहा। मंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। डिजिटल पेमेंट में यूपीआई से भारत विश्व में आगे है। 177 देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं, यह हमारी संस्कृति की ताकत है। बागपत की चर्चा करते हुए बोले कि दिल्ली-सहारनपुर रोड और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से जिले की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। हर घर जल, पीएम आवास और किसान सम्मान निधि का लाभ हर पात्र तक पहुंचा है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, विधायक योगेश धामा, विधायक डॉ. अजय कुमार, डीएम अस्मिता लाल, एसपी सूरज कुमार राय, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. तीरथ लाल, जिला उपाध्यक्ष शिवेंदु दत्त शर्मा, मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, सूचना अधिकारी राहुल भाटी, जिला महामंत्री अजय शर्मा, जिला मंत्री दीपक भारती, सुंदर धामा, अमित उपाध्याय, नवीन प्रधान समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सरूरपुर कला में 'सेवा-सुशासन' पर गूंजा संकल्प, मोदी के 12 साल पर लगा संगोष्ठी

## भाजपा ने मनाया मोदी के 12 साल का कार्यकाल, कुलदीप भारद्वाज ने गिनाई उपलब्धियां

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरूरपुर कला गांव में रविवार को 'मोदी जी के 12 साल बेमिसालः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 साल में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव देखे हैं। योजनाओं का लाभ अब सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। न कोई बिचौलिया, न कोई भेदभाव।



कुलदीप भारद्वाज ने कहा कि जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से गरीब, किसान, महिला और युवा सशक्त हुए हैं। भारत आज विश्व पटल पर गौरव के साथ खड़ा है। यह 12 साल सिर्फ शासन के नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास के साल हैं। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बड़ी रुचि के साथ मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी ली। वक्ताओं ने बताया कि कैसे पारदर्शिता और तकनीक से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी और विकास गांव-गांव तक पहुंचा। इस मौके पर मोहन पाल शर्मा, धर्म, देवेंद्र, अनिल, तेजपाल शर्मा, इंजीनियर रॉकी शर्मा, सोनवीर, मंडल उपाध्यक्ष, अरविंद, मोहित, कपिल शर्मा मंडल महामंत्री, हरिओम, मास्टर जगदीश, सुरेश, राजवीर, तेजवीर प्रधान, उदय प्रकाश, जयप्रकाश, मोहित, सचिन सूप सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल को 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' का स्वर्णिम काल बताया।

# पत्थर वाली मंडी पर लगी 'सारथी की 42वीं रसोई', जरूरतमंदों को बंटा भोजन प्रसाद

## 12वीं में टॉप करने वाले अर्जुन खोकर को पुलिस निरीक्षक ने किया सम्मानित , 3 साल से चल रही सेवा यात्रा

**समाज जागरण**

बागपत। सेवा, समर्पण और मानवता की भावना को साकार करते हुए सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को पत्थर वाली मंडी के बाहर, मजदूर पुल के समीप "सारथी की 42वीं रसोई" का गरिमामय आयोजन किया गया। जरूरतमंदों के बीच भोजन रूपी प्रसाद वितरित कर फाउंडेशन ने मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना AHT बागपत के निरीक्षक विनोद कुमार, उप निरीक्षक सरिता सिंह और हेड कांस्टेबल रश्मि चौहान ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने फाउंडेशन की निरंतर सेवा यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में संवेदनशीलता, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाउंडेशन का गौरव बढ़ाने वाले अर्जुन खोकर को निरीक्षक विनोद कुमार ने



स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने अर्जुन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि युवा पीढ़ी की उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होती हैं। पिछले तीन वर्षों से निरंतर संचालित 'सारथी की रसोई' अब केवल भोजन वितरण का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, प्रेम और अपनत्व का प्रतीक बन चुकी है। फाउंडेशन के सदस्यों ने अपने हाथों से प्रसाद वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विकास गुप्ता, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर वंदना गुप्ता, आशा ग्रोवर, अंशिका जैन, मुनेश चौधरी, ममता सुनेजा, बबीता खोखर, रोशनी देवी, अनिल, सुशील कुमार, अंकित कुमार, अरुण कुमार, सचिन खोखर, सत्यप्रकाश आर्य सहित अनेक सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद रहे। फाउंडेशन ने कहा कि सेवा, समर्पण और मानवता के मूल मंत्र के साथ भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। फाउंडेशन का संदेश रहा - "सेवा ही संगठन, मानवता ही धर्म।"

# कस्बा टटीरी में स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा टटीरी स्थित अग्रवाल धर्म शाला में डॉक्टर लाल पैथलैब्स बागपत मेरठ रोड की ओर से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की खून की जांचें उचित दरों पर उपलब्ध कराई गईं, जिसका लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। शिविर के दौरान लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली और सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर हीमोग्लोबिन, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड, टीएसएच, केएफटी (किडनी फंक्शन टेस्ट), एलएफटी (लिवर



फंक्शन टेस्ट), विटामिन बी 12, विटामिन डी 3 सहित कई महत्वपूर्ण जांचें की गईं। साथ ही अनेक लोगों का संपूर्ण शरीर स्वास्थ्य परीक्षण (फुल बॉडी चेकअप) भी किया गया। इस सफल आयोजन में हर्ष भारद्वाज, अनिरुद्ध शर्मा, आशीष शर्मा, नितीश भारद्वाज, पुलकित गोयल, नफीश अहमद, अंकित सिंह, भानु पंडित, सोनू, वंश शेरवाल, विकास कश्यप एवं शिवांशु सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने तथा समय पर बीमारियों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा के निशुल्क कैंप में हुई 80 मरीजों की जांच

**समाज जागरण बागपत।**

बड़ौत में मेन पोस्ट ऑफिस के सामने डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा ने अपने क्लीनिक पर ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि के मरीजों का निशुल्क कैंप लगाया। कैंप सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर लगभग साढ़े तीन बजे तक चला, जिसमें 80 मरीजों की जांच की गई। सभी मरीजों का ब्लड शुगर भी नापा गया। डॉक्टर



सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर को कभी भी हल्के में ना लें, एक बार दवाई शुरू हो जाने के बाद नियमित जांच कराये। खानपान का ध्यान रखें। साथ में नियमित एक्सरसाइज भी करें। इनके कारण से दिमागी परेशानी, हार्ट अटैक ,नसों की परेशानी, किडनी फेलियर आदि बड़ी समस्याएं बन जाती हैं। ब्लड शुगर की जांच गौरव जैन द्वारा की गई। कैंप में सहयोगी छोटे बच्चे केशव शर्मा प्रनीति भी बड़े उत्साह से कैंप में आने वाले मरीजों को देख रहे थे। उदयवीर मनीष आदि ने आने वाले सभी मरीजों को देखने में सहयोग किया। देखने के उपरांत उनको दवाईयां आदि लिख कर दी गई।

# अब्या प्रोडक्शन के अवार्ड शो में सम्मानित हुई कई हस्तियां

**समाज जागरण बागपत।**

अब्या प्रोडक्शन द्वारा दिल्ली के इंडियन इस्लामिक कल्चर सेंटर में हुए एक भव्य समारोह में सुप्रसिद्ध सोशल वर्कर सरबजीत कौर, संजीव सूरमा, संदीप दुग्गल, महिमा कपूर व विक्की बावा को बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता राहुल रॉय द्वारा सम्मानित किया गया।राहुल रॉय हिंदी फिल्म जगत के चर्चित अभिनेता हैं, जिन्होंने फिल्म आशिकी से देशभर में लोकप्रियता हासिल की थी। अब्या प्रोडक्शन के सीईओ योगेश मलिक व एंकर उपमा दुआ के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में सरबजीत कौर, संजीव सूरमा, संदीप दुग्गल, महिमा कपूर व विक्की बावा द्वारा देश व समाज के लिए किये जा रहे कार्यो की सराहना की गई। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने उनके व्यक्तित्व, प्रतिभा और पेशेवर उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। सम्मान प्राप्त करने के बाद सरबजीत कौर, संजीव सूरमा, संदीप दुग्गल, महिमा कपूर व विक्की बावा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बहुत ही गर्व और प्रेरणा की बात है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी अपने कार्यों के माध्यम से देश व समाज में सकारात्मक योगदान देने का प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान राहुल रॉय ने सरबजीत कौर, संजीव सूरमा, संदीप दुग्गल, महिमा कपूर व विक्की बावा की मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रगति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम कला, संस्कृति मनोरंजन जगत से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।




# वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की माता के निधन पर सेवा धाम में शोक सभा, वीआईपी समेत सैकड़ों लोग पहुंचे

## जागौश गांव में हवन-पूजन के बाद हुई श्रद्धांजलि सभा; सांसद, पूर्व विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की माता लीलावती कौशिक के निधन पर रविवार को जागौश गांव की सेवा धाम धर्मशाला में शोक सभा आयोजित हुई। सुबह हवन-पूजन के बाद दोपहर 2 बजे श्रद्धांजलि सभा हुई, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों का भारी जमावड़ा रहा। स्वर्गीय जय भगवान कौशिक की पत्नी लीलावती कौशिक का निधन हृदय को आघात देने वाला रहा। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि माता जी का लंबा अनुभव और सान्निध्य भले साक्षात न मिले, लेकिन उनकी स्मृति हमें हमेशा प्रेरित करेगी। उनका आशीर्वाद अदृश्य रूप में सुरक्षा और मजबूती देता रहेगा। कहा गया कि मां साक्षात परमात्मा का स्वरूप है। मां केवल जन्म देने वाली नहीं, जीवन का आधार भी है। माता-पिता संस्कारित व्यक्ति के लिए सुरक्षा कवच होते हैं। उनके जाने के बाद व्यक्ति खुद को असहाय महसूस करता है, लेकिन उनका आशीर्वाद अप्रत्यक्ष रूप में हमेशा साथ रहता



है। वक्ताओं ने प्रार्थना की कि परमपिता परमात्मा दिवंगत आत्मा को मोक्ष दें। अगर पुनर्जन्म हो तो मनुष्य योनि मिले और सभी ऐश्वर्य-सुखों के साथ आनंदमय जीवन प्राप्त हो। शोक सभा में चेयरमैन अमित राणा उर्फ दुष्यंत तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, जयंत चौधरी के निजी सचिव समरपाल सिंह, सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य, श्रद्धानंद शर्मा, आचार्य उमेश कौशिक, आचार्य संदीप दत्त गौतम, आचार्य प्रवीण पुलस्त्य, आचार्य संजय कौशिक, ब्राह्मण जागरूक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. आरडी शर्मा, राधेश्याम उर्फ बबली शर्मा, पं. विजयपाल शर्मा, विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अजय शर्मा, दिनेश शर्मा, महेंद्र दत्त शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राम हरि पवार, ओमकार दत्त शर्मा, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर, आरआरडी उपाध्याय, रविंद्र भारद्वाज नितिन चौहान पत्रकार समेत बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बगीची मंदिर में जनकल्याण के लिए हुई पूजा - अर्चना

**समाज जागरण बागपत।**

प्राचीन शिव शक्ति सिद्ध पीठ लंगड़े बाबा की बगीची माता कॉलोनी बागपत में पुरुषोत्तम मास में चल रहे दशमहाविद्या एवं विष्णु महायज्ञ के 29वें दिन भी पूजा अर्चना बराबर जारी रही। परम पूज्य गुरुदेव आचार्य मनोज जोशी जी के सानिध्य में समस्त वैदिक ब्राह्मण के द्वारा जनकल्याण के लिए दशमहाविद्या व भगवान विष्णु एवं समस्त देवी देवताओं का पूजन अनुष्ठान किया गया। जिसमें आज के मुख्य यजमान कविंद्र तोमर बड़ौत आचार्य



रोहित बहुखंडी प्रभारी राष्ट्रीय विप्र विद्वत परिषद हरिद्वार उत्तराखंड रहे। यज्ञ का संचालन पंडित आचार्य सोमदत्त शास्त्री व मठाधीश प्रशांत भारद्वाज द्वारा किया गया। शाम के समय में परम पूज्य गुरुदेव आचार्य मनोज जोशी जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत से रुक्मणी मंगल व सुदामा चरित्र के बारे में विस्तार से भक्तों को सुनाया व श्री कृष्ण की अच्छी-अच्छी रचना व अच्छे-अच्छे प्रसंग सुनाये। इस मौके पर सहदेव कश्यप सभासद वार्ड नंबर 14 भवी कश्यप सभासद वार्ड नंबर 10 बिन्नू लाला अमन जींद हरियाणा दक्ष उपाध्याय कार्तिक उपाध्याय बिजेंद्र सभासद मोंटी चौहान सभासद विनोद शर्मा सभासद, समस्त माता कॉलोनी व समस्त क्षेत्रवासी व भक्तजन उपस्थित रहे।

# दुद्धी में चोरों का आतंक: सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष के घर 4.5 लाख की चोरी

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला रजखड़ गांव का है, जहां शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश के घर को निशाना बनाते हुए करीब 4 से 4.5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।



पीड़ित जयप्रकाश ने बताया कि शनिवार रात रोज की तरह पूरा परिवार घर में सो रहा था। इसी दौरान रात करीब एक बजे से तीन बजे के बीच चोर घर के पिछले हिस्से में पहुंचे और सब्बल की मदद से खिड़की की ग्रिल को तोड़कर घर के अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे कीमती जेवरात समेटकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में सोने के झुमके, मंगलसूत्र, नथिया, टॉप्स, मांगटीका समेत अन्य आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा लगभग 40 भर चांदी की पाजेब और दो पायल भी चोर अपने साथ ले गए। पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी गए आभूषणों की कुल कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये है। घर में नकदी नहीं मिलने के कारण चोर केवल जेवरात ही लेकर भाग सके। घटना के बाद जब सुबह परिवार के लोगों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला और खिड़की की टूटी हुई ग्रिल देखकर सभी के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। पीड़ित ने बताया कि चोर अपने साथ बड़े-बड़े पत्थर भी लेकर आए थे। आशंका जताई जा रही है कि यदि परिवार का कोई सदस्य जाग जाता तो बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते थे। बताया जा रहा है कि चोरों ने गांव में ही स्थित अमर सिंह की किराना दुकान का ताला तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन वहां उन्हें सफलता नहीं मिली। इससे स्पष्ट है कि बदमाश पूरी तैयारी के साथ इलाके में चोरी की नीयत से पहुंचे थे। गौरतलब है कि लगभग 12 दिन पहले खजूरी गांव में 20 लाख रुपये की बड़ी चोरी हुई थी, जबकि धनौरा गांव में भी चोरी की घटना सामने आई थी। इन मामलों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने तथा क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते चोरों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो क्षेत्र में अपराध की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

# नोएडा सेक्टर-15A में नालियों के ऊपर बने वेंडिंग जोन का विरोध, स्वास्थ्य से खिलवाड़ का आरोप

**समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर-15A स्थित अल्का सिनेमा के पास बने वेंडिंग जोन को लेकर स्थानीय निवासियों और रेहड़ी-पटरी संचालकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। क्षेत्र के निवासियों ने आरोप लगाया है कि वेंडिंग जोन में कई दुकानें गंदी नालियों और फुटपाथ के ऊपर संचालित हो रही हैं, जिससे न केवल अतिक्रमण की समस्या पैदा हो रही है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

निवासियों का कहना है कि दुकानदार नाली के ऊपर ही अपना सामान रखते हैं और वहीं पर खाद्य सामग्री तैयार कर बेचते हैं। ऐसे में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर किस नियम और मानक के तहत गंदी नालियों के ऊपर वेंडिंग जोन विकसित किया गया और यह व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग की अनुमति से कैसे संचालित हो रही है।

### RWA ने उठाए गंभीर सवाल

सेक्टर-15A के निवासियों और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने इस व्यवस्था का विरोध करते हुए कहा कि खुले नालों के ऊपर खाद्य सामग्री बनाना और बेचना सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने नोएडा प्राधिकरण से पूरे मामले की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। निवासियों का कहना है कि यदि नालियों के ऊपर खाद्य पदार्थ तैयार किए जाएंगे तो संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ेगा, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ सकता है।

### रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने भी किया समर्थन

इस मुद्दे पर रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने भी स्थानीय निवासियों के विरोध को जायज ठहराया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ने कहा कि आरडब्ल्यूए द्वारा उठाई गई आपत्ति पूरी तरह उचित है। उनका कहना है कि नालियों के ऊपर वेंडिंग जोन बनाना और वहां खाद्य सामग्री की दुकानें संचालित करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

उन्होंने कहा, "नोएडा प्राधिकरण को तत्काल कार्रवाई करते हुए नालियों के ऊपर संचालित दुकानों को वहां से हटाना चाहिए और वेंडिंग जोन के लिए उपयुक्त एवं सुरक्षित स्थान सुनिश्चित करना चाहिए।"

### कार्रवाई की मांग तेज

स्थानीय निवासियों ने नोएडा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि वेंडिंग जोन की वैधता, स्वच्छता मानकों और खाद्य सुरक्षा नियमों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

# महिला ने लगाया दामाद पर उसकी पुत्री को जहर देने का आरोप

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग)शहर के मोहल्ला पंसारियान निवासी एक महिला ने अपनी विवाहित पुत्री के साथ मारपीट, उत्पीड़न एवं जान से मारने की नियत से दूसरी महिला के साथ मिलकर पुत्री के पति पर जहर देने का आरोप लगाया है। विवाहिता को गंभीर अवस्था में शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पंसारियान निवासी शमा परवीन पत्नी स्वर्गीय सहाबूदीन ने अपनी पुत्री अदीबा की शादी करीब दो वर्ष पूर्व पूरे रीति रिवाज से मोहल्ला सरवरपीर निवासी साहिल पुत्र गयूर के साथ की थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही साहिल उनकी पुत्री के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता आ रहा है। कई बार समझाने के बावजूद उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। महिला का आरोप है कि साहिल ने अपनी किरायेदार महिला के साथ दूसरी शादी कर ली है। उन्होंने दावा किया कि समरीन पहले से विवाहित है और एक बच्चे की मां भी है। आरोप लगाया गया है कि साहिल उनकी पुत्री को तलाक देने अथवा जान से मारने की धमकी देता है। आरोप है कि रविवार को जब विवाहिता अपने घर पर थी तो इसी दौरान पति और उक्त किरायदार महिला ने उसके साथ मारपीट करते हुए जबरन विषैला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी हालत बिगड गई और उसने मामले की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस कर्मी विवाहिता को जिला अस्पताल तक पहुंचाये बिना ही बीच रास्ते से चले गए। वही विवाहिता की दशा गंभीर होने के कारण उसको मेरठ के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# कांग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन अमेरिकी हमले की निंदा

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग)शहर के धीमानपुरा स्थित कांग्रेस नेता सोहिल धीमान के आवास पर रविवार को कांग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई तथा शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मृत्यु के बाद भारत सरकार का मौन बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस घटना पर अमेरिका द्वारा अफसोस व्यक्त करने और माफी मांगने के बजाय धमकी एवं आदेशात्मक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक संप्रभु और स्वतंत्र राष्ट्र है तथा अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा की रक्षा करना अच्छी तरह जानता है। केंद्र सरकार को इस मामले में मजबूती से अपना पक्ष रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार न तो देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पा रहे हैं और न ही देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपेक्षित दृढ़ता दिखा रहे हैं। बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा, ओमवीर उपा ध्याय, शेखरपाल, रविन्द्र आर्य, डॉ. श्रीपाल सिंह, पंडित ज्योति प्रसाद, सोहिल धीमान, श्रीराम शर्मा, सागर कालखंडे मौजूद रहे।

# हिंदू रक्षा दल की चेतावनी के बाद दोनों स्थानों पर पुलिस बल तैनात

**समाज जागरण**

शामली। हिन्दू रक्षा दल द्वारा धर्मांतरण मामले में युवती के मोहल्ले और डा. खुर्शीद अनवर के क्लीनिक का घेराव करने की चेतावनी दी के बाद दिनभर पुलिस फोर्स तैनात रहा। हालाकि हिन्दू रक्षा दल के पदा धिकारी नही पहुंचे और पुलिस ने राहत की सांस ली।

हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने शहर के मेडिकल व्यावसायी देवराज मलिक के पुत्र आयुष मलिक उर्फ मोहम्मद अली के धर्मांतरण करने को लेकर अपना कडा विरोध प्रकट किया है। उन्होने एक सप्ताह पूर्व शहर के रेलवे स्टेशन पर भी जोरदार प्रदर्शन किया था, जिसमें कैराना सांसद इकरा हसन पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। यही नही उन्होने ईद की नमाज के दौरान का एक फोटो दिखाते हुए शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. खुर्शीद अनवर पर धर्मातरण मामले में शामिल होने का आरोप लगाया था। यह फोटो लगातार सोशल मीडिया पर भी वायरल की गई थी। रविवार को हिन्दू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा द्वारा धर्मांतरण मामले में पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए धर्मांतरण मामले में जेल भेजी गई युवती चांदनी कुरैशी के मोहल्ले और डा. खुर्शीद अनवर के क्लीनिक का घेराव कर तोडफोड करने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद शहर कोतवाली पुलिस अलर्ट हो गई थी। पुलिस ने मिली चेतावनी के बाद शहर के शिव चौक, मोहल्ला काजीवाडा और डा. खुर्शीद अनवर के क्लीनिक के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया था।

पुलिस देर शाम तक तैनात रही, लेकिन हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारी नही पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। वही हिन्दू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह मलिक का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही से वह संतुष्ट है और इसलिए उन्होने अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। उन्होने मांग की कि डॉक्टर खुर्शीद अनवर के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाये।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जन कल्याण शिविर

**समाज जागरण**




कैराना।(फुरकान जंग)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खंड विकास कार्यालय पर तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में रविवार को खंड विकास कार्यालय पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल चौहान व खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान, शिक्षा, चिकित्सा, राष्ट्र की सुरक्षा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के मामले में देश को सबका साथ–सबका विकास के नारे के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे अधिक लंबे समय तक निर्वाचित होकर शासन करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। तीन दिन तक चलने वाले जनकल्याण शिविर में मेडिकल कैंप, बाल विकास विभाग, कृषि विभाग,
समाज कल्याण विभाग, श्रम विकास विभाग आदि के स्टॉल लगाकर जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्या णकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के एडीओ रितु गुप्ता, एडीओ कृषि सत्येंद्र कुमार, एडीओ पंचायत राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# घर के बाहर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

-- दो दिन बाद भी नहीं हुई फायरिंग प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी पीड़ित ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव भारसी में घर के बाहर फायरिंग कर एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दो नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ऋषिपाल पुत्र रामफल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि विगत 12 जून की रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर सो रहा था। इसी दौरान घर के बाहर से गाली-गलौज और फायरिंग की आवाज सुनाई दी। आरोप है कि एक गोली उसके घर के गेट में आकर लगी।शोर सुनकर जब वह छत से बाहर की ओर देखने आया तो सामने गांव के ही दिनेश पुत्र वीरेंद्र, आशु पुत्र तेजवीर तथा एक अन्य युवक खड़े दिखाई दिए। आरोप है कि उसे देखते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नियत से दिनेश ने तमंचे से उस पर फायर कर दिया। हालांकि वह किसी तरह बाल-बाल बच गया। पीड़ित के अनुसार, फायरिंग की आवाज सुनकर आस पास के लोग जाग गए, जिसके बाद आरोपी उसे और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित व्यक्ति ने जनपद के उच्च अधि कारियों से शिकायत कर सुरक्षा की गुहार लगाई है पीड़ित का आरोप है कि तीन दिन बाद भी आरोपी खुले आम घूम रहे हैं जिनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# आयुष मालिक धर्मातरण प्रकरण, मेरी कोई बेटी नहीं देवराज मलिक

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) आयुष मलिक धर्मांतरण प्रकरण से जुड़े एक नए वायरल वीडियो को लेकर जिले में चचाओं का दौर तेज हो गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में एक युवती स्वयं को आयुष मलिक की बहन बताते हुए नजर आ रही है। वीडियो वायरल होने के बाद आयुष मलिक के पिता देवराज मलिक ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। देवराज मलिक ने स्पष्ट रूप से कहा कि वीडियो में दिखाई दे रही युवती उनकी बेटी नहीं है और उसका उनके परिवार से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अपुष्ट और भ्रामक जानकारियों पर विश्वास न करने की अपील करते हुए कहा कि मामले को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। आयुष मलिक धर्मांतरण एवं कथित निकाह प्रकरण को लेकर पहले से चर्चा में रहे हैं। इस मामले में दर्ज मुकदमे के आधार पर पुलिस द्वारा चांदनी कुरैशी, उसके पिता इस्लाम कुरैशी तथा चाचा तौफीक कुरैशी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। वायरल वीडियो को लेकर फिलहाल पुलिस अथवा प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वीडियो में युवती द्वारा किए गए दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि भी नहीं हो सकी है। उधर, देवराज मलिक का कहना है कि वायरल वीडियो के माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, जबकि मामले की जांच और कानूनी प्रक्रिया पहले से ही जारी है।

## गर्मी और उमस ने लोगों का किया जीना मुहाल

**समाज जागरण**

शामली। जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और उमस ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। रविवार को सुबह से ही तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और बाजारों में भी आम दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दी। लोगों ने हालात को देखते हुए इसे गर्मी का कर्फ्यू तक करार दिया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि तापमान बहुत अधिक नहीं था, लेकिन हवा में नमी और उमस के कारण लोगों को वास्तविक तापमान इससे कहीं अधिक महसूस हुआ। दोपहर के समय तेज धूप के चलते लोगों को घरों से बाहर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए लोग सिर पर गमछा, तौलिया और टोपी बांधकर निकलते दिखाई दिए, जबकि कई लोग छाते का सहारा लेते नजर आए। शहर के प्रमुख बाजारों बडा बाजार, गांधी चौक, कबाडी बाजार, माजरा रोड, दिल्ली रोड बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोग छांव की तलाश करते रहे। ठंडे पेय पदार्थों, शिकंजी, नींबू पानी और आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई।

## कांग्रेस नेता के मकान के बाहर से रेहडे में ईटों को भरकर चोरी कर फरार

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के मोहल्ला विश्वकर्मानगर स्थित कांग्रेस नेता के मकान के बाहर से चोर रेहडे में ईटों को भरकर चोरी कर फरार हो गए। ईट चोरी की घटना मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



वही पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला विश्वकर्मानगर निवासी कांग्रेस नेता ओमप्रकाश शर्मा ने अपना मकान के बाहर निर्माण कार्यो के लिए ईटा लगाई थी। जिसके बाद वह दो दिनों के लिए घर से बाहर चले गए थे। बताया जाता है कि रविवार को जब वह घर वापस लौटे तो उन्होने देखा कि घर के बाहर लगाई गई ईटों को चोरों द्वारा चुना लिया गया है। मकान के बाहर लगे कैमरे की जांच की गई तो उसमें बाईक सवार तीन युवक रेंकी करते नजर आ रहे है, जो बाइक में एक रेहडा चालक साथ लाते है और ईटों को रेहडे में भरकर फरार हो गए। कांग्रेस नेता ने कोतवाली पुलिस से मामले में जांच कर चोरों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## ट्यूबवेलों से सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। ट्यूबवेलों से कीमती सामान चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। गांव बराला कुकरहेड़ी निवासी कंवर अली ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार की सुबह जब वह अपनी कृषि भूमि पर पहुंचा, तो देखा कि रात में चोरों ने ट्यूबवेल के कमरों के ताले तोड़कर दो ट्यूबवेलों से स्टार्टर, बिजली की केबल, कटआउट, छत का पंखा, 15 लीटर पेट्रोल, ग्राइंडर, लोहे का सामान, दवाइयां, तांबे का तार तथा अन्य कृषि उपकरण चोरी कर लिए। मामले में पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## साझेदारी के नाम पर ठगी करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। तेल कारोबार में साझेदारी कर मोटे मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपये हड़पने तथा रकम मांगने पर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला खेलकलां निवासी शमीम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह इमा है। करीब ढाई वर्ष पूर्व मोहल्ला इमामगेट निवासी सत्तार ने उसे सरसों के तेल के कारोबार में साझेदारी का प्रस्ताव दिया था। आरोप है कि झांसे में आकर उसने पांच लाख रुपये उसे दे दिए। बाद में उसके परिचित मुरसलीन और शमशाद ने भी तीन-तीन लाख रुपये सत्तार को दे दिए।

लेकिन, कई माह तक कोई मुनाफा नहीं मिला।

रुपये वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और प्रभावशाली लोगों से संबंध होने की बात कहकर धमकियां देता रहा। शनिवार को जब वह अपने साथियों के साथ रकम मांगने सत्तार की दुकान पर पहुंचा, तो उसने अपने पुत्रों जैद और कैफ के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की तथा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लोक स्वास्थ्य सेवा समिति, 100वें शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली के तत्वावधान में प्रत्येक माह आयोजित किए जाने वाले निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर की श्रृंखला में रविवार को 100वें शिविर का आयोजन अस्पताल रोड स्थित समिति कार्यालय पर किया गया। शिविर का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने किया। समिति के महामंत्री संजय कुमार त्यागी ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निःस्वार्थ सेवा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को आयोजित होने वाले इस शिविर का लाभ क्षेत्र के लोग लगातार उठा रहे हैं। 100वें शिविर तक पहुंचना संस्था के लिए गर्व का विषय है। शिविर में कुल 118 जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 82 लोगों को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अब्दुल बासित ने आधुनिक कंप्यूटराइज्ड मशीन के माध्यम से मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस अवसर पर रवि संगल, पवन संगल, प्रवीण शर्मा, नाबील, नरेंद्र, मोनू मौजूद रहे।

# सच्चे भक्त के मन में अपने प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पण, आचार्य बाल योगी पचौरी महाराज

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के श्री सत्यनारायण मंदिर में श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित भक्तमाल कृपा सत्संग एवं कथा के पांचवे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा के दौरान वृंदावन धाम से पधारे संत आचार्य बालयोगी पचौरी महाराज ने भक्तों को भक्ति का महत्व बताते हुए अनेक प्रेरणा दायक प्रसंग सुनाए।

महाराज ने कहा कि सच्चे भक्त के मन में अपने प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पण और सेवा का भाव होता है। उन्होंने कहा कि भक्त शिरोमणि वीर हनुमान इसका सर्वोत्तम उदाहरण हैं, जिन्होंने भगवान श्रीराम के कार्यों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि भक्ति की शक्ति इतनी प्रबल होती है कि वह जड़ को भी चेतन बना सकती है। कथा के दौरान संत नामदेव, मीराबाई और अन्य महान भक्तों के जीवन प्रसंगों का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा और प्रेम से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। उन्होंने संत ज्ञानेश्वर और चांगदेव का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भक्ति और योग की शक्ति के प्रभाव से पत्थर की दीवार भी चलने लगी थी, जिससे चांगदेव का अहंकार समाप्त हो गया और उन्होंने संत ज्ञानेश्वर के चरणों में शीश झुका दिया। बालयोगी पचौरी महाराज ने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में भक्ति, सेवा और सदाचार को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अखिल तायल, मोनू मित्तल, विपिन मित्तल,
संजीव रावल, नितिन बंसल, रजत, आकाश, सचिन मित्तल, योगेश मित्तल, अनिल गोयल,
विपुल मित्तल, पल्लवी मित्तल, अनीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अग्रसेन पार्क में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। (फुरकान जंग) विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शामली शाखा के तत्वावधान में रविवार को अग्रसेन पार्क में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज्य शाखा के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया।

शिविर का शुभारंभ रेड क्रॉस सोसाइटी शामली के अध्यक्ष कुशांक चौहान ने स्वयं रक्तदान कर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की।

रेड क्रॉस परिवार द्वारा आयोजित इस शिविर में कुल 140 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। विशेष बात यह रही कि महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। रक्त दाताओं के उत्साह को देखते हुए आयोजकों ने इसे समाज में बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत बताया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी शामली के अध्यक्ष कुशांक चौहान तथा नगर पालिका चेयरमैन अध्यक्ष अरविंद संगल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी समय किसी भी व्यक्ति को पड़ सकती है, इसलिए समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में ब्लड कमेटी के सदस्य अजय संगल, डॉ. नदीम, डॉ. अक्षय, अंशुल संगल, अजय चौहान, विपिन चौहान, सुरेंद्र चौहान, नदीम, रवि कुमार, डॉ. सौरभ सिंह, नूतन पांडे, कुमारी काजल मौजूद रहे।

# अपहरण मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप, डीआईजी से लगाई गुहार

**समाज जागरण कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सहारनपुर मंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी रामकिशन पुत्र प्रकाशा ने डीआईजी को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव निवासी मोनू पुत्र हरपाल विगत 21 मई को कथित रूप से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने अगले दिन थाने पहुंचकर शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।पीड़ित का आरोप है कि कई बार थाने के चक्कर लगाने के बावजूद पुलिस ने उसकी पुत्री की बरामदगी के लिए कोई प्रयास नहीं किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक शामली से शिकायत की, जिसके बाद थाने की पुलिस ने छह जून को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने आरोपी की तलाश और नाबालिग पुत्री की बरामदगी के लिए गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी के घर जाकर भी पुलिस द्वारा कोई पूछताछ नहीं की गई तथा थाने पर जाने पर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता।पीड़ित ने डीआईजी से अपनी नाबालिग पुत्री की शीघ्र बरामदगी तथा आरोपी और उसके सहयोगियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित व्यक्ति ने अपना एक शिकायती पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री को भेज कर न्याय की गुहार लगाइए और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाये है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मुजफ्फरनगर जनपद के बघरा निवासी 22 वर्षीय रिहान पुत्र इस्लाम दो दिन पूर्व बाइक से कांधला कस्बे से शामली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गांव नानूपुरी के निकट पहुंचा, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिहान गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी थी। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।मृतक के पिता इस्लाम ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भिवानी के विनोद गेट पर बारिश जैसी आपदा के चलते फिर धंसी सड़क

## : 12वीं बार जमीन में धंसी सड़क, सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक

: जमीन में धंसी सड़क वाहन चालकों के लिए बनी जानलेवा खतरा

: सड़क सुरक्षा कारसेवा व हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान से किया सतर्क

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। शहर के विनोद गेट स्थित पेट्रोल पंप के सामने एक बार फिर सड़क जमीन में धंस जाने से वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। सर्कुलर मार्ग पर स्थित यह सड़क पिछले कुछ वर्षों में करीब 12 बार जमीन में धंस चुकी है, लेकिन संबंधित विभाग अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं कर पाया है। सड़क धंसने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन अचानक उछल जाते हैं, जिससे हादसों की आशंका लगातार बनी रहती है।

सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति ने अपने सड़क सुरक्षा कारसेवा व हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत इस खतरनाक स्थान पर वाहन चालकों को जागरूक करने का कार्य किया। संस्था के अध्यक्ष ने सड़क के धंसे हुए हिस्से के पास संकेतक पत्थर, रिफ्लेक्टर पट्टी और अन्य चेतावनी चिन्ह लगाकर लोगों को सावधानी से वाहन चलाने का संदेश दिया। सड़क सुरक्षा कारसेवा के सूत्रधार एवं हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान भारत सरकार के सदस्य अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि जब इस सड़क का निर्माण किया जा रहा था, तभी उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल



उठाए थे। उनका कहना है कि बार-बार सड़क का धंसना इस बात का संकेत है कि समस्या की जड़ तक पहुंचकर समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि जब भी क्षेत्र में बारिश,अधिक जलभराव या बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति बनती है, तो यह सड़क दोबारा जमीन में धंस जाती है। भारद्वाज ने कहा कि तेज गति से आने वाले वाहन चालक अचानक सड़क के धंसे हिस्से में पहुंचकर नियंत्रण खो सकते हैं। कई बार वाहन इस स्थान पर हवा में उछलते हुए दिखाई दिए हैं, जिससे गंभीर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने संबंधित विभाग, जिला प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस, भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ तथा सांसद धर्मवीर सिंह से इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए संज्ञान में दिया है ताकि समस्या जल्द हल हो जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक सड़क की मजबूती से मरम्मत नहीं होती, तब तक यहां बैरिकेड्स, चेतावनी बोर्ड और अन्य सुरक्षा प्रबंध किए जाएं ताकि वाहन चालक पहले से सतर्क हो सकें।

संस्था का कहना है कि पिछले करीब पांच वर्षों से वह इस स्थान पर लगातार इस प्रकार की आपदा व समस्या के कारण सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रही है, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना और जनहानि को रोका जा सके।

# सिवानी में 17 जून को आयोजित खादी रोजगार उत्सव होगा ऐतिहासिक, मुख्यमंत्री देंगे गरीब , किसान व मजदूर हित में नायाब तोहफा : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

## मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष : विकसित भारत के संकल्प को साकार करती मोदी सरकार : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 14 जून। प्रदेश के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 जून को सिवानी में आयोजित होने वाले खादी रोजगार उत्सव में प्रदेश के गरीब, किसान, मजदूर एवं युवाओं के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं कर उन्हें नायाब तोहफा देंगे। उन्होंने सिवानी क्षेत्र के सभी कार्यकताओं एवं आमजन से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

सिवानी स्थित विश्राम गृह में रविवार को पार्टी पदाधिकारियो एवं कार्य कताओं की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि खादी रोजगार उत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम जनभागीदारी और उपस्थिति के दृष्टिकोण से अब तक का सबसे बड़ा एवं ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार निरंतर जन कल्याण



कारी नीतियों को लागू कर रही है तथा प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि खादी रोजगार उत्सव केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि युवाओं को रोजगार, स्वरो जगार तथा आत्मनिर्भरता से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के नए मानक स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा डिजिटल इंडिया अभियान जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से गरीबों को आवास, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वच्छ ईंधन, स्वच्छता सुविधाएं तथा डिजिटल सेवाओं का लाभ मिला है।

जेपी दलाल ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम, संगोष्ठियां, सेवा गतिविधियां तथा पर्यावरण संरक्षण अभियान आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य आमजन को सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं से अवगत कराना है।

**पौधारोपण अभियान का शुभारंभ, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने रविवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने पौधा लगाकर अभियान की शुरूआत की तथा उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर और उनका संरक्षण कर हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन वंदना केडिया, चेयरमैन संजय राहड़, उद्योगपति राजेश केडिया, टोनी बराला, चेयरमैन उग्रसेन बिरड़ा, पूर्व चेयरमैन सुरेश खटक, पार्षद प्रणव गोयल, रुलीराम जांगड़ा, कुलदीप देहडू, विवेक सोनी, सोमबीर श्योराण, सुनील थेबड़, अमित लोहिया, जिला पार्षद मुकेश डालमिया, विक्रम जांगड़ा, बजरंग बाना, गोविंद बंसल,

सुनील पिलानिया, प्रदीप पिलानिया, सरपंच अतर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएससी वीलई की कमाई बंद, भविष्य संकट में

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) देश भर में कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी संचालित करने वाले लाखों वीएलई आज गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। डिजिटल इंडिया अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले वीएलई का कहना है कि अधिकांश सेवाओं पर मिलने वाला कमीशन लगातार घटता जा रहा है, जबकि किराया, बिजली बिल, इंटरनेट, स्टाफ और अन्य संचालन खर्च लगातार बढ़ रहे हैं।

वीएलईयों ने बताया है कि नई सेवाओं से अपेक्षित आय नहीं हो पा रही, जिससे लाखों रुपये का निवेश करने के बावजूद केंद्र चलाना मुश्किल होता जा रहा है। कई संचालकों ने अपने सीएससी केंद्र बंद कर दिए हैं, जबकि अनेक अन्य बंद करने की कगार पर पहुंच चुके हैं। उनका कहना है कि सरकार और




सीएससी प्रबंधन की ओर से पर्याप्त आर्थिक सहायता या राहत नहीं मिल रही है। वीएलई संगठनों ने मांग की है कि कमीशन संरचना में सुधार किया जाए, नियमित आय देने वाली नई सेवाएं शुरू की जाएं तथा संचालन लागत कम करने के लिए विशेष सहायता प्रदान की जाए। उनका कहना है कि सीएससी केवल सेवा केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के डिजिटल सशक्तिकरण की मजबूत कड़ी हैं। यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच प्रभावित हो सकती है।

# ईडी की शिकायत पर अमरीकी संगठन समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज, अवैध विदेशी धन के इस्तेमाल का आरोप

**(रघुनंदन पराशर /समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

नई दिल्ली,14 जून ;प्रवर्तन निदेशालय-ईडी की शिकायत पर एक अमरीकी संगठन और छह अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि विदेशी डेबिट कार्डों के जरिए भारत में अवैध रूप से विदेशी धन का इस्तेमाल किया गया।बेंगलुरु के कोथनूर थाने में इस संबंध में भारतीय




न्याय संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। ईडी के अनुसार, जांच में पता चला है कि नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच करीब 92 करोड़ 55 लाख रुपये का इस्तेमाल नियमों का उल्लंघन करते हुए किया गया। एजेंसी का कहना है कि यह धन विदेशी डेबिट कार्डों के माध्यम से निकाला गया और विभिन्न स्थानों पर खर्च किया गया।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर राजमंत्री ने गिनाई उपलब्धियां: विकास, नेटवर्क, अवैध अस्पताल और वन संपदा पर बोले प्रभारी मंत्री

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को चुर्क स्थित सर्किट हाउस में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में जनपद प्रभारी मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

मीडिया द्वारा अवैध अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों के कारण होने वाली मौतों के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि किसी अवैध अस्पताल या डॉक्टर की लापरवाही से किसी व्यक्ति की मौत होती है तो मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। हर घर नल योजना में आने वाली समस्या की वजह से पानी रोजाना न पहुंचने पर उन्होंने कहा हर घर नल योजना से वंचित लोगों तक जल्द पहुंचाया जाएगा पानी। 28 तक पूरे सोनभद्र को योजना से संतृप्त करने का लक्ष्य है। जहां पानी नहीं पहुंचा है, वहां जांच कर होगी कार्रवाई। जिले में नेटवर्क की समस्या पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह गंभीर विषय है। संबंधित विभागों से सर्वे कराकर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा



चुनाव से पहले नेटवर्क व्यवस्था में सुधार हो, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे, हालांकि इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती। प्रस्तावित बिजली परियोजनाओं के कारण लाखों पेड़ों की कटाई और वन संपदा को होने वाले नुकसान के सवाल पर मंत्री ने कहा कि इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। परियोजनाओं से जनता को होने वाले लाभ और पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन कर आगे निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां पेड़ काटे जाएंगे, वहां उनकी भरपाई के लिए बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाएगा। "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण और उनकी सुरक्षा के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। खेल सुविधाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि सोनभद्र में एक आधुनिक स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से बातचीत हुई है और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा राम मंदिर दानपात्र चोरी मामले में गठित एसआईटी द्वारा जांच जारी है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं गाजीपुर में कथित फर्जी एनकाउंटर के सवाल पर उन्होंने कहा कि जांच के बाद यदि कोई कार्रवाई गलत पाई जाती है तो संबंधित लोगों पर कार्रवाई होगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में सड़क, पेयजल, शिक्षा, खेल और संचार सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर क्रिकेट मैच के जरिए दिया रक्तदान और नशामुक्ति का संदेश

## : फोटोग्राफर टीम ने मीडिया टीम को हराकर जीती ट्रॉफी, विक्रम बने मैन ऑफ द मैच

: युवाओं से आह्वान—नशा नहीं, सेवा का जुनून अपनाएं

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर गांव ढाणा नरसान स्थित क्रिकेट मैदान में रक्तदान के प्रति जागरूकता और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देने के उद्देश्य से एक टी-20 क्रिकेट मुकाबले का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति के बैनर तले किया गया, जिसमें रैड इंडिया और ग्रीन इंडिया टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। रैड इंडिया टीम में भिवानी मीडिया के खिलाड़ी शामिल थे, जबकि ग्रीन इंडिया टीम भिवानी फोटोग्राफर स्पोर्ट्स एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व कर रही थी। मुकाबले का शुभारंभ हरियाणा ग्रामीण बैंक के मैनेजर भूपेंद्र वर्मा द्वारा टॉस कराकर किया गया। टॉस जीतकर ग्रीन इंडिया ( फोटोग्राफर टीम) ने पहले बल्ले बाजी का फैसला किया। कप्तान विक्रम जांगड़ा, योगेश भारद्वाज, दीपक कुमार, राजेंद्र, हैप्पी कुमार और अशोक तंवर सहित अन्य



खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम ने निर्धारित ओवरों में 175 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रैड इंडिया (मीडिया टीम) की शुरूआत अच्छी रही, लेकिन प्रमुख बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने से टीम दबाव में आ गई। दीपक कुमार शर्मा, मनजोत सिंह, नवीन कुमार, सुंदर और जॉनी ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन पूरी टीम 135 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह ग्रीन इंडिया ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच अंतिम ओवरों तक रोमांचक बना रहा। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले ग्रीन इंडिया के कप्तान विक्रम जांगड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं रैड इंडिया टीम के मनजोत सिंह को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान दिया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि महंत चरण दास महाराज ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर महंत चरण दास महाराज, बैंक मैनेजर भूपेंद्र वर्मा तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं प्रतियोगिता संयोजक अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने युवाओं से जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए नियमित रक्तदान करने और नशे से दूर रहकर समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कहा कि रक्तदान करने के बाद जल्द ही खून शरीर में तैयार हो जाता है।

# श्री बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन सम्पन्न, पहुँची 93वीं पैदल ध्वजा यात्रा

## श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर बालाजी महाराज के भजनों का लिया आनंद

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 14 जून । भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। धाम के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में आंखों की जांच, दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी, मेडिसिन द्वारा उपचार की सुविधा दी जाती है। सभी मरीजों को दवाइयाँ एवं चश्मे निःशुल्क वितरित किए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर बालाजी महाराज के भजनों का आनंद लिया अमन कौशिक,सुनील शर्मा एवं अमित कौशिक ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जबकि रिंकू महादेव द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक झांकियाँ



प्रस्तुत की गईं।--प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार शनि देव मित्र मंडल, तेज कॉलोनी रोहतक एवं अन्य भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से श्री बालाजी धाम डोभ तक पैदल ध्वजा यात्रा निकाली जाती है। इस रविवार 93वीं पैदल ध्वजा यात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धाम पहुँची। यात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर जय श्री राम के जयकारों एवं भजनों के साथ झूमते-गाते हुए धाम तक पहुँचते हैं।

यात्रा के दौरान दो स्थानों पर भक्तों के विश्राम एवं जलपान की व्यवस्था की जाती है। पहला पड़ाव खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस तथा दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर, भिवानी रोड पर रखा जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम से वापसी हेतु निःशुल्क ऑटो सेवा भी उपलब्ध करवाई जाती है। इस अवसर पर हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, पंकज पाहवा, मुकेश पाहवा , हमारे सरताज श्री बालाजी महाराज मंडल के सदस्य, बलदेव कत्याल, शिवम कत्याल, तुषार तनेजा, सौरव निझावन, नंदन मिश्रा, सुनील यादव, निखिल चिन्दा,सुनील यादव, राजेश गोयल, पंडित नरेश कौशिक, सुनील निमड़ी, सोनू निमड़ी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे

# ज्ञानी रघबीर सिंह को अकाल तख्त द्वारा पंथ से निकाल देना चाहिए : निधड़क सिंह बराड़

**(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब रघुनंदन पराशर)**

जैतो, 14 जून : पंजाब के पूर्व स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर और सीनियर भाजपा लीडर निधड़क सिंह बराड़ ने एक बयान में कहा है कि श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने सरकार की बनाई पुलिस एसआईटी के सामने पेश होकर अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ जो बयान दिया है, वह साफ तौर पर पूर्व जत्थेदार रघबीर सिंह और दूसरों की गिरी हुई सोच का सबूत है और इससे हमें एहसास होता है कि वह सिर्फ पर्सनल बदला लेने के लिए सभी मान्यताओं को नजरअंदाज करके सरकार की गोद में बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब की परंपराओं ने उन्हें बहुत नुकसान पहुंचाया है। सुखबीर सिंह बादल ने 2 दिसंबर



को अपनी सरकार के समय हुए बहबल कलां फायरिंग कांड की नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी ली थी, न कि किसी साजिश के तहत लोगों पर फायरिंग की सीधी जिम्मेदारी ली थी और न ही कोई कबूलनामा दिया था। श्री अकाल तख्त पर पेश होकर कहा कि कबूलनामे सिख परंपराएं हैं। यह मानसिक शुद्धि के लिए किया गया था। इसलिए, भले ही उन्हें उनकी निजी इच्छाओं और गलतियों के कारण उनके पद से हटा दिया गया हो, दरबार साहिब के हेड ग्रंथी रहते हुए, प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए और अपनी मर्जी से दूसरे काम करते हुए, उन्हें सरकार का मुखिया नहीं होना चाहिए था। इसलिए, उन्होंने अपनी निजी रंजिश के कारण महान परंपराओं को तोड़ा, जिससे हर सिख का दिल टूट गया है, चाहे वह सुखबीर सिंह बादल का राजनीतिक विरोधी हो, कितने छोटे लोग इतने ऊंचे पदों पर बैठे थे। ज्ञानी रघबीर सिंह, जो बाहर से इतने मासूम और साफ दिखते हैं, उनके अंदर से किस तरह के नैतिक मूल्य हैं, यह सामने आ गया है। इसलिए, श्री अकाल तख्त साहिब को परंपराओं को नुकसान पहुंचाने के लिए ज्ञानी रघबीर सिंह को खालसा पंथ से निकाल देना चाहिए।

# अनपरा तापीय परियोजना में चला वृहद स्वच्छता अभियान

## स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण ही सच्ची उन्नति का आधार - सीजीएम

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। अनपरा तापीय परियोजना प्रबंधन द्वारा भारत सरकार के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत कॉलोनी परिसर में प्रत्येक रविवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को कॉलोनी स्थित हाथी पार्क में सुबह सात बजे से परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक इं. अजय कुमार कटियार के नेतृत्व में वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अभियान में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों,श्रावणी मेला समिति के पदाधिकारियों तथा स्थानीय खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक इं. अजय कुमार कटियार ने स्वयं श्रमदान कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्लांट एवं कॉलोनी परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं रोगमुक्त बनाना तथा नागरिकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है।

विदित हो कि परियोजना प्रमुख द्वारा तापीय परियोजना के विभिन्न कार्य स्थलों तथा संवेदनशील स्थानों पर लगातार निरीक्षण कर स्वच्छता का जायजा लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिया जा रहा रहा है जिससे की इस भीषड़ गर्मी में किसी प्रकार की आग की दुर्घटना से बचा जा सके। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आगामी रविवार को गांधी उपवन एवं हाथी पार्क में भी विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। परियोजना प्रबंधन ने अधिक से अधिक लोगों से अभियान में सहभागिता करने की अपील की है।

# उन्नत भारत अभियान के तहत पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंगापुर, वाराणसी के 'उन्नत भारत अभियान' प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अनूठे अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और युवाओं के बीच शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक आरोग्यता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

अभियान की शुरूआत भीमचण्डी ग्राम सभा के ग्राम प्रधान विजय कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के माननीय प्राचार्य प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।





इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान के समन्वयक, शिक्षकगण और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं अपनी साइकिलों के साथ उपस्थित रहे। दिन में प्रमुख रूप से प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टर अखिलानंद सिंह, ओंकार नाथ, शिव शंकर सरोज, डॉक्टर अभय कुमार शर्मा, डॉक्टर भूपेंद्र कुमार यादव, डॉक्टर नीलम सिंह, डॉक्टर ममता देवी, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अशोक कुमार, विनय कुमार श्रीवास्तव, विजय बहादुर शर्मा, शिवम सिंह, प्रतिक्षा मिश्रा, सोनम सिंह, सोनम मिश्रा, जयंत गुप्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा कोमल विश्वकर्मा इत्यादि का सहयोग रहा।

# शिव शक्ति महायज्ञ मंडप की परिक्रमा करने को उमड़े श्रद्धालु

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर मलमास महीने में चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ मंडप की परिक्रमा करने को श्रद्धांजलि भारी संख्या में उमड़ रहे हैं।प्रतिदिन शाम को यहां पर यज्ञ मंडप के चारों ओर पुरुष तथा महिलाएं भारी संख्या में परिक्रमा कर रहे हैं। महायज्ञ के आचार्य बनवासी बाबा ने बताया कि यहा यज्ञ मलमास महीने में एक हफ्ते पूर्व से प्रारंभ हुआ है। कहा की पुरुषोत्तम महीने में काशी का महत्व विशेष रूप से बढ़ जाता है।यहां के कंकड़ कंकड़ में शंकर हैं। मलमास माह में यज्ञ हवन पूजन दान आदि का विशेष महत्व है।काशी के पंचकोसी परिक्रमा का भी विशेष महत्व है। परिक्रमा मार्ग के प्रयागपुर में यह कार्यक्रम विश्व कल्याण और सब के सुख शांति के लिए किया जा रहा है। यज्ञ मंडप का परिक्रमा काशी सेवा शोध समिति के सचिव डॉक्टर सिंह टी पी सिंह,प्रणय कुमार सिंह ने समिति के लोगों के साथ किया तथा वनवासी बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान यहां पर अजय दुबे, विजय नारायण पांडेय, पीके सिंह, धीरेंद्र सिंह, अवधेश पटेल, कृपा शंकर त्रिपाठी, आशीष पांडेय, तथा ग्राम प्रधान अल्पना पांडेय सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने रामेश्वर मन्दिर के पुजारी को अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मति पूनम मौर्य ने रामेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन ,दुग्धाभिषेक



कर मंगल कामना को लेकर मन्दिर के पीठाधीश्वर पुजारी आचार्य प0 अनूप तिवारी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के हाथों एक मुट्ठी रेत से स्थापित शिवलिंग का दुग्धाभिषेक के साथ पूजन दर्शन कर धन्य हुई। मन्दिर के मुख्य द्वार पर स्टेनलेस स्टील के महिला-पुरुष के अलग प्रवेश की सुविधा पुजारी जी के निवेदन पर तत्काल प्रभाव से लगवाया जाएगा। रामेश्वर तीर्थ धाम का सर्वांगीण विकास पर जोर होगा। मन्दिर के पुजारी ने रामेश्वर तीर्थ धाम और पुरुषोत्तम मास में यात्रा के महत्व से अवगत कराकर प्रसाद भेंट किया। सीएम योगी जी के प्रति विशेष मंगल कामना की।

क्षेत्र के प्रबुध्दजनो में पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामनारायण सिंह का भी अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान किया। साथ मे राहुल सिंह समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# फिल्म अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने बाबा मार्कण्डेय महादेव का किया जलाभिषेक, टेका मत्था

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पुरुषोत्तम मास अधिक ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी (अमावस्या) तिथि के अवसर पर रविवार को फिल्म अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने कैथी स्थित बाबा मार्कण्डेय महादेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से दर्शन-पूजन, जलाभिषेक एवं आरती कर मत्था टेका।

सुनीता आहूजा ने बाबा मार्कण्डेश्वर महादेव के समक्ष परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा देशवासियों के कल्याण की कामना की। मंदिर के मुख्य प्रशासनिक पुजारी मुन्ना गुरु ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका पूजन-अर्चन संपन्न कराया।



पूजन के उपरांत मुन्ना गुरु ने उन्हें श्री मार्कण्डेश्वर महादेव मंदिर के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ मार्कण्डेय महात्म्य की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। दर्शन-पूजन के बाद सुनीता आहूजा ने मंदिर की व्यवस्था और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। उनकी एक झलक पाने के लिए लोग आतुर दिखे

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान के तहत रामेश्वर घाट का किया साफ सफाई

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज रविवार को स्वच्छता अभियान के तहत जिलाध्यक्ष रामसकल पटेल कार्यकर्ताओ संग रामेश्वर घाट पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर पवित्र स्थल की पवित्रता का सन्देश दिया। इसके पश्चात रामेश्वर महादेव मंदिर में सविधि पूजन दर्शन जलाभिषेक किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास के लिए समर्पित रहा है। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। पार्टी कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाकर दायित्व निभा रहे हैं।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष आलोक पांडेय ,रामनारायण सिंह,वीरेंद्र पटेल , राहुल सिंह ,त्रिभुवन मौर्य ,प्रवीन सिंह,डॉ0रामप्रसाद, बीडीसी विशाल गुप्ता, मनोज सिंह ,विपिन पांडेय सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ जिला पंचायत सभागार में आज केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न कार्यक्रम हुए इसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना प्रधानमंत्री सम्मान निधि फार्मर रजिस्ट्री किसान कार्ड के अलावा अन्य योजनाएं शामिल है। सुशासन को समर्पित देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने* के उपलक्ष्य में




आज मा. मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आई.आई. एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग/ जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी" द्वारा मा.जनप्रतिनिधियों की गरिमामई उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में मीडिया संवाद किया गया। जनपद प्रभारी मंत्री द्वारा भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार जनपद की नीतियों व संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों, सेवा,संस्कार सुशासन एवं सम्मान तथा आमजन के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन एवं जनपद में कराये गये उल्लेखनीय कार्यों के विषय में विस्तार जानकारी दी गई।

मीडिया संवाद कार्यक्रम में मंडल प्रभारी BJP, श्रीमती सरोज कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा लाल बहादुर सरोज, सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह , विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या, विधायक छानबे रिंकी कोल, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुरश्याम सुंदर केशरी, मीडिया प्रभारी भावेश शर्मा, के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# युवाओं को अत्याधुनिक विषयों में दक्ष और किसानों को आत्मनिर्भर बनाएं: मुख्यमंत्री

**– महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषद की सभी संस्थाओं से किया आह्वान**
**– मुख्यमंत्री ने शिक्षा परिषद की साधारण बैठक में 2032 में होने वाले शताब्दी वर्ष की तैयारियों में जुटने का दिया निर्देश**
**– रोजगारपरक शिक्षा, चिकित्सा सेवा को जनता तक पहुंचाने और किसानों की खुशहाली पर जोर**
**– एआई, साइबर और स्पेस साइंस इत्यादि अत्याधुनिक विषयों में छात्रों को प्रवीण बनाने की बताई जरूरत**
**– 'दिग्विजय नाथ एल.टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय' अब 'दिग्विजय नाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन' के नाम से जाना जाएगा**

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 14 जून। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम गुरु गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की साधारण बैठक की। उन्होंने विभिन्न संस्थाध्यक्षों और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे युवाओं को एआई, साइबर, स्पेस साइंस इत्यादि अत्याधुनिक विषयों में दक्ष बनाएं। उन्होंने कहा कि हमें वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना है। जवान और किसान को सशक्त बनाकर ही स्वर्णिम भविष्य की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से काम करने की जरूरत बताई।

**अब नया नाम होगा 'दिग्विजय नाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन'**

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष सीएम योगी ने घोषणा की कि 'दिग्विजय नाथ एल.टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय' अब से 'दिग्विजय नाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन' के नाम से जाना जाएगा। परिषद की संस्थाओं को गुणात्मक विकास की ओर ले जाने के लिए मार्गदर्शन देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थाध्यक्षों, शिक्षकों और कर्मचारियों को खुद को समय के हिसाब से लगातार अपडेट करते रहना होगा। इसके लिए प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा।

**पूर्वी उप्र के युवाओं के प्रशिक्षण पर दिया जोर**

मुख्यमंत्री ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से आर्टिफिशयल इंटिलिजेंस (एआई), साइबर और स्पेस साइंस जैसे विषयों में प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए।

**सीएम ने रोजगारपरक शिक्षा पर दिया जोर**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में इसके अनुरूप शिक्षण-प्रशिक्षण के कार्यक्रमों को बढ़ाया जाए। शिक्षा रोजगारपरक होनी चाहिए ताकि कैंपस से निकलने पर छात्र-छात्राओं को कहीं भटकना न पड़े। पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष और स्किल्ड युवा बनाने की दिशा में सभी को प्रयत्न करना है।

**किसानों को प्रशिक्षण देकर अत्याधुनिक खेती से जोड़ें**

मुख्यमंत्री ने संस्थाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपनी संस्थाओं और कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से क्षेत्रीय किसानों को प्रशिक्षण देकर अत्याधुनिक खेती से जोड़ें। उन्होंने चिकित्सा सेवा को भी आमजन तक पहुंचाने के लिए कहा।

**युगानुकूल होने चाहिए पाठ्यक्रम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए पाठ्यक्रम युगानुकूल होने चाहिए, जिनसे छात्र-छात्राओं को बदलते दौर की चुनौतियों से मुकाबले के लिए खुद को तैयार करने में मदद मिले। दुनिया तेजी से बदल रही है इसलिए हमें भी अपने युवाओं को अत्याधुनिक तकनीक में पारंगत बनाना होगा। कैंपस में तकनीकी शिक्षा का विकास करना होगा।

**जनता की खुशहाली में करें योगदान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिषद के संस्थाध्यक्षों से लेकर शिक्षकों, कर्मचारियों समेत सभी को जनता की खुशहाली में योगदान सुनिश्चित करना होगा। यह तभी होगा जब हम अपने कैंपस की गतिविधियों को जनता की आवश्यकताओं से जोड़ें और उसके अनुरूप पाठ्यक्रम से लेकर शिक्षण-प्रशिक्षण तक की व्यवस्था करें। हर संस्था का सुस्पष्ट लक्ष्य होना चाहिए। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि वह अपनी टीम के साथ मनोयोग से और लीक से हटकर काम करें। हर संस्था को सामूहिक रूप से प्रयास कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और नवाचार करते हुए समयबद्धता और अनुशासन के साथ खुद की पहचान कायम करनी होगी।

**भव्य शताब्दी वर्ष मनाने की हो तैयारी**

मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। गौरतलब है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना 1932 में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने की थी। इसे राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने विस्तार दिया। वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। बैठक में बतौर अध्यक्ष सीएम योगी ने आदेश दिया कि सभी संस्थाओं के प्रमुख विस्तृत कार्ययोजना तैयार करके अभी से शताब्दी वर्ष की तैयारियों में जुट जाएं।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहली उड़ान से सीएम योगी का अभिनंदन करने आ रहे जेवर के किसान

**समाज जागरण**

लखनऊ, 14 जून। उत्तर प्रदेश के विकास की नई इबारत लिख रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सोमवार को एक ऐतिहासिक और भावनात्मक अध्याय जुड़ने जा रहा है। जेवर क्षेत्र के किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए यह



सुखद अवसर होगा कि वे उसी भूमि से हवाई यात्रा करेंगे, जहां कभी वे खेती-मजदूरी करते थे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहली उड़ान से करीब 170 किसान, जिनमें 20 महिलाएं भी शामिल हैं, लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिनंदन करेंगे।

**विकास में सहभागी बने किसान, सीएम योगी से करेंगे संवाद**

जेवर से उड़ने वाली पहली फ्लाइट से सफर करने वाले ये वे किसान परिवार हैं, जिन्होंने प्रदेश और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी जमीन एयरपोर्ट निर्माण के लिए उपलब्ध कराई। वर्षों तक खेतों में अन्न उगाने वाले इन किसानों के लिए यह यात्रा केवल हवाई सफर नहीं, बल्कि सम्मान, विश्वास और विकास में उनकी भागीदारी का प्रतीक होगी। लखनऊ पहुंचने पर किसान प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनका अभिनंदन करेगा और प्रदेश के बदलते विकास परिदृश्य के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करेगा।

**पहली उड़ान में शामिल होंगी 20 महिला किसान**

इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल 20 महिला किसानों की मौजूदगी इस यात्रा को और अधिक विशेष बना रही है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर पहली बार विमान यात्रा करने जा रही ये महिलाएं प्रदेश में बढ़ते महिला सशक्तीकरण और समान भागीदारी का प्रतीक बनेंगी। यह संदेश भी जाएगा कि विकास की धारा में समाज के हर वर्ग और हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

**विकसित भारत के सपनों को साकार करती तस्वीर**

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह क्षण केवल गौतमबुद्ध नगर ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और संवेदनशीलता का नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है, जिसमें किसान केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के सम्मानित साझीदार हैं। उन्होंने कहा कि जिन पैरों में कभी खेत की मिट्टी लगती थी, आज वही विमान की सीढ़ियां चढ़ेंगे। यह किसानों के आत्मसम्मान का उत्सव है और उस विश्वास का परिणाम है, जिसने प्रदेश की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# डबल इंजन सरकार ने बदली यूपी की तस्वीर, बीमारू राज्य से निकालकर बनाया विकास का मॉडल

**– डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग 'त्रिवेणी' में योगी सरकार के नौ साल पर एक्सपर्ट्स ने की चर्चा**
**– यूपी बना देश का ग्रोथ इंजन, योगी सरकार के विकास मॉडल की देशभर में चर्चा**
**– एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और जेवर एयरपोर्ट बदलते उत्तर प्रदेश की पहचान**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 14 जून। लखनऊ स्थित एक होटल में तीन दिवसीय डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग 'त्रिवेणी' में दूसरे दिन रविवार को उत्तर प्रदेश के सुशासन, संस्कृति और समृद्धि पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान विभिन्न अतिथियों ने योगी सरकार की तरीफ करते हुए उनके विकास मॉडल की बात की। उन्होंने बताया कि किस तरह यूपी बीमारू राज्य से प्रगति की तरफ अग्रसर हुआ। इस आयोजन में कई राज्यों के 100 से अधिक डिजिटल क्रिएटर्स, नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

रविवार को आयोजन के दूसरे दिन परिचर्चा सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले करीब तीन दशकों में यूपी सरकार और केंद्र सरकार के बीच समन्वय नहीं था, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को नहीं मिल पाता था। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार और 2017 में यूपी में योगी सरकार बनने के बाद हालात सुधरे। इस डबल इंजन सरकार के जरिए पीएम आवास योजना, शिक्षा से जुड़ी योजना, स्वच्छ भारत मिशन समेत हर योजना लागू हुई और इनका जनता तक फायदा भी पहुंचा।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने सबसे पहले कानून–व्यवस्था को सुधारा और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई। यूपी पुलिस में काफी संख्या में भर्तियां हुईं। महिलाओं के लिए पुलिस भर्ती में आरक्षण लागू किया गया। पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर बजट में व्यवस्था की गई, ताकि तकनीकी में भी सुधार हो।

**योगी सरकार में माफियाओं पर कार्रवाई**

अवनीश अवस्थी ने कहा कि योगी सरकार में ही प्रदेश के सभी माफियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई। साथ ही उनके सभी मुकदमों में सजा भी कोर्ट से तय हुई। कुछ माफियाओं ने सरकारी जमीनों पर कब्जा किया था, जिनको खाली कराकर गरीबों के लिए आवास बनाए गए। वहीं गैंगस्टर एक्ट को भी सख्ती से प्रदेश में लागू किया गया। उन्होंने बताया कि हर रोज सीएम योगी खुद कानून-व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करते हैं।

**योगी सरकार का हर प्रोजेक्ट समय पर पूरा**

अवनीश अवस्थी ने बताया कि प्रदेश में कई आसान पॉलिसी के जरिए निवेश आ रहा है। यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल के निर्माण से लेकर डिफेंस कॉरिडोर सरकार की बड़ी उपलब्धि का प्रमाण है। आज देशभर के एक्सप्रेसवे का 60 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे समेत हर प्रोजेक्ट समय पर पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि जेवर एयरपोर्ट का निर्माण 1997 में ही होना था, लेकिन उसके लिए जमीन नहीं दी गई। वहीं योगी सरकार ने इसे मिशन मोड में पूरा किया और सोमवार (15 जून) से यहां उड़ान शुरू होने जा रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों का भी खूब विकास किया है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है। साथ ही यूपी बीमारू राज्य से रेवेन्यू सरप्लस वाला राज्य बन गया है। योगी सरकार एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को भी जल्द ही पूरा करेगी।

**उद्योग क्षेत्र में आया बदलाव**

दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के संस्थापक-अध्यक्ष मिलिंद कांबले ने चर्चा के दौरान कहा कि मैंने यूपी को देश का ग्रोथ इंजन बनते हुए देखा है। पहले इसकी छवि केवल कृषि तक सीमित थी और बीमारू राज्य माना जाता था। यहां उद्योग नहीं थे और स्थानीय लोग नौकरी के लिए दूसरे राज्यों की तरफ देखते थे। बतौर निवेशक मैंने देखा कि 2017 के बाद यूपी के उद्योग क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया। कानून-व्यवस्था, सड़क, रेल मार्ग में सुधार, उद्योग लगाने में आसान व्यवस्थाओं से राहत मिली है। यूपी से शुरू हुई एक जिला एक उत्पाद स्कीम को केंद्र सरकार ने भी अपनाया। इसके जरिए लोग अपने ही उद्योग के मालिक बन रहे हैं।

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय (डीईएस प्लानिंग) की निदेशक अलका बहुगुणा ढौंडियाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की चर्चा अब ग्लोबल स्तर पर होने लगी है। एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल के लिए हर विभाग की मॉनिटरिंग हो रही है। विकास से जुड़ी योजनाओं पर काम जारी है। वहीं यूपी में प्रति व्यक्ति आय 1.09 लाख रुपये तक पहुंच गई है। योगी सरकार में सुधार जमीनी स्तर पर दिखाई पड़ रहा है।

**यूपी से पलायन पर लगी लगाम**

विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) साकेत मिश्रा ने कहा कि योगी सरकार आने के बाद यूपी से पलायन काफी कम हो हुआ है। सरकार ने शिक्षा, रोजगार समेत अन्य मामलों पर बेहतर काम किया। बदलाव छोटी-छोटी चीजों से आता है, जिस पर योगी सरकार ने पूरा ध्यान दिया। उदाहरण के तौर पर आज किसानों को आसानी से खाद मिल रही है। गरीबों का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडा राज खत्म हुआ, जिससे विकास कार्यों और निवेश की राह आसान हुई है।

इस आयोजन के दौरान अन्य अतिथियों ने भी योगी सरकार के कार्यों और विकास मॉडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद कंटेंट क्रिएटर्स के सवालों का जवाब भी दिया।

# मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 10 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**समाज जागरण**

लखनऊ 14 जून: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेल और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इसी क्रम में मेरठ स्थित मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 10 जुलाई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पहल प्रदेश के खिलाड़ियों और खेल क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आई है।

**बीएससी योग और एमएससी योग में प्रवेश शुरू**

इस वर्ष से विश्वविद्यालय में तीन वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) और बीएससी योग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिए जाएंगे। इसके साथ ही दो वर्षीय एमएससी योग कार्यक्रम में भी दाखिले होंगे। खेल क्षेत्र में नए अवसरों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने स्पोर्ट्स जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा कोर्स भी शुरू किया है। विवि में बीपीईएस कोर्स 2025-26 से शुरू हो चुका है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत प्रॉस्पेक्टस वेबसाइट https:// sportsuniup.com/ पर उपलब्ध कर दिया गया है। खिलाड़ियों और छात्रों को आवेदन के लिए लगभग एक महीने का समय दिया गया है।

**कई खेलों में पीजी डिप्लोमा कोर्स भी हो रहा शुरू**

अगर सीटों की बात करें तो बीपीईएस में 50, बीएससी योग में 40, एमएससी योग में 20 और स्पोर्ट्स जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में 15 सीटों पर प्रवेश होंगे। इसके अलावा इस सत्र से स्कूल ऑफ कोचिंग के अंतर्गत एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, हॉकी, कबड्डी, कुश्ती और योग जैसे खेलों में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा कोर्स भी शुरू हो रहा है। इन सभी में पीजी डिप्लोमा के लिए 15-15 सीट पर प्रवेश होगा। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को रोजगारोन्मुख और व्यावहारिक शिक्षा उपलब्ध कराना है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

**उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश की सुविधा**

विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई है। ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा खेलो इंडिया, एसजीएफआई राष्ट्रीय खेल, सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय ने सभी पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए आरक्षित रखने का निर्णय लिया है। ये सीटें स्वीकृत क्षमता के अतिरिक्त होंगी।

**कुल 12 कोर्सों में होगा प्रवेश**

मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल दीप अहलावत ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालय में 9 डिप्लोमा, 2 स्नातक और 1 परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कुल 12 नए कोर्सों में प्रवेश फिटनेस टेस्ट के आधार पर होगा। कक्षा 12वीं के अंकों और फिटनेस टेस्ट के प्रदर्शन को मिलाकर मेरिट तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश की सुविधा दी जाएगी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों का समग्र विकास करना है। साथ ही इसका विजन उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी खेल केंद्र बनाना है।

# भाजपा कार्यकताओं की सक्रियता ही संगठन की शक्ति है: पवन पाटीदार

### अमलाई में प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

अमलाई। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार अनूपपुर जिले के बापू चौक अमलाई पहुंचे जहां पर प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का पवन चीनी मित्र मंडली के तत्वावधान में भाजपा कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गयाम इस दौरान भाजपा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल ,संभाग प्रभारी सुशील राय , प्रदेश सहकोषाध्यक्ष शक्ति लश्कर ,महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य मीना तंवर पिछड़ा वर्ग



मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पार्षद पवन कुमार चीनी ,मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, अनूपपुर मंचासीन रहे। सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के प्रथम नगर आगमन पर अभूतपूर्व स्वागत किया गया उनका पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया और ढोल नगाड़े और पटाखे फोड़ कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवन पाटीदार ने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक शक्ति कार्यकताओं की सक्रियता निष्ठा और समर्पण से निर्मित हुई है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने तथा उनकी सम स्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाता है। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने का आवाहन किया है। इसके अलावा श्री पाटीदार ने संगठनात्मक गतिविधियों सामाजिक सहभागिता एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं से चर्चा की है। अमलाई के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार अमर कंटक ताप विद्युत गृह चौराहा पहुंचे जहां उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और चौराहे में ही श्री पाटीदार ने गन्ना जूस निकालने वाले युवा से मुलाकात कर संवाद किया है। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने जिला सम्मेलन में भाग लिया। अमलाई में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, नीरज गुप्ता, गुड्डू तिवारी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री मनीष तिवारी, मंडल मंत्री दशरथ नायक, विनयकांत सोनी, रवि विश्वकर्मा, अजय दहिया, यदुराज पनीका नीरज नामदेव, रवि दुबे, राकेश सिंह ,हरि मौर्य ,संजय शुक्ला ,राजेश यादव ,दिनेश पासवान सहित काफी संख्या में पिछड़ा वर्ग समाज से जुड़े लोग और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा के युवा नेता डॉ राज पांडे ने किया। आभार प्रदर्शन भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष मीना तंवर ने किया।

# हत्या के मामले में पुलिस अभिरक्षा से भागने वाले आरोपी को विशाखापट्टनम से किया गया गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

वेंकटनगर। पुलिस अधीक्षक महोदय विक्रांत मुराब , अतिरिक्त पुलिस अधी क्षक जगनाथ मरकाम, एस डीओ (पी.) नवीन तिवारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई

थाना जैतहरी के हत्या के प्रकरण अपराध क्र. 153/2026 धारा 103(1) बीएनएस के मामले में दिनांक 21/04/2026 को आरोपी शैलेष महरा पिता प्रेमलाल महरा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सिंघौरा थाना जैतहरी जिला अनूपपुर को गिरफ्तार किया गया था जो आरोपी का माननीय न्यायालय अनूपपुर से पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया था आरोपी शैलेष महरा को पु.स.के. वेंकटनगर में सुरक्षार्थ रखा गया था जो दिनांक 23/04/2026 को दोपहर 12.30 बजे आरोपी शैलेष महरा चौकी




वेंकटनगर से भाग गया था आरोपी शैलेष महरा उक्त अपराध में गिरफ्तार होकर पुलिस रिमाण्ड में निरूद्ध होने के बावजूद पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था जो आरोपी के विरूद्द अप. क्र. 158/2026 धारा 262 बीएनएस पंजीबद्द कर आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी आरोपी की पतासाजी के दौरान वेंकटनगर पुलिस द्वारा कई संभावित स्थानो पर दबिस दिया गया किंतु आरोपी का पता नही चला पतासाजी के दौरान विश्वसनीय मुखबिर द्वारा वेंकटनगर पुलिस को सूचना दी गई की आरोपी शैलेष महरा विशाखा पट्टनम (आंध्रप्रदेश) में बिड़ला जंक्शन नामक स्थान पर मजदूरी का काम करता है जो वेंकटनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) में बिडला जंक्शन नामक स्थान पर दबिस दी जाकर आरोपी शैलेष महरा को गिरफ्तार किया गया है ।

उक्त फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार एवं आर. सोनू पर्ते आर. विजय टाटू एवं सायबर सेल अनूपपुर प्रभारी प्रआर. राजेन्द्र अहिरवार की सराहनीय भूमिका रही है ।

# मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द मामले को लेकर जिला कांग्रेस ने की पत्रकार वार्ता

## भाजपा ने केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया, निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार है - अजय सिंह

### लोकतंत्र केवल चुनाव से नहीं चलता, बल्कि निष्पक्ष चुनाव से चलता है - गुड्डू चौहान

**समाज जागरण**

अनूपपुर में कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन रद्द होने के मामले को एक बड़े सियासी संग्राम का रूप लेते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अनूपपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर हमला करार दिया। कांग्रेस ने इस मुद्दे को जनता की अदालत में ले जाने की पूरी रणनीति तैयार कर ली है।

इस पत्रकार वार्ता में अनूपपुर जिले प्रभारी एवं पूर्व विधायक उमरिया अजय सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार उर्फ गुड्डू चौहान, विधानसभा प्रभारी आशीष त्रिपाठी, सेवादल जिलाध्यक्ष डॉ एहसान अली अंसारी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा, जिला महासचिव




सतेन्द्र स्वरूप दुबे, संतोष यादव, और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद सहित कई प्रमुख कांग्रेस नेता उपस्थित थे। अनूपपुर जिले प्रभारी अजय सिंह ने आरोप लगाया कि राज्यसभा निर्वाचन के लिए कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत था, इसके बावजूद भाजपा ने कांग्रेस विधायकों को अपने पक्ष में करने की उम्मीद में तीसरा उम्मीदवार उतारा। जब यह प्रयास विफल हो गया, तो भाजपा ने 'मिथ्या आधार' पर आपत्ति प्रस्तुत कर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करवा दिया। उन्होंने इसे केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया, निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार बताते हुए निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने मीनाक्षी नटराजन को गांधीवादी और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता के रूप में वर्णित किया। कांग्रेस नेताओं ने 'तथ्य छिपाने' के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि मीनाक्षी नटराजन के विरुद्ध ऐसा कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है, न ही किसी कोर्ट ने उनके विरुद्ध संज्ञान लिया है और न ही कोई अपराध दर्ज किया गया है। संबंधित कोर्ट द्वारा प्रकरण पहले ही वापस किया जा चुका है, इसलिए नामांकन निरस्त करने का कोई वैधानिक आधार नहीं था।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह घटनाक्रम दशार्ता है कि भाजपा लगातार लोकतंत्र पर हमला कर रही है और चेतावनी दी कि भविष्य में इससे और गंभीर चुनौतियां सामने आ सकती हैं, जिनका कांग्रेस लोक तांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से मुकाबला करेगी। उन्होंने भाजपा पर संविधान की मयार्दाओं का हनन कर पूरी व्यवस्था को अपने नियंत्रण में करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस नेताओं ने इसे 'तानाशाही' करार दिया, जो किसी फिल्म में भी नहीं देखी गई है, और सर्वोच्च न्यायालय पर सवाल उठाते हुए कहा कि न्यायालय ने किसके दबाव में यह किया है, यह लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चुनावी फॉर्म में 'नोटिस' दशार्ने का कोई प्रावधान नहीं है और जनप्रतिनिधित्व की धारा 33ए और फॉर्म 26 का उद्देश्य केवल उन आपराधिक मामलों की जानकारी प्राप्त करना है जिनमें उम्मीदवार के विरुद्ध विधिवत आपराधिक कार्यवाही चल रही हो। अंत में जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी क्रम में दिनांक 15/06/2026 को युवा कांग्रेस जिला अनूपपुर, दिनांक 16/06/2026 को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला इकाई अनूपपुर एवं दिनांक 17/06 /2026 को महिला कांग्रेस द्वारा क्रमानुसार विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन भी जिला कलेक्टर को सौंपा जायेगा।

# विधानसभा राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बेहद सीमित

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर ।एक तरफ देश में महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण देने की कवायद तेज है। वहीं मध्य प्रदेश के अंतिम छोर में स्थित अनूपपुर जिले की विधानसभा राजनीति में महिलाओं की भागीदारी अब भी बेहद सीमित है। जिले की तीन प्रमुख विधानसभा सीट कोतमा पुष्पराजगढ़ एवं अनूपपुर के चुनावी इतिहास पर नजर डालें तो अब तक केवल 3 महिला ही विधायक बनने में सफल हुई है। यह तथ्य जिले की राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है।विधानसभा चुनावों के इतिहास में अनूपपुर की राजनीति लंबे समय से पुरुष-प्रधान रही है। कांग्रेस शासन के कार्यकाल में स्व गिरजा कुमारी, स्व लक्ष्मी आर्मी अनूपपुर विधानसभा सीट एवं स्व राजेश नंदिनी सिंह कोतमा सेविधायक निर्वाचित होने के साथ किसी महिला ने जिले का विधानसभा में प्रतिनिधित्व किया। बीते 25 से 30 वर्षों की बात की जाए तो भाजपा शासन के कार्यकाल में अनूपपुर जिले में कोई भी महिला विधायक नहीं बनी है। पूर्व में स्वर्गीय गिरजा कुमारी ,लक्ष्मी आर्मी एवं राजेश नंदिनी सिंह की जीत ने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर नई उम्मीदें जगाई थीं, लेकिन इसके बाद भी यह सिलसिला आगे नहीं बढ़ सका। लगभग 30 वर्षों से हो रहे विधानसभा चुनाव में जिले की सभी सीटों पर पुरुष उम्मीदवार ही विजयी रहे।

# अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी का लखनऊ में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन

**समाज जागरण**
**संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी ने शनिवार को राजधानी लखनऊ स्थित विठ्ठलेश वरैया प्रेक्षागृह राजभवन के निकट में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पदाधिकारी बैठक का आयोजन किया। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुंचे सैकड़ों कार्य कताओं, पदाधिकारियों और पार्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित श्याम नारायण चौबे तथा वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रविंद नारायण सिंह काशी सिंह ने की। वहीं प्रदेश अध्यक्ष दीपक पाण्डेय ने संगठनात्मक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकताओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए मिशन 2027 को सफल बनाने का संकल्प लिया।सम्मेलन के दौरान संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों को



जन-जन तक पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सफलता का आधार मजबूत संगठन होता है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव, वार्ड और बूथ स्तर समाधान कराना भी है। उन्होंने कार्यकताओं से घर-घर संपर्क अभियान चलाने, जनता की समस्याओं को सुनने और उन्हें पार्टी मंच तक पहुंचाने का आह्वान किया।वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रविंद नारायण सिंह काशी सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती ही राजनीतिक सफलता की कुंजी है। उन्होंने कार्यकताओं से सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए पार्टी की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने और नए लोगों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।प्रदेश अध्यक्ष दीपक पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेशभर में पार्टी का संगठन तेजी से विस्तार कर रहा है। पदाधिकारियों ने एक स्वर में "मिशन 2027" को सफल बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन में मौजूद कार्यकताओं के उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक एकजुटता ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है। सम्मेलन ने कार्यकताओं में नया जोश भरने के साथ-साथ भविष्य की राजनीतिक गतिविधियों की स्पष्ट रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

# एस. ई. के. एम. सी. इंटक श्रमिक संघ का सम्मेलन संपन्न

### प्रीतम पाठक की महामंत्री पद पर दोबारा ताजपोशी से छायी खुशियाँ

**समाज जागरण**

उमरिया --- भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन इंटक संबद्ध साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर, कांग्रेस का त्रिवार्षिक सम्मेलन कोरबा क्षेत्र में आयोजित किया गया।इस सम्मेलन का मुख्य उदेश्य केंद्रीय इकाई के पदाधि कारियों के चुनाव से जुडा रहा। जिसमें केन्द्रीय इकाई के अध्यक्ष पद पर गोपाल नारायण सिंह जी एवं महामंत्री पद पर प्रीतम नाथ पाठक की ताजपोशी निर्विरोध रूप से निर्वाचित होकर हुई। इस सम्मेलन में निर्वाचन अधिकारी गणपत चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस चुनाव कार्यक्रम में नवल पंडित एवं ए. आर जीशन ने सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में सहयोग किया। केन्द्रीय पदाधिकारियों का यह चुनाव आगामी तीन वर्षों के लिए सम्पादित किये गए। विदित होवे की एस. ई. सी. एल. के सभी 14 क्षेत्रों के श्रमिक संघ के इंटक से संबद्ध प्रतिनिधित्व करने वाले यूनियन के जर्नल काउंसिल सदस्य एवं वरिष्ठ पदाधिकारी काफी संख्या में उपस्थित रहे ' उनकी उपस्थिति में संगठनात्मक प्रक्रिया के महत्व तथा नेतृत्व के प्रति समर्थन हासिल किया

अध्यक्ष पद की दोबारा बागडोर सम्हालने वाले गोपाल नारायण सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इंटक समर्थित यह श्रमिक संगठन सदैव श्रमिक हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है लेकिन वर्तमान परिवेश में जब से नई श्रमिक नीतियां लागू की गयी है तब से संगठन को और मजबूत करने की जरूरत आन पड़ी है। कोयला श्रमिकों की आवाज



को अब और अधिक प्रभावी ढंग से उठाने की जिम्मेदारी इंटक के ऊपर आ गयी है। आपने कहा कि वैसे भी हमारा संगठन श्रमिक हितों की लड़ाई के लिए संघर्ष रत रहा है, लेकिन अब श्रमिकों के साथ इस संगठन की अस्मिता को बचाने के लिए कदम ताल करने की आवश्यकता की जरूरत है। इसके लिए पहले संगठन की एकजुटता की सबसे बड़ी जरूरत है वही इस संगठन की ताकत है' आगे आपने कहा की यह चुनाव न सिर्फ ताजपोशी है यह एक ऐसा दायित्व है जिसमें आपको खरा भी साबित होना है।वर्तमान दौर में सभी श्रमिक संगठनों में अस्तित्व का संकट बना हुआ है। ऐसे समय में जब देश में श्रमिक संगठन के लिए अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जब केन्द्र सरकार द्वारा नए श्रम संहिता( लेबर कोट) के लागू करने के बाद ट्रेड यूनियन की भूमिका और अधिकारों को लेकर व्यापक चर्चा चल रही है, तब इंटक यूनियन की ओर श्रमिक आशांवित होकर देख रहा है। इसके अलावा कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन द्वारा भी नए श्रम कानूनों के अनुसार, ट्रेड यूनियनों को प्रति निधित्व की नई व्यवस्था प्रस्तावित की जा रही है ' प्रस्तावित व्यवस्था के तहत विभिन्न ट्रेड यूनियन को मिलने वाला प्रतिनिधित्व उनके सदस्यता प्रतिशत के आधार पर तय किया जाएगा ' श्रमिक संगठन का मानना है की इस नई प्रणाली का श्रमिक राजनीत एवं यूनियन की कार्यप्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है ' केंद्रीय महामंत्री प्रीतम पाठक द्वारा सभी जर्नल काउंसिल एवं वरिष्ठ पदाधि कारियों व निर्वाचन अधि कारियों का आभार व्यक्त किए ।इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी कमलेश शर्मा. सतेन्द्र पाल सिंह. अनिल द्विवेदी. अमरजीत सिंह. उदय प्रताप सिंह. किशोर सिन्हा. रवींद्र सिंह. संदीप चौधरी. राम कुंवर. अमर बहादुर सिंह. रमेश कुशवाहा . रमेश तिवारी. विजेंद्र सिंह. सत्य प्रकाश. बी. एल. महंत. राजू सोनी. संदीप राय एवं कार्यक्रम में मातृशक्तियों की भी उपस्थिति उल्लेखनीय रही '

# संजय बने कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष

**समाज जागरण**

इंदिरानगर। नगर कांग्रेस कमेटी बकहो के उपाध्यक्ष पद पर वार्ड कमान 15 इंदिरा नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता संजय सिंह का मनोनयन किया गया है। संजय के उपाध्यक्ष बनने पर नगर परिषद क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं में हर्ष की लहर देखी जा रही है।

# राजमार्गों का रूपांतरण: भारत की विकसित भारत की यात्रा को सशक्त बनाना

पिछले बारह वर्षों में, भारत के सड़क अवसंरचना परिदृश्य में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में संपर्क के एक नए युग की शुरूआत की है। इससे आर्थिक विकास को मजबूती मिली है, रसद दक्षता में सुधार हुआ है और लाखों नागरिकों के लिए यात्रा सुगम हुई है। सरकार ने विश्व स्तरीय अवसंरचना को राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण मानते हुए, संपर्क बढ़ाने, यात्रा का समय कम करने, सड़क सुरक्षा में सुधार लाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल की हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का तीव्र विस्तार, रिकॉर्ड गति से निर्माण और प्रतिष्ठित एक्सप्रेसवे के विकास सब ने भारत के परिवहन तंत्र को नया रूप दिया है और एक आधुनिक और आत्मनिर्भर राष्ट्र की नींव को मजबूत किया है।

**भारतमाला परियोजना: एकीकृत राष्ट्रीय संपर्क की परिकल्पना**

राजमार्ग क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी पहलों में से एक भारतमाला परियोजना है। यह देश भर में माल और यात्री आवागमन को सुगम बनाने के लिए डिजाइन किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है। भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में अनुमोदित इस कार्यक्रम में 5.35 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय से 34,800 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के विकास की परिकल्पना की गई है। यह कार्यक्रम आर्थिक गलियारों, अंतर-गलियारों और फीडर मार्गों, राष्ट्रीय गलियारा दक्षता सुधार परियोजनाओं, सीमा सड़कों, तटीय सड़कों, बंदरगाह संपर्क सड़कों और एक्सप्रेसवे के विकास के लिए बनाया गया है। मार्च 2026 तक, 26,425 किलोमीटर की परियोजनाओं के लिए ठेके दिए जा चुके हैं, जबकि 22,590 किलोमीटर का निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका है।

# "सरकार आपके द्वार" संवाद एवं "विकसित भारत की ओर 12 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा" कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## राज्य मंत्री संजीव गोंड ने गिनाईं केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, विभिन्न विभागों ने लगाई विकास प्रदर्शनी

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। विकास खण्ड चोपन सभागार में रविवार को "सरकार आपके द्वार" संवाद एवं "विकसित भारत की ओर 12 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा" कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई तथा आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड जी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। स्वयं सहायता समूह की श्रीमती प्रतिभा देवी एवं उनकी सहयोगी महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में राज्य मंत्री संजीव गोंड ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता एवं जन कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी तथा प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जहां पहले माताएं एवं बहनें धुएं के बीच भोजन बनाने को विवश थीं, वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्राप्त कर करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है, जिससे उनके स्वास्थ्य, सम्मान एवं जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए आर्थिक संबल साबित हुई है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य,



रक्षा एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूल मंत्र के साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग विकास यात्रा में सहभागी बनेगा।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार यादव ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री संजीव त्रिपाठी जी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 12 वर्षों में किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं एवं वंचित वर्गों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए मानक स्थापित कर रहा है।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश पटेल, मंडल अध्यक्ष भगवान दास केसरी, मंडल महामंत्री विकास चौबे, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती लीला देवी गोंड तथा खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार यादव जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एडीओ पंचायत कांशीराम ठाकुर, एडीओ एग्रीकल्चर पंकज यादव, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि नटराज, खाद्य एवं रसद विभाग के कनिष्ठ सहायक शैलेश वर्मा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन के अधीक्षक डॉ. सुभाष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई गई। विभागों ने अपनी सेवाओं, उपकरणों, सामग्री एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन एडीओ एग्रीकल्चर श्री पंकज यादव जी द्वारा किया गया। अंत में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती लीला देवी गोंड जी ने उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का अभिवादन किया तथा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व रक्तदान दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ, प्रभारी मंत्री ने किया रक्तदान

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। स्वशासी राज्य चिकित्सा महा विद्यालय, सोनभद्र में विश्व रक्त दान दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री श्री हंसराज विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया तथा स्वयं रक्तदान कर मानवता एवं जनसेवा के इस महापर्व में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर माननीय सदर विधायक श्री भूपेश चौबे भी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी वर्गों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिला ध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा, नागेश्वर देव पाण्डेय, रामकुमार विश्वकर्मा, गोबिंद दास गुप्ता, अमन सोनकर, अंगद विश्व कर्मा, गौरव सिंह, श्याम सुंदर विश्वकर्मा सहित चिकित्सकगण, अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अधिकाधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

# प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय आयोजन प्रारंभ

## विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को वितरित किए मोबाइल हैंडसेट

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। विकास खण्ड घोरावल परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 14 से 16 जून 2026 तक आयोजित संवाद एवं विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य रहे, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख दीपक कुमार पटेल ने की। कार्यक्रम का संचालन आनंद प्रकाश पटेल ने किया। इस अवसर पर विधायक सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विभागीय अधिकारियों एवं कर्म चारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, कृषि विभाग तथा स्वयं सहायता समूहों की योजनाओं एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को



मोबाइल हैंडसेट वितरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में लालजी तिवारी, सबल सिंह, जय सिंह एडवोकेट, गिरीजेश मौर्य, दिनेश कुमार, किसानू, नंदलाल, अमरेश कुमार उमर, श्रीमती सीमा गुप्ता, राजेश कुमार उमर सहित समूह सखी, लखपति दीदी, विकास खण्ड के सचिव, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# लोक सेवा आयोग की प्रवक्ता भर्ती परीक्षा का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सत्यापन प्रक्रिया तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने केंद्र पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जनपद में भव्य जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ, प्रभारी मंत्री ने किया उद्घाटन

## सरकार की योजनाओं से जनमानस को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं जनकल्याण शिविर : प्रभारी मंत्री

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




सोनभद्र। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के सभी विकास खण्डों में 14 से 16 जून, 2026 तक आयोजित जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जनपद प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री हंसराज विश्वकर्मा द्वारा विकास खण्ड रॉबर्ट्सगंज परिसर में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों को दिए जा रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने कक्षा-9 में अध्ययनरत छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। साथ ही आंगन बाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित कर महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी संचालन में तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद के सभी ब्लॉकों में जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा विभिन्न बीमारियों की जांच, स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही आमजन को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्या णकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनमानस के जीवन स्तर में सुधार हेतु अनेक कल्याण कारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। वहीं घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश एवं देश में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रमुख सदर अजीत रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मामला पहुंचा चोपन थाना, पीड़िता ने की कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



डाला/ सोनभद्र। चौपन थाना अंतर्गत डाला चौकी क्षेत्र के बाड़ी गांव में दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता सरिता निषाद ने आरोप लगाया है कि विवाह के लगभग एक माह बाद से ही उसका पति दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित और मारपीट करता रहा है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 27 फरवरी 2023 को हुई थी। उसने बताया कि हाल ही में हुए विवाद के दौरान उसके साथ-साथ उसकी बहन और माता के साथ भी मारपीट की गई। न्याय की मांग को लेकर वह अपने परिजनों के साथ चोपन थाना पहुंची और पुलिस से उचित कार्रवाई की गुहार लगाई। सरिता निषाद ने संबंधित अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने तथा की गई कार्रवाई से अवगत कराने की मांग की है। फिलहाल पुलिस द्वारा शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार ट्रक को बचाने में पलटा ऑटो, महिला समेत 3 घायल रेफर

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अगोरीखास के पास रविवार को एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो जुगैल से चोपन की ओर सवारियां लेकर जा रहा था। अगोरीखास गांव के समीप पहुंचते ही सामने से एक तेज रफ्तार ट्रक आ गया। ट्रक को बचाने के प्रयास में ऑटो चालक ने वाहन को सड़क किनारे मोड़ दिया। इसी दौरान सड़क पर फैली बालू के कारण ऑटो का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। हादसे के समय ऑटो में दर्जनों लोग सवार बताए जा रहे हैं। दुर्घटना में एक महिला समेत दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। हालांकि राहत की बात यह रही कि बड़ा हादसा टल गया और कई यात्री बाल-बाल बच गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्काल डायल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची



और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले जाया गया।

अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर करीब 1:05 बजे एंबुलेंस के माध्यम से पांच घायलों को अस्पताल लाया गया था। सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में भगवान दास पुत्र राम बहाल निवासी चौरा चोपन सोनभद्र, रामाश्रेय पुत्र विरेजन, निवासी देवखर चोपन सोनभद्र व तेतरी उर्फ सुमिता पति भगवान दास की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी रेफर कर दिया गया है, जबकि अन्य का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो पलटने के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को नहीं दी गई थी। हालांकि हादसे की जानकारी मिलने के बाद मामले की चर्चा पूरे क्षेत्र में होती रही। स्थानीय लोगों ने सड़क पर फैली बालू और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के मनरुटोला गांव में शनिवार रात एक विवाहिता का शव घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मनरुटोला गांव निवासी मानकुंवर (23) पत्नी राजू का शव शनिवार देर रात घर के बाहर बने कमरे में धरन के सहारे साड़ी के फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाने के साथ ही परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका के पिता धनशाय निवासी कनवा बरवाटोला ने अपनी पुत्री की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती थी। आरोप है कि पहले उसकी हत्या की गई और बाद में मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

वहीं पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और चर्चा का माहौल है। ग्रामीण मामले के जल्द खुलासे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# नमक-रोटी खाकर सपाइयों ने भाजपा सरकार के 12 वर्षों का किया विरोध

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जहां एक ओर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, वहीं समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर महंगाई, बेरोजगारी और स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे उठाए। रविवार को स्वर्ण जयंती चौक पर सपा कार्यकताओं ने आमजन के साथ नमक-रोटी खाकर भाजपा सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को "नाकामी का दौर" बताते हुए विरोध जताया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के 12 वर्ष केवल मंत्री, विधायक और सांसदों के लिए अच्छे दिन लेकर आए हैं, जबकि किसान, मजदूर और नौजवान महंगाई तथा बेरोजगारी से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार अपनी उपलब्धियां गिना रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। प्रमोद यादव ने आरोप लगाया कि सोनभद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदहाल है। ट्रामा सेंटर और बर्न यूनिट बंद पड़े हैं तथा जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए लोगों को महीनों इंतजार करना पड़ता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर



भी डॉक्टरों और आवश्यक सुवि धाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि जिले में मजदूरों को पर्याप्त काम नहीं मिल रहा है और बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने कभी महंगाई कम करने और वस्तुओं को सस्ता करने का वादा किया था, लेकिन आज खाने का तेल, गैस सिलेंडर, दवाई, पढ़ाई और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। मजदूर दिनभर मेहनत करने के बाद भी परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसी स्थिति को दर्शाने के लिए सपा कार्यकताओं ने नमक-रोटी खाकर विरोध दर्ज कराया है। कार्यक्रम का संचालन अल्पसंख्यक सभा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष जुनैद अंसारी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है। इस अवसर पर शंभू भारती, सरोज शर्मा, मोहन केवट, सुरेश अग्रहरी, रमाशंकर खरवार, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश, किया वृक्षारोपण

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के तहत रविवार को जिले के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग विभाग के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने सहिजन कला स्थित चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की तथा जनपदवासियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है। आज भारत दुनिया की तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित समाज के सभी वर्गों तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास



योजना, किसान सम्मान निधि, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, डिजिटल इंडिया और मुद्रा योजना जैसी अनेक योजनाओं ने लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभारी मंत्री ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवन प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी विभागों से वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह, सभासदगण, नगर पालिका के अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़क को लेकर ऊर्जांचलवासियों का फूटा गुस्सा, 21 दिन में कार्रवाई नहीं तो जनआंदोलन

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। ऊर्जांचल क्षेत्र में दुद्धीचुआ खदान मोड़ से शक्तिनगर-अनपरा मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर जनता ने प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी सोनभद्र के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें सड़क की बदहाली को जनजीवन के लिए गंभीर खतरा बताया गया है। यह ज्ञापन थाना अध्यक्ष शक्तिनगर के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि दुद्धीचुआ मोड़, शक्तिनगर थाना मोड़, पीडब्ल्यूडी तिराहा, खड़िया बाजार, बोदरा बाबा क्षेत्र और खड़िया पेट्रोल पंप के आसपास की सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके अतिरिक्त, कई स्थानों पर पुलिया निर्माण कार्य अधूरा होने से समस्या और भी गंभीर हो गई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, इसी मार्ग से प्रतिदिन कोयला और



राखड़ परिवहन करने वाले भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मानसून के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका और भी बढ़ जाएगी। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से कई मांगें की गई हैं। इनमें सड़क का स्थायी निर्माण, अधूरी पुलिया का शीघ्र निर्माण, नियमित जल छिड़काव, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, नाइट रिफ्लेक्टर लगाना, भारी वाहनों की गति सीमा निर्धारित करना और डिवाइडर के बीच पौधारोपण कराना शामिल है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए क्षेत्रवासी रंजीत राय और राघवेंद्र सिंह ने कहा कि विकास की बड़ी-बड़ी योजनाओं के बीच मूलभूत सुविधाओं की उपेक्षा स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 21 दिनों के भीतर समस्या के समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो ऊर्जांचलवासी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन और जनता कर्फ्यू शुरू करने को बाध्य होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस ज्ञापन पर क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने हस्ताक्षर कर सड़क सुरक्षा और जनहित के मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर शशि राज शर्मा, पंकज चौबे, रंजीत सिंह, राजीव शर्मा, रितेश शर्मा, बृजेश कुमार, बीडीसी प्रभात कुमार, करण कुमार, भोला, संतोष सोनी, हिमांशु, रोहित सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़, दो शातिर चोर गिरफ्तार, आठ चोरी की बाइक बरामद

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जनपद में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चोपन और बीजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे एवं निशानदेही पर कुल आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इस कार्रवाई से कई वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा और क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। वही एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने बताया चोपन पुलिस ने 13/14 जून की रात वैष्णो डाला मंदिर के समीप बैगा टोला मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में बाइक चोरी की निकली। गिरफ्तार आरोपी राजेश गौड़ पुत्र हरिश्चंद्र गौड़ निवासी गड़इडीह, चोपन की निशानदेही पर बैगा टोला स्थित एक खंडहर मकान से तीन अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। इस प्रकार चोपन पुलिस ने कुल चार बाइक बरामद कीं, जिनमें तीन अपाचे और एक हीरो स्प्लेंडर शामिल है। पूछताछ में राजेश ने बताया कि वह अपने साथियों राहुल गौड़, दीपक यादव और रोशन यादव के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी करता था और उन्हें बिहार में बेच देता था। पुलिस अब उसके फरार साथियों की तलाश कर रही है। वहीं बीजपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश सीमा क्षेत्र सिरसोती के पास रामदिहल प्रजापति को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। बरामद वाहनों में एक अपाचे आरटीआर, एक होंडा ड्रीम योगा और दो स्प्लेंडर बाइक शामिल हैं।

इनमें से एक बाइक मध्य प्रदेश के मोरवा थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित पाई गई। पुलिस के अनुसार रामदिहल प्रजापति एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि वाहन चोरी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है और जल्द ही मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

# तिरंगों के बीच घर लौटे बिहार के दो वीर सपूत

## बिहटा एयरफोर्स स्टेशन पर उमड़ा जनसैलाब

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ असम के जोरहाट एयरबेस में भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान हादसे में शहीद हुए बिहार के दो वीर सपूतों–अग्निवीर दानिश आलम और फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार–का पार्थिव शरीर रविवार को विशेष वायुसेना विमान से बिहटा एयरफोर्स स्टेशन पहुंचा। जैसे ही वीर शहीदों के पार्थिव शरीर स्टेशन पर पहुंचे, वहां मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गईं। अपने वीर बेटों की अंतिम घर वापसी पर श्रद्धांजलि देने के लिए एयरफोर्स स्टेशन



के बाहर लोगों का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार की सुबह से ही बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर हजारों की संख्या में लोग एकत्र होने लगे थे। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के हाथों में तिरंगा था। हर कोई अपने जांबाज सपूतों को अंतिम सलाम देने के लिए बेताब था। जैसे ही शहीदों के पार्थिव शरीर लेकर काफिला वहां पहुंचा, पूरा क्षेत्र 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'अमर शहीद अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। देशभक्ति और शहादत के इस भावुक माहौल ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को गर्व और दुख के एक साथ अनुभव से भर दिया। एयरफोर्स स्टेशन के भीतर भारतीय वायुसेना की ओर से दोनों शहीदों को पूरे सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, जिला प्रशासन के आला अफसरों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शहीदों के ताबूतों पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। भोजपुर जिले के कमरियांव गांव निवासी अग्निवीर दानिश आलम और जहानाबाद जिले के बनवरिया गांव निवासी फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार की शहादत ने न केवल उनके परिवारों को, बल्कि पूरे बिहार को झकझोर कर रख दिया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत दोनों वीर सपूतों का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांवों के लिए रवाना किया गया। रास्ते भर जगह-जगह सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने पुष्पवर्षा कर और तिरंगा लहराकर अपने नायकों का स्वागत किया। शहीद दानिश आलम के बचपन के मित्र विश्वजीत तिवारी ने उन्हें याद करते हुए कहा कि दानिश अनुशासित और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत थे। उनका सपना देश की सेवा करना था और उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

बता दें कि जोरहाट एयरबेस पर हुए एएन-32 विमान हादसे में वायुसेना के पांच बहादुर कर्मियों ने अपनी जान गंवाई थी। इन शहीदों की वीरता और देश के प्रति उनके समर्पण की गाथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

# पटना के फुलवारी शरीफ में रहस्यमय ढंग से बच्चा लापता, मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय गंज मोहल्ले से एक 10 वर्षीय बालक के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। बालक के लापता होने के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर मां ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



***क्या है पूरा मामला?***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय गंज निवासी हिंदू देवी एक निजी अस्पताल में दाई का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। 11 जून की सुबह करीब 3 बजे वह अपने काम पर चली गई थीं। उस वक्त सूरज कुमार (10 वर्ष) समेत उनके अन्य बच्चे घर पर ही थे। मां के काम पर जाने के लगभग छह घंटे बाद यानी सुबह करीब 9 बजे सूरज घर से बाहर निकला, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। जब मां काम से घर लौटीं, तो अन्य बच्चों से सूरज के लापता होने की जानकारी मिली।परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में बालक की सघन तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। थक-हारकर परिजनों ने फुलवारी शरीफ थाने में इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी है। लापता बालक सूरज कुमार गोरे रंग का है। लापता होने के समय उसने गुलाबी रंग की टी-शर्ट, काले रंग की जींस पैंट और हवाई चप्पल पहन रखी थी। पुलिस ने आसपास के थानों को भी बच्चे के लापता होने की सूचना भेज दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगालने की तैयारी कर रही है ताकि बालक के जाने की दिशा का पता चल सके। परिजनों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को सूरज कुमार के संबंध में कोई भी जानकारी मिले, तो वे तत्काल फुलवारी शरीफ थाना या उनके परिवार के सदस्यों से संपर्क करें। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# बागबेड़ा जलापूर्ति योजना शुरू करने की मांग को लेकर धरना, 15 दिनों में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन होगा तेज : किशोर यादव

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर के बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना को अविलंब पूर्ण कर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग को लेकर रविवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन के समीप ग्रामीण विकास संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के संचालक एवं पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लेकर वर्षों से लंबित जलापूर्ति योजना के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की और इसे शीघ्र चालू करने की मांग उठाई।




धरना को संबोधित करते हुए किशोर यादव ने कहा कि बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना लगभग 11 वर्षों से अधूरी पड़ी हुई है। इस योजना को लेकर समय-समय पर प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा कई घोषणाएं और आश्वासन दिए गए, लेकिन आज तक क्षेत्र की जनता को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में यह दावा किया गया था कि 14 जून से बागबेड़ा क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी, जिससे लोगों में उम्मीद जगी थी। हालांकि निर्धारित तिथि बीत जाने के बावजूद योजना से जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी, जिससे लोगों में निराशा और आक्रोश बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि बागबेड़ा क्षेत्र की बड़ी आबादी आज भी गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रही है। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक विकट हो जाती है। लोगों को पीने के पानी के लिए चापाकलों, टैंकरों और अन्य वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। कई परिवारों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन वर्षों से यह योजना अधर में लटकी हुई है।

किशोर यादव ने कहा कि बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए जीवनरेखा साबित हो सकती है। योजना के पूर्ण होने के बाद लोगों को नियमित रूप से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे जलजनित बीमारियों में भी कमी आएगी। इसके बावजूद परियोजना को पूरा करने में लगातार हो रही देरी चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि यदि योजना में कोई तकनीकी अथवा प्रशासनिक बाधा है तो उसे तत्काल दूर कर जलापूर्ति शुरू की जाए।

धरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जनता अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होगी। पिछले कई वर्षों से योजना के नाम पर केवल तारीखें दी जाती रही हैं, लेकिन धरातल पर अपेक्षित परिणाम नहीं दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है और लोग अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने को मजबूर हो रहे हैं।

ग्रामीण विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि बागबेड़ा, हरहरगुट्टू तथा आसपास के इलाकों में रहने वाले हजारों परिवार इस योजना के पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। योजना शुरू नहीं होने से लोगों में प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है। समिति ने मांग की कि संबंधित विभाग योजना की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक करे तथा यह स्पष्ट बताए कि जलापूर्ति शुरू होने में और कितना समय लगेगा।

धरना के अंत में किशोर यादव ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले 15 दिनों के भीतर बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना को चालू नहीं किया गया तो ग्रामीण विकास संघर्ष समिति आंदोलन को और तेज करेगी। आवश्यकता पड़ने पर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति के लिए प्रशासन और संबंधित विभाग पूरी तरह जिम्मेदार होंगे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि जल्द समाधान नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।

# पटना के उलार पहुंचे नवनिर्वाचित एमएलसी अरविंद शर्मा, कार्यकताओं ने उत्साह पूर्वक किया भव्य स्वागत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य अरविंद शर्मा (सूर्य कुमार शर्मा) का रविवार को पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत दुल्हिन बाजार प्रखण्ड स्थित ऐतिहासिक उलार्क सूर्य मंदिर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। एमएलसी निर्वाचित होने के बाद अपने क्षेत्र के प्रथम आगमन पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता ने फूल-मालाओं की वर्षा और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। उलार सूर्य मंदिर की पावन भूमि पर आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को तो रेखांकित किया ही, साथ ही स्थानीय राजनीति में अरविंद शर्मा के प्रति लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं के अपार उत्साह को भी प्रदर्शित किया। ज्ञात हो कि अरविंद शर्मा हाल ही में बिहार विधान परिषद के उपचुनाव में निर्विरोध चुने गए हैं और उच्च सदन के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ले चुके हैं। स्वागत समारोह में क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर भाजपा के पालीगंज विधानसभा संयोजक नारायण शर्मा, शिवेंद्रधारी शर्मा, कुन्दन कुमार, सिंधु सिंह, अभिमन्यु कुशवाहा, लवकुश कुमार, राघवेंद्र शर्मा, उत्तम कुमार, अजेश सिंह, सूरजमोहन शर्मा, मनोज सिंह, विनय कुमार और सनातन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में अरविंद शर्मा ने उलार वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। कार्यकताओं ने विश्वास जताया कि उनके विधान परिषद सदस्य बनने से क्षेत्र की समस्याओं को उच्च स्तर पर बेहतर तरीके से रखा जा सकेगा और विकास की योजनाओं को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने उन्हें क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अपेक्षाएं भी साझा कीं। पूरे क्षेत्र में एमएलसी के इस प्रथम आगमन को लेकर दिन भर चचाओं का दौर चलता रहा और कार्यकताओं का जोश देखते ही बनता था।



# पटना के दुल्हिन बाजार में योजना विकास मंत्री ने किया 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिला के दुल्हिन बाजार प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को आयोजित एक गरिमामयी समारोह के बीच बिहार सरकार के योजना विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने 20 सूत्री कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति देने और जन-कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा का स्थानीय कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। उद्घाटन के बाद मंत्री ने कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि 20 सूत्री कार्यालय का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना है। उन्होंने अधिकारियों और कार्यकताओं को निर्देश दिया कि क्षेत्र के विकास में कोई कोताही न बरती जाए और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पारदर्शी तरीके से पहुँचे।उद्घाटन समारोह में राजनीतिक दलों के कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष जसवंत कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर कुशवाहा, जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, डॉ. शक्ति कुमार शोला और नंदकिशोर कुशवाहा ने विशेष रूप से भाग लिया। वहीं, भाजपा की ओर से वरिष्ठ नेता अशोक कुमार वर्मा और भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि इस कार्यालय के खुलने से अब प्रखंड क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और विकास योजनाओं की निगरानी में तेजी आएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए, जिससे पूरा प्रखंड परिसर जनसमूह से भरा रहा।




# शुभ कर्मों का फल है मानव जीवन-विधानिधि आर्य

**समाज जागरण**

गोड्डा मेंहरमा ईश्वर,जीव और प्रकृति तीनों अनादी सत्ता है। मूल प्रकृति से संसार की रचना हुई है। इसमें रजो,तमो और सतो गुण समाया हुआ है। जीवात्मा का नाश नहीं होता है, कर्मों के अनुसार वह शरीर धारण करता है। यह बातें आर्य समाज के वैदिक पुरोहित विद्यानिधि आर्य ने रविवार आर्य समाज मंदिर चपरी में सार्वजनिक रूप से आयोजित साप्ताहिक वैदिक हवन



यज्ञ और प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य कर्म करने के लिए स्वतंत्र और फल पाने के लिए परतंत्र है। परमात्मा अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित करते हैं। जो ईश्वर की व्यवस्था को समझता है, वह बुरा कर्म नहीं करता है। कहा कि मनुष्य सुख प्राप्त करना चाहता है,जबकि उसका लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति होना चाहिए। इसके लिए उसे अध्यात्मिक विद्या को समझना और जीवन में अच्छे कर्म करना होता है।कहा कि भौतिक जीवन से हजार गुना अधिक लाभ आध्यात्मिक जीवन से मिलता है। अगला जीवन भी ठीक-ठीक हो, इसलिए मनुष्य को सभी शुभ काम करने पड़ते हैं। दिनचर्या भी ठीक करना पड़ता है। प्रत्येक दिन सुबह और शाम संध्या अर्थात ब्रह्म यज्ञ, ईश्वर स्तुति प्रर्थना उपासना करने पर बल दिया। कहा कि यज्ञ हमारा सबसे श्रेष्ठ पूजा पद्धति है।कहा कि मनुष्य का भोजन खाद्य पदार्थ जबकि जीवात्मा का भजन ज्ञान और आनंद है। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ परमेश्वर के नाम ओउम् की ध्वनि से किया गया।इस अवसर पर सुबोध कुमार आर्य, खुशबू कुमारी, प्रगति आर्या,सृष्टि आर्या, धनेश्वर प्रसाद,पत्रकार अनिल आनंद, नकुल साह, जिछेन्द्र साह, राजकुमार साह सहित अन्य उपस्थित थे।

# पटना के फुलवारी शरीफ में शराब के अड्डे पर मजदूर की संदिग्ध मौत

## गर्म पानी डालकर हत्या का आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ प्रखंड अंतर्गत मैनपुर अंडा पंचायत के मंझौली मुसहरी में रविवार को एक मजदूर की दर्दनाक मौत के बाद इलाके में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान मंझौली गांव निवासी टोनी राम (45



वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों ने स्थानीय स्तर पर अवैध शराब कारोबारियों पर टोनी राम की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि टोनी राम रविवार को गांव में चल रहे अवैध शराब के अड्डे पर गया था। वहां किसी बात को लेकर शराब कारोबार से जुड़े लोगों के साथ उसका विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद आरोपितों ने टोनी राम के साथ मारपीट की और फिर उसके शरीर पर खौलता हुआ गर्म पानी डाल दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने लक्ष्मणिया देवी, मिंता देवी और अन्य पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है। घटना के बाद मंझौली मुसहरी में भारी तनाव व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद मंझौली, गोविंदपुर और कुरकुरी जैसी मुसहरी बस्तियों में खुलेआम शराब बनाई और बेची जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस अवैध कारोबार के कारण क्षेत्र में आए दिन मारपीट और हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन की ढिलाई के कारण इनका धंधा फल-फूल रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए मिलीभगत की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, अभी परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। टोनी राम अपने पीछे पत्नी, दो बेटे और दो बेटियों को छोड़ गया है। इस असामयिक मौत ने एक गरीब परिवार की खुशियां उजाड़ दी हैं, वहीं पूरे इलाके में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है।

# राज्यसभा चुनाव से पहले झारखंड में सियासी घमासान, कांग्रेस ने किया क्रॉस वोटिंग का दावा; भाजपा ने बताया हार की बौखलाहट

**समाज जागरण**

रांची। झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। 18 जून को होने वाले मतदान और उसी दिन मतगणना से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चरम पर पहुंच गया है। दो सीटों के लिए तीन दिग्गज उम्मीदवार मैदान में होने के कारण चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है और सभी दल अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

इसी बीच कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के एक बयान ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। राजेश ठाकुर ने दावा किया कि महागठबंधन राज्यसभा चुनाव में अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई विधायक अपनी पार्टी से नाराज हैं और उम्मीदवारों के चयन को लेकर असंतोष का माहौल है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा के 10 से 12 विधायक क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं और गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर सकते हैं। राजेश ठाकुर के इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चचाओं का दौर तेज हो गया है।

वहीं, कांग्रेस के इस दावे पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस नेताओं को लगता है कि भाजपा के 10 से 12 विधायक उनके संपर्क में हैं, तो वे उन्हें अपने साथ लेकर चले जाएं।

नवीन जायसवाल ने कहा, "भाजपा के विधायक पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं। पार्टी जो निर्णय लेती है, सभी विधायक उसके साथ मजबूती से खड़े रहते हैं। राजेश ठाकुर इस तरह के बयान देकर अपने विधायकों को संदेश देना चाहते हैं कि यदि वे कहीं और जाने की सोच रहे हैं तो भाजपा के विधायक भी उनके संपर्क में हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस को अपनी हार का डर सता रहा है और इसी बौखलाहट में इस तरह के बयान दिए जा रहे हैं। भाजपा का दावा है कि उसके सभी विधायक एकजुट हैं और पार्टी के पक्ष में ही मतदान करेंगे।


अब सबकी निगाहें 18 जून पर टिकी हैं, जब मतदान और मतगणना के बाद यह साफ हो जाएगा कि झारखंड की इस हाई-प्रोफाइल राज्यसभा जंग में किसकी रणनीति सफल होती है और किसके दावे हवा साबित होते हैं।

# आज का मौसम: झारखंड के कई जिलों में आंधी-तूफान और वज्रपात का अलर्ट, IMD ने जारी किया येलो अलर्ट

**समाज जागरण**

रांची। झारखंड में मानसून की दस्तक से पहले मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई जिलों में आज गरज-चमक के साथ बारिश, तेज हवाएं और वज्रपात की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 34 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 29 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। एक ओर जहां कई जिलों में बारिश से लोगों को राहत मिलेगी, वहीं कुछ इलाकों में उमस और गर्मी का असर भी बना रहेगा।



**इन जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना**

रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार संताल परगना और पूर्वी झारखंड के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद, गिरिडीह और बोकारो सहित कई जिलों में अच्छी बारिश के आसार हैं।

इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में भी कहीं-कहीं तेज गरज-चमक के साथ वर्षा हो सकती है। रांची, खूंटी और गुमला जिलों में भी बादल गरजने और वज्रपात की आशंका जताई गई है।

**इन जिलों में सताएगी गर्मी**

बारिश के बीच राज्य के पश्चिमी हिस्सों में गर्मी का असर बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक पलामू और गढ़वा समेत कुछ जिलों में अधिकतम तापमान अपेक्षाकृत अधिक रहने की संभावना है, जिससे लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

# चारा घोटाले से जुड़े 38 लाख के जेवर फिलहाल नहीं लौटेंगे, झारखंड हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर लगाई रोक

**समाज जागरण**

रांची। बहुचर्चित चारा घोटाले से जुड़े एक मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने तत्कालीन पशुपालन विभाग के अधिकारी रहे एस.बी. सिन्हा के आवास से जब्त करीब 38 लाख रुपये मूल्य के जेवरात को वापस लौटाने संबंधी निचली अदालत के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने एस.बी. सिन्हा के पुत्र रवि सिन्हा समेत अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत का यह आदेश चारा घोटाले की जांच के दौरान जब्त की गई संपत्तियों के स्वामित्व और वैधता को लेकर चल रहे विवाद के बीच आया है।

दरअसल, चारा घोटाले की जांच के दौरान सीबीआई ने तत्कालीन पशुपालन विभाग के अधिकारी एस.बी. सिन्हा के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उनके घर से लाखों रुपये मूल्य के कीमती आभूषण बरामद किए गए थे। हाल ही में सीबीआई की विशेष अदालत ने इन आभूषणों को उनके परिजनों को वापस सौंपने का आदेश दिया था।




निचली अदालत के इसी आदेश को चुनौती देते हुए सीबीआई ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जांच एजेंसी ने अदालत में दलील दी कि जब्त किए गए जेवरात घोटाले की कथित अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति हो सकते हैं, इसलिए मामले के अंतिम निपटारे से पहले इन्हें वापस नहीं किया जाना चाहिए।

सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अदालत को बताया गया कि 13 और 14 मई 1999 को एस.बी. सिन्हा के आवास से इन आभूषणों को जब्त किया गया था। एजेंसी के अनुसार, एस.बी. सिन्हा का निधन वर्ष 1999 में हो गया था, जबकि उनकी पत्नी रमा सिन्हा का निधन वर्ष 2011 में हुआ। सीबीआई ने यह भी कहा कि रमा सिन्हा ने अपने जीवनकाल में इन जेवरों पर स्त्रीधन के रूप में कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया था।

हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई में यह तय होगा कि जब्त किए गए जेवरात पर कानूनी अधिकार किसका बनता है और उन्हें वापस लौटाया जाएगा या नहीं।

गौरतलब है कि देश के सबसे चर्चित वित्तीय घोटालों में शामिल चारा घोटाले से जुड़े मामलों की सुनवाई अब भी विभिन्न अदालतों में जारी है और समय-समय पर इससे जुड़े नए कानूनी पहलू सामने आते रहे हैं।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित : डॉ. दिलीप जायसवाल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंन।**



14 जून। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, मझिया में आयोजित प्रेसवार्ता में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहे हैं तथा इस दौरान भारत ने विकास, आधारभूत संरचना, सामाजिक समावेशन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है।

डॉ. जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र को आधार बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है। कृषि क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिए किसानों को आर्थिक सहायता और बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत हुआ है, जिससे गांवों की शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजारों तक पहुंच आसान हुई है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, रेलवे के आधुनिकीकरण, वंदे भारत ट्रेनों, मेट्रो नेटवर्क, नए हवाई अड्डों तथा डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने देश के आधारभूत ढांचे को नई मजबूती प्रदान की है। उन्होंने चिनाब रेल पुल, अटल टनल और न्यू पंबन ब्रिज जैसी परियोजनाओं को आधुनिक भारत की पहचान बताया।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना और सुकन्या समृद्धि योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नए एम्स और मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, मिशन इंद्रधनुष के तहत व्यापक टीकाकरण अभियान तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल किया।

उन्होंने कहा कि जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री अभियान तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी ने विश्व पटल पर देश की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल योजनाओं और आंकड़ों की कहानी नहीं हैं, बल्कि आत्मनिर्भर, विकसित, समृद्ध और सुरक्षित भारत के निर्माण की सतत यात्रा हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी गई।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह, जिला प्रभारी राज कुमार राय, जिला उपाध्यक्ष शिशिर कुमार दास, हरिराम अग्रवाल, ज्योति कुमार सोनू, संजय उपाध्याय, जिला महामंत्री कौशल झा, मनीष सिन्हा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुबोध माहेश्वरी, जिला प्रवक्ता राजेश गुप्ता, जिला मंत्री जय किशन प्रसाद, संजय पासवान, संजय श्रीवास्तव, मो. अमानुल्लाह, शुभम राजा सिन्हा, अरविंद मंडल, कौशल आनंद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी देवी, वीणा देवी, मीरा रामदास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न, एसडीएम ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



14 जून। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार द्वारा विज्ञापन संख्या-03/2025 के तहत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षालय के अंतर्गत कक्षपाल तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के पदों पर नियुक्ति हेतु रविवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। जिले के कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं निगरानी के व्यापक प्रबंध किए गए थे। किसी भी परीक्षा केंद्र से कदाचार अथवा अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई तथा किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया।

प्रथम पाली में कुल 4,584 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई, जिनमें 2,084 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 2,500 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कुल 4,584 अभ्यर्थियों में से 2,024 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 2,560 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) अनिकेत कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों तथा अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया।

एसडीएम ने परीक्षा संचालन में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। प्रशासन की सतर्क निगरानी और सुदृढ़ व्यवस्था के कारण परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# रेतुआ नदी पर चचरी पुल बहा, 50 हजार आबादी का संपर्क टूटा; वर्षों से लंबित है स्थायी पुल निर्माण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

14 जून। टेढ़ागाछ प्रखंड के सुदूरवर्ती चिल्हनियां पंचायत स्थित सुहिया रेतुआ नदी पर ग्रामीणों के सहयोग से बनाया गया बांस-बल्ले का चचरी पुल रविवार को बढ़ते जलस्तर में बह गया। नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी में जलप्रवाह तेज होने से यह अस्थायी पुल ध्वस्त हो गया, जिससे करीब 50 हजार की आबादी का आवागमन बाधित हो गया है।



यह चचरी पुल चिल्हनियां पंचायत के अलावा डाकपोखर पंचायत के हवाकोल, मियांपुर, दुगार्पुर, बैगना, चौरी, मटियारी, कलियागंज और झाला समेत दर्जनों गांवों के लोगों के लिए आवागमन का एकमात्र सहारा था। पुल के बह जाने के बाद क्षेत्र के लोगों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय, अस्पताल, बाजार और शैक्षणिक संस्थानों से लगभग कट गया है।

अब लोगों को जान जोखिम में डालकर नाव के सहारे नदी पार करनी पड़ रही है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं, किसानों और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। बरसात के मौसम की शुरूआत में ही पुल बह जाने से आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेतुआ नदी पर स्थायी आरसीसी पुल निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों की उदासीनता के कारण आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप हर वर्ष बरसात आते ही हजारों लोगों को आवागमन संकट का सामना करना पड़ता है।

चिल्हनियां पंचायत के मुखिया मोफत लाल ऋषिदेव ने कहा कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष स्थायी पुल निर्माण का मुद्दा उठाया गया, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बड़ी आबादी आज भी बुनियादी संपर्क सुविधा से वंचित है, जो विकास के दावों पर सवाल खड़ा करता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और सरकार से अविलंब रेतुआ नदी पर स्थायी आरसीसी पुल निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पहल नहीं की गई तो बरसात के पूरे मौसम में हजारों लोगों को भारी कठिनाइयों और जोखिम का सामना करना पड़ेगा।

# चेस क्रॉप्स ओपन शतरंज प्रतियोगिता में रोहन बने चैंपियन, प्रत्युष रहे उपविजेता

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



15 जून। स्थानीय खेल भवन सह व्यायामशाला में रविवार को जिला शतरंज संघ एवं उसके लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चेस क्रॉप्स अकादमी के सौजन्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के लगभग चार दर्जन पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कड़े मुकाबलों से भरपूर इस प्रतियोगिता में पूर्व जिला चैंपियन रोहन कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रत्युष कुमार उपविजेता रहे, जबकि धान्वी कर्मकार, आयुष कुमार एवं केशव मित्तल ने क्रमशः तीसरा, चौथा एवं पांचवां स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। अंडर-7 वर्ग में विदिशा दास, अंडर-9 में आदर्श भास्कर, अंडर-11 में रौनक साहा, अंडर-13 में सुरोनोय दास तथा अंडर-15 वर्ग में केशव मित्तल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इसके अलावा दिव्यांशु कुमार सिंह, सुधांशु सरकार, ऋषभ आनंद, लक्ष्य सिंह, रौनक साहा एवं चंद्रशेखर पाल सहित कई खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं जिला शतरंज संघ के वरीय उपाध्यक्ष आलोक कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज विश्व के सबसे लोकप्रिय एवं मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय इंडोर खेलों में से एक है। भारत के लिए यह गर्व का विषय है कि पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद वर्तमान विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश भी भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से इन महान खिलाड़ियों के संघर्ष और उपलब्धियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं चेस क्रॉप्स अकादमी के प्रमुख कमल कर्मकार ने संयुक्त रूप से बताया कि विजेताओं को मुख्य अतिथि आलोक कुमार के साथ लिटिल क्लाउड स्कूल के निदेशक सुजय कुमार मिश्रा, मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा की अध्यक्ष बासंती अग्रवाल, ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, अररिया के संचालक अभिषेक मिश्रा, वर्षा दफ्तरी, पिंकी भास्कर एवं सुनीता दत्ता दास ने पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच कुल 3,700 रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। प्रतियोगिता के सफल संचालन में टूनार्मेंट डायरेक्टर रोहन कुमार, मुख्य निर्णायक सुधांशु सरकार तथा सहायक निर्णायक रौनक कुमार और राजकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से जिले में शतरंज को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रेड क्रॉस का रक्तदान शिविर आयोजित, 31 यूनिट रक्त संग्रह

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




14 जून। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, किशनगंज द्वारा तेरापंथ भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पदाधिकारी विशाल राज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष शंकर लाल महेश्वरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शिविर का शुभारंभ जिला पदाधिकारी विशाल राज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिकेत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिराज खुसरो एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव मिक्की साहा द्वारा रक्तदान कर किया गया। अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों के इस प्रेरणादायक कदम से उपस्थित लोगों में रक्तदान के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला।

रक्तदान शिविर में गायत्री परिवार ट्रस्ट, जैन युवा मंडल, गोशाला समिति सह मनोरंजन क्लब तथा तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम सहित कई सामाजिक संगठनों का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर के दौरान कुल 31 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

रक्तदान करने वालों में विकास जैन, गौतम सोमानी, रमेश साहा, बुलंद अख्तर हाशमी, शिवम साहा, सत्यम साहा, प्रबीर प्रसून, नवीन बाफना, अजय सिंह, विनीत दफ्तरी, अमनदीप सिंह, शरद कनोड़िया एवं स्टार हेल्थ के सेल्स मैनेजर अमित भगत सहित अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी विशाल राज ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव मिक्की साहा ने कहा कि जिले में रक्त की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था का प्रयास है कि जिले का कोई भी मरीज रक्त के अभाव में परेशान न हो।

कार्यक्रम का सफल संचालन अजय गुप्ता ने किया। अंत में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, किशनगंज की ओर से सभी रक्तदाताओं, सामाजिक संगठनों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# नबीनगर से 5 वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के अलग अलग अलग थाना क्षेत्र से 5 वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव से फरार चल रहे जितेंद्र सिंह पिता दूधेश्वर सिंह आजमानतीय वारंटी को पुलिस ने उसके घर से दबोचा।इधर नबीनगर थाना क्षेत्र से 4 आजमानतीय वारंटी अरविंद कुमार चंद्रवंशी, हेमंत कुमार चंद्रवंशी, गुलशन कुमार चंद्रवंशी और शक्ति कुमार चंद्रवंशी सभी ग्राम शंकरपुर को पुलिस ने उनलोगों के घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि सभी पर कोर्ट से आजमानतीय वारंट निर्गत था और ये सभी फरार चल रहे थे। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है





# मारपीट के मामले में कुटुंबा पुलिस की कार्रवाई: 2 अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




कुटुंबा (बिहार) अपराधियों के खिलाफ औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना पुलिस का अभियान जारी है। बीएनएस की विभिन्न धाराओं में दर्ज मामले में फरार चल रहे 2 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।कुटुंबा थाना में दर्ज कांड संख्या 79/26 के तहत गंभीर मारपीट, गैर इरादतन हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश से जुड़ी हैं। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सेवा बिगहा, सोहरडीह, थाना कुटुंबा, जिला औरंगाबाद निवासी राजेंद्र पासवान, पिता सरदार पासवान और सुदेश पासवान, पिता स्व. स्वरूप पासवान दोनों एक ही गांव के रहने वाले नामजद अभियुक्त थे। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि कांड में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी लगातार जारी है।

# मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




15 जून। बहादुरगंज। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को बहादुरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने की।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने पर्व को आपसी सद्भाव और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरान मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि मोहर्रम पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

बैठक में नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि वसीकुर्रहमान, सिटी मैनेजर शशि कुमार, वार्ड पार्षद शितुल सिन्हा, बहादुरगंज मोहर्रम कमेटी के अतहर आलम, सरवर अंसारी, मुलाजिम हुसैन, सरपंच तौसीफ आलम, मुखिया प्रतिनिधि तौकीर आलम सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# पटना के परसा बाजार में सड़क किनारे मिला मजदूर का शव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ परसा बाजार थाना क्षेत्र के टरवा मुसहरी के समीप सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुभई गांव निवासी 45 वर्षीय मजदूर लड्डू रविदास के रूप में हुई है। शव मिलने के बाद से ही गांव में तरह-तरह की चचाओं का बाजार गर्म है।शनिवार को टरवा मुसहरी के पास खेतों से सटी सड़क किनारे ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। काफी मशक्कत के बाद मृतक की शिनाख्त लड्डू रविदास के रूप में की गई। लड्डू रविदास पेशे से एक गरीब मजदूर था और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने बताया कि लड्डू रविदास शराब पीने का आदी था।

# पटना में जमीन कारोबारी की हत्या की साजिश नाकाम, हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना जिले के बेउर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक साजिश को समय रहते विफल कर दिया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक जमीन कारोबारी की हत्या करने जा रहे दो बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की नीयत से बाईपास की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बेउर थाना पुलिस ने बाईपास स्थित नेक्सा शोरूम के समीप घेराबंदी कर दी। इसी दौरान केटीएम मोटरसाइकिल (बीआर-01ईवाई-4079) पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोका गया।तलाशी के दौरान पुलिस ने दोनों के पास से घातक हथियार और अन्य सामग्री बरामद की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान परसा थाना क्षेत्र के न्यू एतवारपुर निवासी विशाल कुमार यादव और बेउर थाना क्षेत्र के एतवारपुर निवासी रोहित कुमार यादव के रूप में हुई है। विशाल के पास से एक देशी पिस्तौल, एक एप्पल मोबाइल फोन और 12,920 रुपये नकद मिले, जबकि रोहित के पास से 7.65 एमएम का एक जिंदा कारतूस, एक वीवो मोबाइल फोन और 3,790 रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि दोनों अपराधी हल्लूपुर इलाके में एक जमीन कारोबारी की चारदीवारी गिराने जा रहे थे। योजना के अनुसार, यदि कारोबारी की ओर से कोई विरोध किया जाता, तो वे उसकी हत्या करने वाले थे। पुलिस की सक्रियता के कारण वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। बेउर थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अब उनके आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है और इस साजिश के पीछे के अन्य मास्टरमाइंडों की तलाश में जुटी है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गजना धाम में आर्द्रा मेला' का होगा भव्य उद्घाटन, तैयारियां अंतिम चरण में

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नवीनगर (बिहार )आस्था और परंपरा का महासंगम। पौराणिक महत्व रखने वाले गजना धाम में सालाना लगने वाले सुप्रसिद्ध आर्द्रा मेला की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। इस बार मेला 22 जून से 6 जुलाई तक 15 दिनों तक चलेगा। मेले की सुव्यवस्था और सुरक्षा को लेकर मंदिर परिसर में एक अहम बैठक हुई।बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि 23 जून को शाम 4:00 बजे पूरे विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ आर्द्रा मेले का आधिकारिक उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है।मेले की रणनीति तय करने के लिए आहूत इस विशेष बैठक की अध्यक्षता महंत अवध बिहारी दास ने की। संचालन महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। बैठक में मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी गई। निर्णय लिया गया कि पेयजल,टेंट,लाइटिंग आदि की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। मेले को अनुशासित और सुरक्षित बनाने के लिए क्षेत्र के सभी माननीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं तथा जिला व पुलिस प्रशासन को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। प्रशासनिक सहयोग से भीड़ नियंत्रण और ट्रैफिक व्यवस्था संभाली जाएगी। बैठक में रामजी सिंह, भृगु नाथ सिंह, अरविंद कुमार पासवान, अनिल सिंह, अजित तिवारी, विंध्याचल सिंह, अरुण सिंह, अरुण मेहता, मिथिलेश सिंह, कर्मदेव रजवार, शिव कुमार सिंह, रामराज पासवान, बिनोद ठाकुर, अरविंद सिंह सहित मंदिर समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे।गजना धाम की मान्यता है कि आर्द्रा नक्षत्र में लगने वाले इस मेले में दर्शन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी कारण बिहार-झारखंड के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।